3 **बस्तर संभाग** अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, पति ही निकला हत्यारा, चरित्र शंका...

6 **अभिमत** भारतीय मछुआरों के हितों पर खतरा

10 **संस्कारधानी** घुमका अस्पताल में लापरवाही के चलते...

11 **न्यायधानी** पेसा व वन अधिकार एक्ट आदिवासियों के हित में...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 27 नवम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 98 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### नगरीय निकाय चुनाव के लिये कांग्रेस की चुनाव घोषणा पत्र समिति बनी

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव 2021 के लिये कांग्रेस ने चुनाव घोषणा पत्र समिति बनाई है जिसमें मंत्री मोहम्मद अकबर अध्यक्ष, मंत्री रविन्द्र चौबे, मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, मंत्री अमरजीत भगत, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग सदस्य सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा सदस्य है।

### पुतिन की मौजूदगी में, भारत रूस टू प्लस टू बैठक 6 दिसंबर को दिल्ली में

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की मौजूदगी में भारत एवं रूस के बीच रक्षा एवं विदेश मंत्रियों की पहली टू प्लस टू बैठक छह दिसंबर को यहां होगी तथा इसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पुतिन 21वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत रूस प्रथम टू प्लस टू बैठक में भाग लेने के लिए रूस के विदेश मंत्री सर्गे लावरोव और रक्षा मंत्री सर्गे शोइगु पांच दिसंबर को नयी दिल्ली आ रहे हैं और छह दिसंबर यह बैठक होगी।

### भारत की पहली पारी 345 रन पर सिमटी

**कानपुर।** टिम साउदी (69 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के आगे नतमस्तक भारतीय टीम यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को लंच के बाद पहली पारी में 345 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। ग्रीनपार्क मैदान पर भारत ने अपने कल के स्कोर चार विकेट पर 258 रन से आगे खेलना शुरू किया मगर साउदी के खतरनाक प्रहार के आगे भारतीय टीम कुछ खास नहीं कर सकी और बचे छह विकेट मात्र 87 रन जोड़ कर गंवा दिये। युवा सनसनी श्रेयस अय्यर के पदार्पण टेस्ट पर लगाये गये शतक के अलावा दर्शकों के लिये सुबह के सत्र में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक था।

# स्वयं बारदाना लाने वाले किसानों का धान पहले बिकेगा, भुगतान के साथ ही मिलेगी बारदाने की कीमत

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

धान खरीदी तैयारी की समीक्षा के संबंध में अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों की बैठक में कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने कहा कि किसानों को अपना धान बेचने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी पात्र किसानों का धान खरीदा जाएगा। किसानों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें किसान टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 145 धान खरीदी केन्द्रों में लगभग 80 लाख क्विंटल धान की खरीदी की संभावना है। पिछले वर्ष 1 लाख 96 हजार किसानों ने अपने धान का विक्रय किया था। इस वर्ष 2 लाख 12 हजार 615 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष किसानों की संख्या और धान की मात्रा में बढ़ोत्तरी हुई है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धान बेचने आए किसानों का सभी धान खरीदना है। ऐसे किसान जिन्होंने पिछले वर्ष धान विक्रय किया था और इस वर्ष धान की फसल लगाएं है। यदि त्रुटिवश साफ्टवेयर में रकबा शून्य दिखाता है तो इसे सुधार कर धान का क्रय किया जाएगा। किसानों को इसमें दिक्कत नहीं होनी चाहिए। धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले पटवारी सोसायटी में जाकर मिलान करें। जिन किसानों का रकबा शून्य दिखा रहा है




उसे जांच कर सुधार किया जाए। किसानों की समस्याओं को संवेदनशीलता और सहजता से निराकरण करना राजस्व अधिकारियों का प्रमुख कार्य है। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में बारदाना, पानी, छाया, ड्रेनेज, आर्द्रतामापी यंत्र, कांटा-बांट सहित सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**अपना बारदाना लाने वाले किसान पहले :** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि किसान पहले दिन से ही अपने बारदाने में धान का विक्रय करेंगे। उन्हें 25 प्रतिशत बारदाना लाना होगा। स्वयं के बारदाने वाले किसानों को धान खरीदी में प्राथमिकता दी जाएगी। किसानों को 18 रूपए प्रति बारदाना की दर से भुगतान किया जाएगा। धान के भुगतान के साथ ही बारदाने की राशि भी प्राप्त होगी। बारदाने के लिए सुपरवाईजर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीडीएस और स्वसहायता समूह से बारदाना एकत्रित कर एन्ट्री करना सुनिश्चित करें।

### पहले ही दिन से होगा उठाव

कलेक्टर ने जानकारी दी कि धान खरीदी केन्द्र में प्रारंभ से ही धान का उठाव किया जाएगा, जिससे जाम होने की स्थिति नहीं होगी। धान खरीदी के समय धान की गुणवत्ता, नमी पर विशेष ध्यान रखा जाए। धान को चबूतरे पर ड्रेनेज बनाकर स्टेकिंग कर प्रारंभ से रखा जाए। जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। शिकायत मिलने पर राजस्व अधिकारी इसकी जांच करें और समस्याओं का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों एवं जिले से धान नहीं आना चाहिए। चेक पोस्ट और कोचियों पर कड़ाई से निगरानी रखें। अवैध धान पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई करें। सभी राजस्व अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करें।

## परिवारिक राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए खतरा : मोदी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवार आधारित राजनीतिक दलों को लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त घोषित लोगों का महिमामंडन युवाओं को गलत रास्ते पर चलने के लिए उकसाता है। मोदी ने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में सविधान दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत के हर हिस्से में परिवार आधारित राजनीतिक दलों का वर्चस्व बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा है। इसके लिए देशवासियों को जागरूक करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक ही परिवार के कई सदस्यों के राजनीति में आने के खिलाफ नहीं है लेकिन यह योग्यता के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह परिवार आधारित राजनीतिक दल अपना लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके हैं, तो इनसे लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की रक्षा करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। परिवार आधारित राजनीतिक दल पीढ़ी दर पीढ़ी चलते हैं और यह लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते। ऐसे राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा है । उन्होंने कहा कि ऐसे राजनीतिक दल बहुत बड़ी चिंता का विषय है।

## निलंबित आईपीएस जीपी सिंह की याचिका को हाईकोर्ट ने किया खारिज

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



निलंबित आई पी एस अधिकारी जीपी सिंह को हाईकोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। जीपी सिंह ने अंतरिम राहत की मांग करते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी उसे ख़ारिज कर दिया है। आईपी सिंह ने आय से अधिक संपत्ति मामले में दर्ज एफ आई आर को चुनौती देते हुए अंतरिम राहत देने की मांग की थी। याचिका में जांच तक गिरफ्तारी पर रोक लगाने कि मांग की थी। इसके साथ ही शासन से 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि आई पीएस जीपी सिंह ने आय से अधिक संपत्ति मामले में दर्ज एफआइआर को चुनौती देते हुए अंतरिम राहत देने की मांग की थी। मामले की सुनवाई जस्टिस रजनी दुबे की बेंच में चल रही है। कोर्ट ने शुक्रवार को फॉर प्रोनाउंसमेंट ऑफ जजमेंट के तौर पर मामले को लिस्टेड किया था। आईपीएस जीपी सिंह ने अपने अधिवक्ता आशुतोष पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में नई याचिका पेश की है। जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने वाले केस को चुनौती देते हुए कहा है कि एफआईआर से पहले शासन ने कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया है। ऐसे में आपराधिक प्रकरण निरस्त किया जाना चाहिए। उनके वकील ने कोर्ट को बताया कि धारा 17 (क) के तहत एफआईआर से पहले सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमति लेना जरूरी है। इसी तरह केंद्रीय कार्मिक विभाग से भी अनुमति लेनी थी,

## दलितों पर हमले बढ़े, सरकार कुछ नहीं कर रही : प्रियंका

एजेंसी ◄ प्रयागराज
www.dailypioneer.com



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रयागराज के गोहरी गांव पहुंचीं जहां एक ही परिवार के चार दलितों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई है। प्रियंका ने पीड़ितों से करीब चालीस मिनट तक बातचीत की। इस दौरान जमीन पर ही बैठकर प्रियंका ने उनकी बातें सुनीं। वहां से निकलने के बाद सरकार पर हमला बोला। प्रियंका गांधी ने कहा कि दलितों और किसानों पर हमले बढ़े हैं। सरकार कुछ कर नहीं पा रही है। प्रियंका जिस दौरान पीड़ितों के पास पहुंचीं, पुलिस ने घेराबंदी करके गांव वालों को काफी दूर कर दिया। प्रियंका गांधी के साथ कुछ अधिकारी और उनके साथ आए कांग्रेस के नेता ही पीड़ितों तक पहुंचे। प्रियंका गांधी ने कहा कि पूरा परिवार दहशत के साये में है। परिवार में केवल महिलाएं हैं। पुरुष झारखंड में मजदूरी करते हैं। इन महिलाओं को नहीं पता कि अकेले क्या करें। कोई भी आकर इन्हें परेशान कर सकता है। पुलिस ने इनकी मदद नहीं की। दो पुलिस वालों को यहां से हटा दिया गया है। महिलाएं बताती हैं कि जब वे शिकायत करने जाती थीं तो पुलिसकर्मी उनका मजाक उड़ाते थे। प्रशासन इस पर चुप कैसे हो सकता है? प्रियंका गांधी के साथ यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय लल्लू, पीएल पुनिया समेत कई दिग्गज नेता भी साथ रहे। फाफामऊ के गोहरी गांव में गुरुवार को एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या हुई थी।

## कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बिना कमीशन के नहीं होता था रक्षा सौदा : नड्डा

एजेंसी ◄ इम्फाल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस पर हमला करते आरोप लगाया है कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में रक्षा सौदे में हुए घोटाले हुए और उस दौरान बिना कमीशन के कोई रक्षा सौदा नहीं होता था। इससे हमारे रक्षा बलों को बहुत नुकसान हुआ था। शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष ने यहाँ खेल जगत के लोगों और पूर्व सैनिकों के साथ अलग-अलग संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने से पहले कांग्रेस नेतृत्व की सरकार के 10 वर्षों में कोई रक्षा खरीद ही नहीं हुई थी। फौजियों के पास बुलेट प्रूफ जैकेट तक नहीं था। कांग्रेस सरकार ने देश की रक्षा को संकट में डाल रखा था। भारतीय फ़ौज को इसकी बड़ी खामियाजा भुगतना पड़ा। नड्डा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व की सरकार आने बाद भारतीय सेना के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। मौजूदा सरकार के कार्यकाल में 36 राफेल लड़ाकू विमानों को भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया है। 28 अपाचे हेलीकॉप्टर और 15 चिनूक हेलिकॉप्टर खरीदे गए हैं। एमआरएसएएम और आर्टिलरी गन खरीदी गई हैं। 1.86 लाख बुलेट प्रूफ जैकेट बने हैं। पांच लाख असॉल्ट राइफलें भी लाई गई हैं। ये खरीदारी 22 वर्ष बाद की गई है। उन्होंने कहा पहले पाकिस्तान से जब सीमावर्ती क्षेत्रों में गोलीबार होती थी तो दिल्ली तक संदेश पहुँचने में बहुत समय लगता था और दिल्ली से भी केवल प्रतीक्षा करो और देखो का संदेश दिया जाता था, लेकिन अब भारत अपनी सरहदों की सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। सीमापार से गोली चलती है तो सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके जवाब दिया जाता है।

### संवैधानिक व्यवस्था को ध्वस्त कर रही है सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** संविधान दिवस पर आयोजित सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेने पर कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार निरंतर संवैधानिक संस्थाओं पर चोट पहुंचा रही है, संविधान में प्रदत नियमों का उल्लंघन कर संवैधानिक व्यवस्था को ध्वस्त किया जा रहा है इसलिए कांग्रेस तथा अन्य कई विपक्षी दलों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकारी कार्यक्रमों में विपक्ष को महत्व नहीं मिलता और उन्हें नजरअंदाज किया जाता है। संसद सत्र के कुछ दिन पहले अध्यादेश लाकर कानून बनाया जा रहा है जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए लेकिन यह सरकार लगातार संसदीय परंपरा को नुकसान पहुंचा रही है।

## मतभेदों को भुला कर राष्ट्रहित तथा जनसेवा के उद्देश्य को पूरा करें जनप्रतिनिधि : कोविंद

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संविधान दिवस के मौके पर सभी जनप्रतिनिधियों से मतभेदों को पीछे छोड़ते हुए राष्ट्रहित तथा जनसेवा के वास्तविक उद्देश्य के प्रति कार्य करने का आह्वान किया। कोविंद ने संविधान की 72 वीं वर्षगांठ के मौके पर संसद के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम-सभा, विधान-सभा और संसद के निर्वाचित प्रतिनिधियों की केवल एक ही प्राथमिकता होनी चाहिए। वह प्राथमिकता है - अपने क्षेत्र के सभी लोगों के कल्याण के लिए और राष्ट्र-हित में कार्य करना। उन्होंने कहा कि विचारधारा में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन कोई भी मतभेद इतना बड़ा नहीं होना चाहिए कि वह जन सेवा के वास्तविक उद्देश्य में बाधा बने। सत्ता-पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों में प्रतिस्पर्धा होना स्वाभाविक है , लेकिन यह प्रतिस्पर्धा बेहतर प्रतिनिधि बनने और जन-कल्याण के लिए बेहतर काम करने की होनी चाहिए। तभी इसे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा माना जाएगा। संसद में प्रतिस्पर्धा को प्रतिद्वंद्विता नहीं समझा जाना चाहिए। इस मौके पर उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, केन्द्रीय मंत्री , सांसद तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। राष्ट्रपति ने संसद को लोकतंत्र का मंदिर करार देते हुए कहा कि हर सांसद की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह लोकतंत्र के इस मंदिर में श्रद्धा की उसी भावना के साथ आचरण करें जिसके साथ वे अपने पूजा-गृहों और इबादत-गाहों में करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष वास्तव में, लोकतंत्र का सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। सच तो यह है कि प्रभावी प्रतिपक्ष के बिना लोकतंत्र निष्प्रभावी हो जाता है। सरकार और प्रतिपक्ष, अपने मतभेदों के बावजूद, नागरिकों के सर्वोत्तम हितों के लिए मिलकर काम करते रहें, यही अपेक्षा की जाती है।

### विदेश मंत्रालय ने किया पाकिस्तानी राजनयिक को तलब

**नई दिल्ली।** भारत ने 13 वर्ष पहले आज के दिन मुंबई के आतंकवादी हमलों की बरसी पर पाकिस्तानी उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब करके इस हमले के गुनाहगारों पर त्वरित गति से मुकदमा चलाने एवं अविलंब सज़ा दिलाने को कहा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में कहा कि भारत के लिए आज का दिन बहुत खास दिन है। हमने पाकिस्तान के वरिष्ठ राजनयिक को तलब करके एक आधिकारिक संदेश के माध्यम से 26 नवंबर के मुंबई हमले के गुनाहगारों को शीघ्र सजा दिलाने की बात फिर से दोहरायी है। हमारी अपेक्षा है कि पाकिस्तान सरकार इस बारे में शीघ्र कदम उठाये तथा पाकिस्तान की धरती का भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाने की अनुमति नहीं देने के संकल्प को पूरा करे।

**दलितों के मंदिर में प्रवेश और छुआछूत भेदभाव को दूर करने में बलौदाबाजार का भी योगदान उल्लेखनीय**

# 88 वर्ष पूर्व स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बापू पहुंचे थे बलौदाबाजार

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में बलौदाबाजार का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। आजादी की लड़ाई के दौरान आज से 88 वर्ष पूर्व 26 नवंबर 1933 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी अपने द्वितीय छत्तीसगढ़ यात्रा के दौरान बलौदाबाजार नगर पहुँचे थे। उन्होंने इस दौरान पुरानी मंडी प्रांगण में विशाल जनसभा को संबोधित किया। तत्पश्चात परिसर में ही स्थित कुएं से दलित युवक के हाथों पानी निकलवा कर पिया था। मंडी प्रांगण कार्यक्रम के पश्चात महात्मा गांधी पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन मावली माता मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद तत्कालीन जगन्नाथ मंदिर (वर्तमान गोपाल मंदिर) पहुंचे। जहां उन्होंने अपने साथ आये हुए कुछ दलितों के साथ मंदिर में प्रवेश कर पूजा अर्चना कर छुआछूत के भेदभाव को दूर करने का संदेश दिए। जिसकी चर्चा ना केवल प्रदेश में बल्कि देश में भी हुई। इस दौरान उनके साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रघुनाथ प्रसाद केसरवानी के अलावा मनोहर दास वैष्णव,पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, पंडित महावीर प्रसाद, बलदेव प्रसाद पांडेय, राजेन्द्र कुमार वर्मा, देवी दास तिवारी, वीरेंद्र नाथ बेनर्जी, रामकुमार पांडेय समेत आदि मौजूद थे। इस पूरे घटनाक्रम की स्मृतियां आज भी शहर में मौजूद है। इस यात्रा के दौरान वे रायपुर से सारागांव, खरोरा,पलारी होते हुए 26 नवंबर 1933 को सड़क मार्ग से बलौदाबाजार पहुंचे थे। पूरे घटनाक्रम को नजदीक से देखने वाले बलौदाबाजार के सदर बाजार निवासी 97 वर्षीय भगवती प्रसाद गुप्ता ने बताया कि उस समय मेरी उम्र लगभग 10 वर्ष था। हम सभी दोस्त खेलते कूदते कार्यक्रम में पहुंच गये थे। वे बताते है कि बहुत भीड़ था,गांधीजी क्या बोले वह तो मुझें याद नहीं पर वह मंच में बने पाटा में दोनों हाथों को पीछे टेक कर बैठे थे। उन्होंने आगे कहा कि उस दौरान बलौदाबाजार को बैल- बौधाबाजार के नाम से जाना जाता था। पूरा देश हर्षोल्लास के साथ आजादी के 75 वीं वर्षगांठ को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। उसमें बलौदाबाजार का भी योगदान उल्लेखनीय है।



### गांधी स्मृति स्थलों को संजोकर किया जाएगा संरक्षित : कलेक्टर

कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला ने बलौदाबाजार में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के यात्रा स्मृति स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुरानी मंडी परिसर में स्थित कुएं का अवलोकन किया, जहां से अनुसूचित जाति के युवा से कुएं से पानी निकालकर पानी पिया था। इसी तरह अनुसूचित जाति के लोगों के लिए मंदिर प्रवेश कराने के लिए जिस गोपाल मंदिर में उन्होंने प्रवेश किया था उसका भी कलेक्टर-एसी ने अवलोकन किया। मंडी परिसर को देखने के दौरान उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति को सजीव बनाएं रखने के लिए इस पूरे स्थल को धरोहर के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए मंडी सचिव एवं सीएमओ बलौदाबाजार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। साथ ही मंडी सचिव को कुएं की सफाई, जालीदार लोहे के ग्रिल से ढंकवाने एवं सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रवास के समय उपस्थित नगर के एक मात्र जीवित साक्षी रहे 97 वर्षीय भगवती प्रसाद गुप्ता के निवास जाकर उनसे भेंट की तथा उनका शाल एवं श्रीफल से अभिनंदन किया एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान भगवती प्रसाद ने कलेक्टर-एसपी को संस्मरण साझा किया। कलेक्टर जैन ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ऐसे स्थलों का चिह्नांकन कर उनके संरक्षण की आवश्यकता को बताया। साथ ही आने वाले पीड़ी को इनसे प्रेरणा एवं जानकारी मिलेगी कहा। उन्होंने आगे कहा कि 10 दिसंबर के बाद नगर के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ चर्चा कर आम सहमति से स्मृति स्थल के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी। इस दौरान ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी सेवानिवृत्त प्राध्यापक एस एम पाध्ये ने दी । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की, बलौदाबाजार एसडीएम प्रतिष्ठा ममगाईं समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### अफगानिस्तान के लोगों तक मानवीय सहायता बिना किसी बाधा बिना राजनीति के पहुंचे : जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने अफगानिस्तान को 50,000 टन गेहूं की आपूर्ति की पेशकश की है और रूस-भारत-चीन (आरआईसी) देशों से यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया है जिससे अफगानिस्तान के लोगों तक मानवीय सहायता 'बिना किसी बाधा और राजनीति के' पहुंचे। जयशंकर की यह टिप्पणी उस समय आयी जब पाकिस्तान ने भारत से अफगानिस्तान में 50,000 टन गेहूं और दवाओं को ले जाने वाले ट्रकों के मार्ग को अवरुद्ध किया और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात के शीर्ष अधिकारियों के व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने के बाद ही ट्रकों को गुजरने की अनुमति देने पर सहमत हुआ है। इमरान ने कहा कि वह भारत की ओर से भेजी गई इस खेप को 'असाधारण आधार' पर यहां से गुजरने देंगे। जयशंकर ने आरआईसी के विदेश मंत्रियों की बैठक की 18वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आईआईसी देशों को आतंकवाद, कट्टरपंथ और मादक पदार्थों की तस्करी के खतरों को देखते हुए अपने-अपने दृष्टिकोण से समन्वय स्थापित करने की जरूरत है।

# आदिवासियों, किसानों और वंचितों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : अकबर

## 'भारत में जनजातीय संक्रमण : मुद्दे, चुनौतियां और आगे की राह' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- छत्तीसगढ़ सरकार जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत : टेकाम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के वन एवं विधि विधायी मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि आदिवासियों, किसानों और वंचितों का कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। राज्य सरकार द्वारा आदिवासियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और उनकी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अकबर ने 'भारत में जनजातीय संक्रमणः मुद्दे, चुनौतियां और आगे की राह' ('ट्रायबल ट्रांजिशन इन इंडियाः इश्यूज, चैलेंजेस एण्ड रोड अहेड') विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए इस आशय के विचार प्रकट किए।

इस राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे, लेकिन उनकी व्यस्तता के कारण वन मंत्री अकबर ने इस राष्ट्रीय सम्मेलन को मुख्यमंत्री बघेल के प्रतिनिधि के रूप में मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सम्बोधित किया। वन मंत्री ने इस अवसर पर सभी लोगों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (ट्रायबल रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) और ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान के सहयोग से वर्चुअल मोड में किया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के आदिमजाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता सतीश चन्द्र वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में एचएनएलयू रायपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. वी.सी. विवेकानंदन और रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉ. उदय शंकर भी उपस्थित थे।

वन मंत्री अकबर ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित उनकी संस्कृति और परम्पराओं को सहेजने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने साकार करने के लक्ष्य को लेकर अनेक नीतियों और योजनाएं प्रारंभ की हैं। सुराजी गांव योजना, नरवा, गरवा, घुरूवा, बाड़ी कार्यक्रम, गोधन न्याय योजना जैसी योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और आदिवासियों का जीवन स्तर ऊंचा उठा है। अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन अधिकार कानून को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करते हुए व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पट्टों के साथ ग्राम सभाओं को वन संसाधन के अधिकार भी दिए गए हैं। लघु वनोपजों के समर्थन मूल्य में वृद्धि के साथ खरीदी जाने वाली लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर 52 की गई है। साथ ही लघु वनोपजों के वेल्यू एडिशन के कार्य में हजारों की संख्या से आदिवासियों और वनवासियों को रोजगार से जोड़ा गया है।

अकबर ने कहा कि आदिवासियों के संरक्षण के लिए नई औद्योगिक नीति में बड़े उद्योगों की जगह छोटे उद्योगों, वन और कृषि आधारित गैर प्रदूषणकारी उद्योगों को प्राथमिकता दी गई है। औद्योगिक नीति में यह प्रावधान भी रखा गया है कि उद्योगों की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर शासकीय भूमि पर की जाए। अकबर ने आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य से संबंधित संचालित की जा रही योजनाओं मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मलेरिया उन्मूलन अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने में मदद मिली है। शिक्षा के क्षेत्र में लागू की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में वर्षों से बंद पड़े स्कूलों को फिर से शुरू किया गया। हर विकासखंड में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थापना की गई। राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग और स्कॉलरशिप की सुविधा दी जा रही है।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए गुड समैरिटन को पुरस्कृत किए जाने के लिए अनुदान योजना

- छत्तीसगढ़ में परिवहन विभाग ने 15 अक्टूबर से लागू की योजना
- प्रत्येक नेक व्यक्ति को प्रति घटना में मिलेगी 5 हजार रूपए की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में परिवहन विभाग द्वारा आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने और दूसरे घायलों के जीवन बचाने के लिए आम जनता को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण योजना का संचालन प्रारंभ हो गया है। परिवहन तथा वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में राज्य में यह योजना 15 अक्टूबर 2021 से लागू हो गई है। योजना का नाम ''मोटर गाड़ी से दुर्घटना के महत्वपूर्ण पहले घंटे के दौरान दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को आवश्यक चिकित्सकीय उपचार प्रदाय करने के लिए अस्पताल अथवा आपातकालीन देख-भाल केन्द्र पहुंचाने संबंधी त्वरित व्यवस्था कर जीवन बचाने वाले नेक सहयोगी को पुरस्कृत किए जाने हेतु अनुदान योजना'' है। इसके तहत प्रत्येक नेक व्यक्ति के लिए पुरस्कार की राशि 5 हजार रूपए प्रति घटना के हिसाब से निर्धारित है।

इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि योजना के तहत ऐसा कोई भी व्यक्ति पात्र होगा, जिसमें मोटर गाड़ी से दुर्घटना ग्रस्त हुए व्यक्ति को पहले घंटे के भीतर चिकित्सा उपचार प्रदान कराकर एक दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति की जान बचाई हो। यह योजना उस सहयोग करने वाले व्यक्ति को यथोचित सहयोग के साथ विधिक संरक्षण प्रदाय करता है, जो चोटिल, बीमार, आपदा में या असक्षम की सहयोग करता है। योजना के निर्माण का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति के सहयोग और उसके मानसिक स्थिति को बनाए रखने तथा अन्य लोगों को सहयोग हेतु प्रेरित करने के लिए आमजन को नगद पुरस्कारों और प्रमाण पत्रों के माध्यम से प्रोत्साहित करना है। मोटर गाड़ी अधिनियम के अनुसार गंभीर दुर्घटना के बाद की एक घंटे की समयावधि, जिसके दौरान तत्काल चिकित्सकीय देख-भाल प्रदान करके मृत्यु को रोकने की उच्चतम संभावना होती है, वह गोल्डन अवर कहलाता है। ऐसी आपातकालीन स्थिति में गोल्डन अवर के दौरान दुर्घटना से पीड़ित लोगों को मदद की बहुत ही आवश्यकता होती है।

योजना के तहत नेक व्यक्ति के चयन के लिए जिला स्तर पर गठित मूल्यांकन समिति में संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट, एसएसपी, सीएमओएच तथा आरटीओ (परिवहन विभाग) शामिल होते हैं। यदि नेक व्यक्ति द्वारा सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जाती है, तो डॉक्टर से विवरण की पुष्टि के बाद पुलिस नेक व्यक्ति को आधिकारिक लेटर पैड पर नेक व्यक्ति के नाम, उसके मोबाइल नम्बर और पता, स्थान, दुर्घटना का दिनांक व समय और कैसे नेक व्यक्ति ने पीड़ित का जान बचाने में मदद की है आदि का उल्लेख करते हुए एक पावती प्रदान करेगी। यदि नेक व्यक्ति पीड़ित को सीधे अस्पताल ले जाता है, तो अस्पताल समस्त जानकारी संबंधित थाने को देगा। विवरण की पुस्टि के बाद पुलिस नेक व्यक्ति को आधिकारिक लेटर पैड पर नेक व्यक्ति के नाम, उसके मोबाइल नम्बर और पता, स्थान, दुर्घटना का दिनांक व समय और कैसे नेक व्यक्ति ने पीड़ित का जान बचाने में मदद की है आदि का उल्लेख करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान करेगी।

# डॉ. डहरिया ने अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम के हितग्राही को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. डहरिया ने अनुसूचित जाति विकास ट्रैक्टर ट्राली योजना के तहत रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के ग्राम कुलीपोटा के श्री सुजीत कुमार नवरंगे को ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की। योजना इकाई लागत 8 लाख 71 हजार रूपए है। इसी तरह से अनुसूचित जाति लघु व्यवसाय इकाई योजना के तहत आरंग विकासखण्ड के ग्राम कोड़ापार के श्री मनोज कुमार जोशी को व्यवसाय शुरू करने के लिए एक लाख रूपए का चेक प्रदान किया।

# पावर कंपनी की नई सोच अमल में, राजस्व का पूरा हिसाब अब हो रहा है एक ही माह में

- इन्टरनल आडिट में बीते 6 सालों में पायी गई अनियमिततायें पर हुई कठोर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजस्व प्रबंधन की उन्नत प्रणाली को सतत रूप से क्रियान्वित कर रही है। नवीन फोटो स्पाट मीटर रीडिंग एवं बिलिंग प्रणाली का सीधा लाभ अब उपभोक्ताओं को मिल रहा है। इससे प्रणाली में रीयल टाइम में रीडिंग बिलिंग कंपनी के सर्वर में दर्ज हो रही है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम ने बताया कि कंपनी द्वारा अब मीटर रीडिंग बिलिंग राजस्व संग्रहण एवं विद्युत विच्छेदन/पुर्नसंयोजन जैसी राजस्व संबंधित प्रक्रियाएं अब एक कैलेण्डर माह में ही पूर्ण की जा रही है जिससे राजस्व संग्रहण का पूरा-पूरा हिसाब उसी कैलेण्डर माह अंत में हो जाने से अब कंपनी का राजस्व प्रबंधन सशक्त हो गया है। कंपनी ने राजस्व को सुरक्षित रखने हेतु विद्युत के दुरूपयोग/चोरी की रोकथाम के लिये विजिलेंस दल को सघन विद्युत कनेक्शन चेकिंग अभियान हेतु निर्देशित भी किया है। इन्टरनल आडिट के माध्यम से राजस्व संबधित गलतियां/राजस्व क्षति के प्रकरणों को चिन्हांकित कर राजस्व निधि सुनिश्चित करने हेतु कार्यवाही भी की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व क्षति / अनियमितता के प्रकरण भी संज्ञानित हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अब तक लगभग 7 करोड़ रूपये की अनियमिततायें राजनांदगांव, मस्तुरी, बिलासपुर के तिफरा जोन, नेहरूनगर जोन, मल्हार, पचपेड़ी एवं शिवरीनारायण के कार्यालयों में संज्ञान आई है जिसमें से 4.7 करोड़ रूपये को कंपनी द्वारा सुरक्षित कर लिया गया है। एक प्रकरण विशेष में बैंक की जमा पर्ची के माध्यम से लगभग 2.3 करोड रूपये की क्षति पहूँची है, जो अभी पुलिस विवेचना में है, जिसमें एक बैंक कर्मचारी एवं एक विभागीय कर्मचारी प्रमुख आरोपी पाये गये। विशेष तौर पर यह बताना भी आवश्यक है कि अधिकांश बड़ी अनियमितता पुराने समय की है जिसमें वर्ष 2018-19 में 1.82 करोड़ रूपये, वर्ष 2019-20 में 2.94 करोड़ रूपये एवं वर्ष 2020-21 में 1.24 करोड़ तथा वर्ष 2015-16 से 2017-18 के दौरान 43 लाख रूपये की अनियमिततायें संज्ञानित हुई । अतः स्पष्ट है कि उपरोक्त अनियमिततायें विगत 6 वर्षों के दरम्यान की है। कंपनी द्वारा अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए 6 सहायक अभियंता, 5 कनिष्ठ अभियंता, 15 कार्यालय सहायक एवं 13 अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन/विभागीय जॉच की कार्यवाही की गयी है। कंपनी में सेप ईआरपी सिस्टम में बिलिंग की जाती है जिसमें यह सुविधा है कि हर बिलिंग ट्रांजेक्शन आटोमेटिक तौर पर सर्वर में यूजर आई डी के साथ दर्ज हो जाती है जिससे उपरोक्त वित्तीय अनियमिततायें संज्ञानित हो सकी। उल्लेखनीय है कि सामान्य उपभोक्ता जो विभिन्न माध्यमों से बिजली बिल भुगतान करते हैं वे पूर्णतः सुरक्षित हैं। सामान्य उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई केवल वे ही उपभोक्ता प्रभावित हुए है जिन्होंने बिजली बिल का भुगतान न कर अपनी बकाया राशि को विभागीय कर्मचारी/अधिकारी के साथ मिली भगत कर वित्तीय अनियमितता की। कंपनी द्वारा ऐसी अनियमितताओं को चिन्हांकित कर पुनः क्षति राशि के समतुल्य डिमांड जारी कर कंपनी के राजस्व को सुरक्षित कर लिया है।

# भक्त कर्मा माता मंदिर का साहू ने लोकार्पण किया

- माता कर्मा का आशीर्वाद सब पर बना रहे : ताम्रध्वज साहू

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



गृह एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू धरसींवा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम मनोहरा में साहू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मंत्री साहू ने भक्त कर्मा माता मंदिर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विकास के दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सभी समाज को साथ लेकर विकास के कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज का बड़ा योगदान है। उन्होंने समाज के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ उठाते हुए आगे बढ़ने प्रेरित किया। मंत्री साहू ने कहा कि साहू समाज बहुत मेहनती समाज है।

कृषि के साथ अन्य कार्यों में लोग जुड़े हुए हैं। समाज के लोग शिक्षा को अपनाकर और आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों, मजदूरों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मंत्री साहू ने भक्त कर्मा माता मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी लोगों के सुख समृद्धि की कामना की और कहा कि माता कर्मा का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। उन्होंने साहू समाज के पत्रिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में विधायक धनेंद्र साहू, थानेश्वर साहू, प्रदेश अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग, संदीप साहू अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, बड़ी संख्या में समाज के लोग और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मरकाम ने धर्मांतरण पर भाजपा नेताओं के बयान पर किया पलटवार

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओ द्वारा धर्मांतरण पर दिये बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भारतीय जनता पार्टी के नेताओ का राजनैतिक प्रलाप बताया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू है ,कोई भी व्यक्ति किसी को जबरिया या प्रलोभन दे कर धर्मांतरण करवाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही के रास्ते खुले हैं । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिया हुआ है कि कही भी धर्मांतरण की कोई भी शिकायत आये तो उस पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाय।



धर्म व्यक्ति की निजी आस्था का विषय है संविधान सभी व्यक्ति को उसकी इच्छा के अनुसार धर्म के पालन की छूट देता है ।भाजपा धर्म के आधार पर विद्वेष फैला कर प्रदेश का माहौल खराब कर रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा आदिवासी संस्कृति के नाम पर घड़ियाली आंसू मत बहाए । छग में आदिवासी संस्कृति की जड़े बहुत गहरी समृद्ध और मजबूत है ।कोई उस पर प्रहार नही कर सकता। भारतीय जनता पार्टी के 15 सालों के सरकार के समय जरूर आदिवासी संस्कृति को दबाने का प्रयास हुआ था लेकिन छग में कांग्रेस की सरकार आने के बाद आदिवासी संस्कृति आदिवासी समाज की आर्थिक शैक्षणिक उन्नति के रास्ते खोले गए आदिवासियों को जेलों में बन्द करने के भाजपाई कुच पर विराम लगाया गया।

# संविधान को जीवन में आत्मसात करना भी जरूरी : राजेश सिंह राणा



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् में आज संविधान दिवस के अवसर पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव व एससीईआरटी के संचालक राजेश सिंह राणा ने कहा कि भारतीय संविधान की एक-एक शब्द को गहराई से अध्ययन करने की जरुरत है। यदि हम संविधान के मौलिक अधिकार व कर्त्तव्य को दैनिक जीवन के आचरण में लाएंगे, तभी हम आने वाली पीढ़ी को संविधान का सही पाठ पढ़ा सकते हैं। राणा ने आगे कहा की हमें केवल संविधान का सामूहिक पाठ ही नही करना है, बल्कि इसे जीवन में आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा की राष्ट्र का निर्माण नागरिकों से होता हैं और सरकारी संस्थान वो चाहे राजनीतिक हो, प्रशासनिक हो, या न्यायिक हो, वह एक-एक शब्द का पालन करते हैं।

## गौठान से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं जुहली गांव की महिलाएं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित रहने वाली कई महिलाएं अब अपने परिवार की धुरी बन गई हैं। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुराजी गांव योजना से इन महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत होने का नया जरिया मिला है। बिलासपुर जिले के विकासखण्ड मस्तूरी के ग्राम पंचायत जुहली गौठान में संचालित आजीविका की गतिविधियों से जुड़कर जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह की महिलाएं महिला सशक्तिकरण की मिसाल साबित हो रही है।

**दुर्गा स्व सहायता समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण :** जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष इंद्राबाई ने बताया कि हम दस महिलाओं ने मिलकर यह समूह बनाया है। हमारे समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण, बत्तख पालन, मछली पालन एवं बाड़ी विकास का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समूह द्वारा 154 क्विंटल वर्मी खाद की बिक्री कर उन्होंने लगभग 60 हजार की आमदनी अर्जित की है। उन्होंने बाड़ी विकास के तहत बाड़ी में धनिया, मिर्ची, आलू, मूंगफली जैसी फसल लगाई है। इसका उपयोग वे स्वयं घरों में भी करती है। इससे इस वर्ष उन्हें 30 हजार रूपए की आमदनी हुई है। इसके अलावा बत्तख पालन एवं मछली पालन भी जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रही है। इंद्राबाई ने बताया कि गौठानों में संचालित इन गतिविधियों से न केवल उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। गांव की अन्य महिलाओं के लिए समूह की महिलाएं प्रेरणा स्त्रोत बन गई है।

# एनसीसी और एनएसएस विंग के विद्यार्थी नशामुक्ति के लिए करेंगे जागरूक



**रायपुर।** प्रदेश में शराब व्यसन मुक्ति अभियान की भारत माता वाहिनी योजना के तहत गठित राज्य स्तरीय समिति ने निर्णय लिया है कि महाविद्यालयों के एनसीसी और एनएसएस विंग के विद्यार्थी नशामुक्ति के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। इसके लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा विद्यार्थियों को नशामुक्ति प्रचार-प्रसार के संबंध में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही भारत माता वाहिनी के नशामुक्ति अभियान के प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सहभागिता ली जाएगी। इस संबंध में समाज कल्याण संचालनालय से सभी विभागीय जिला कार्यालयों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा शराब व्यसन मुक्ति अभियान के तहत तीन वर्ष के लिए भारत माता वाहिनी का गठन किए जाने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए गए हैं। विभागीय संचालक श्री पी. दयानंद ने प्रत्येक जिले में संचालित नशामुक्ति केन्द्र, चिकित्सक और काउंसलर के साथ नशामुक्त ग्राम पंचायतों की जानकारी भी अद्यतन रखने के निर्देश दिए है।

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, पति ही निकला हत्यारा, चरित्र शंका के चलते कर दी हत्या

■ आरोपी पति को केशरपाल भानपुरी के जंगल से किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन व अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में 24 नवम्बर को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव निमितेश सिंह के नेतृत्व में कोण्डागाव पुलिस ने अंधे कत्ल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी अनुसार रामदास मानिकपुरी द्वारा 26अक्टूबर को अज्ञात महिला उम्र करीबन 30 वर्ष की मृत्यु किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर में चोट पहुंचाकर हत्या करने की सूचना पर थाना कोण्डागाँव मे मर्ग क्रमांक 161 / 2021 धारा 174 जाफो एवं अपराध क्रमांक 398 / 2021 धारा 302 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था । अज्ञात मृतिका के संबंध में ग्राम भगदेवा व आसपास के लोगों से सघन पूछताछ कर अज्ञात मृतिका विमला विश्वकर्मा पति लखमु मरकाम निवासी इंगरा थाना माकड़ी के रूप में पहचान किया गया। ततपश्चात अज्ञात मृतिका की पहचान कार्यवाही कार्यपालिक दण्डाधिकारी के द्वारा करायी गई । मृतिका के परिजनों के द्वारा विमला के साथ उसके पति लखमू के द्वारा अक्सर मारपीट व गाली गलौज करने की जानकारी दी गई जिसके चलते मृतिका विमला दो बार मायके वापस आ चुकी थी। वही मृतिका के परिजनों के द्वारा लखमु राम मरकाम पर ही विमला विश्वकर्मा पर हमला हत्या करने की शंका जाहिर की गई । विवेचना दौरान दिनांक 24 नवम्बर को संदेही लखमु राम को ग्राम केसरपाल के जंगल से पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो दिनांक 25 अक्टूबर के रात्रि में अपनी पत्नि बिमला नाग के चरित्र पर शंका कर हत्या करना कबूल किया सम्पूर्ण विवेचना में आरोपी के खिलाफ घटना कारित करने पाये जाने से आरोपी को दिनांक 24 नवम्बर के 17ः30 बजे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अर्चना धुरंधर थाना प्रभारी कोण्डागांव, उ0नि0 नरेन्द्र साहू, आनंद सोनी, कैलाश केशरवानी, सउनि लोकेश नाग, डी पटेल, आर. पन्ना देहारी व तोमेश ठाकुर द्वारा किया गया।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जन जागरण पदयात्रा के जरिए प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत कराया




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी के द्वारा बढ़ती महंगाई और केंद्र सरकार की नाकामियो के खिलाफ में 25नवंबर को जन जागरण पदयात्रा के शानदार नौ दिन हो गये है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी के अध्यक्ष शंकर मंडावी के नेतृत्व में ग्राम सोडसीवनी से शुरू कर लुभा,ओंड्डुरी, ठेमगांव होते हुए कोकोडी तक नवाँ दिन की यात्रा किया गया। जन जागरण पदयात्रा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी द्वारा प्रत्येक बुथो में जन जागरण अभियान चलाया गया। साथ ही कांग्रेस सदस्यता अभियान भी चलाया गया जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही । पदयात्रा में मुख्य रूप से केंद्र सरकार की नाकामियों के चलते बढ़ती महंगाई, पेट्रोल, डीजल, तेल, घरेलू सामान की भी महंगाई आसमान छू रही है, साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार के 36 वादों में 25 वादो को पूरा करने व 2 रुपये में गोबर खरीदी के साथ ही कांग्रेस सरकार की अन्य उपलब्धियो को बताया। इस दौरान जन जागरण अभियान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शंकर मंडावी, विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र राठौड़, संग्राम मरकाम, जिला महिला कांग्रेस सुकबति मरकाम, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सह माकड़ी ब्लाक प्रभारी तबसुम बानो, जिला सदस्य प्रतिनिधि ब्रम्हा मरकाम, जिला कांग्रेस महामंत्री विनोद शोरी, मीडिया प्रभारी गोकुल प्रधान, कांग्रेस नेता सकुर खान, टेडमुण्डा सरपंच सुधू राम मरकाम, ठेमगांव सरपंच अमित मरकाम, श्रीराम नेताम, जयलु राम मरकाम, युवा नेता सोनवु शोरी, मेंगनाथ मंडावी,एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सभी धर्मों को समानता मौलिक अधिकारों की व्यवस्था, देश के संविधान के चलते ही संभव : मोहन मरकाम

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय के अंबेडकर चौक में 26 नवम्बर शुक्रवार को संविधान दिवस मनाया गया जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं के साथ ही सर्व समाज के लोगों व पीसीसी चीफ सह कोण्डागाँव विधायक मोहन मरकाम मौजूद रहे संविधान दिवस के उपलक्ष में सर्व समाज प्रमुखों ने अपनी अपनी बात रखी।

वहीं मोहन मरकाम ने कहा कि सभी धर्मों को समानता मौलिक अधिकारों की जो संविधान में व्यवस्था की गई थी उसी का परिणाम है कि आज हर वर्ग अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने मौलिक अधिकारों अपने कर्तव्यों अपने दायित्व को अच्छी तरह से समझता है। ज्ञात हो कि देश के संविधान के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने और संवैधानिक मूल्यों का प्रचार करने के लिए संविधान दिवस मनाया जाता है, इस दिन भारत ने अपने संविधान को अंगीकृत किया था इसलिए सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को यह फैसला लिया था कि 26 नवंबर को भारत सरकार संविधान दिवस के रूप में मनाए जाने की परंपरा शुरू करेगी, जिसके बाद प्रति वर्ष 26 नवम्बर हो संविधान दिवस मनाया जाता है।

# एनएमडीसी किरंदुल परियोजना को मिला अपैक्स इंडिया एक्सीलेंस सीएसआर प्लेटिनम अवार्ड

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



गोवा में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना को नैगम सामाजिक दायित्व के उत्कृष्ट निर्वहन हेतु अपैक्स इंडिया एक्सीलेंस प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया।

बस्तर की बैलाडीला पहाड़ी से विश्व की सर्वोत्तम गुणवत्तायुक्त लौह अयस्क का उत्खनन करने वाली नवरत्न कम्पनी एनएमडीसी लिमिटेड की किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक आर गोविंदराजन के कुशल मार्गदर्शन में लौह अयस्क उत्पादन एवं प्रेषण के साथ-साथ किरंदुल के आसपास के ग्रामीणों के हितार्थ नैगम सामाजिक दायित्वों के तहत अनेक कार्ययोजना बनाकर सफलतापूर्वक प्रतिपादित किया जाता है।

कोरोना काल में रिकार्ड उत्पादन के साथ साथ निकटवर्ती ग्रामों के ग्रामीणों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के अलावा उनके हितों के लिए अनेक कार्यों का निष्पादन किया गया। कुछ कार्य अभी भी प्रकियारत हैं। नैगम सामाजिक दायित्वों का जिम्मेदारी और कुशलता पूर्वक निर्वहन के कारण एनएमडीसी किरंदुल परियोजना को गोवा में आयोजित भव्य समारोह में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# गुण्डाधूर महाविद्यालय में हुआ मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिवसीय मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस मेगा कैम्प में 57 अभ्यर्थियों ने भाग लिया । चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनियों द्वारा पहले ट्रेनिंग दी जाएगी फिर प्रशिक्षु के तौर पर रिक्रूट किया जाएगा। महाविद्यालय प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के प्रभारी प्राध्यापक नसीर अहमद ने बताया कि इस मेगा प्लेसमेंट कैम्प में कोण्डागाँव ज़िले की विभिन्न कम्पनियों/संस्थानों में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए यह आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्यतः श्रीराम मोटर फाइनेंस कंपनी में फील्ड एग्जीक्यूटिव, रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव, बैक ऑफिस सहित 30 पदों तथा अन्य संस्थानों में सेल्स, मार्केटिंग, कंप्यूटर्स तथा सर्विस की विभिन्न जॉब्स के लिए 30 पदों पर नियुक्ति की जानी थी। श्रीराम मोटर फाइनेंस से इंटरव्यू तथा कम्प्यूटर टेस्ट के लिए जगदलपुर ब्रांच से क्षेत्रीय संकलन मैनेजर तुकेश्वर गोस्वामी, कोण्डागाँव ब्रांच से विकास सिन्हा, मानस पांडेय व अन्य कम्पनियों के इंटरव्यू हेतु स्थानीय सीए मनीष सोनी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

# माओवादी कैम्प पर पुलिस का धावा




पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 25.11.2021 को डीआरजी, एसटीएफ एवं केरिपु 170 का संयुक्त बल मुखबीर की सूचना पर सोमनपल्ली, गौरारम, बंदेपारा की ओर निकली थी।

अभियान के दौरान दिनांक 26.11.2021 के प्रातः 09.30 बजे गौरारम एवं बंदेपारा के मध्य जंगलों में पुलिस पार्टी द्वारा माओवादी कैम्प पर अटैक किया गया । पुलिस के अचानक हमले से माओवादी कैम्प छोड़कर भाग खड़े हुये । सर्च करने पर माओवादी कैम्प से विस्फोटक, पिटठू, गड्डा खोदने के औजार, राशन सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुई। मुठभेड़ लगभग 10-15 मिनट तक चली।

# दिल्ली के सरस मेले में कोण्डागांव के रॉट आयरन शिल्प की धूम

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोण्डागांव अपनी शिल्पकला के लिए देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी मशहूर है। इस कलानगरी की कलाकृतियों के प्रति लोगों के उत्साह का एक रूप दिल्ली के प्रगति मैदान पर आयोजित सरस आजीविका मेला 2021 में देखने को मिला। जहां कोण्डागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखण्ड के विश्रामपुरी स्थित प्रगति स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित रॉट आयरन शिल्प की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें लोगों की भीड़ देखने को ही बनती थी। जहां दिल्ली वासियों ने इस मेले में आकर कोण्डागांव निर्मित कलाकृतियों को अपना खासा प्यार दिया। इस मेले में विदेशों से भी सैलानी घुमने आये थे। जिन्होंने कोण्डागांव की आदिम परम्परा से निर्मित कलाकृतियों के प्रति उत्साह दिखाते हुए बढ-चढ़कर कलाकृतियों को खरीदा। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के सभी संभागों से आजीविका कार्यों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा इस मेले में भागीदारिता की गई थी। जिसमें बस्तर संभाग से बड़ेराजपुर की प्रगति स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी भाग लिया गया था। इस मेले में हिस्सा लेने शासन की ओर से नोडल अधिकारी के रूप में सरस आजीविका मेले में पहुंचे जिले के आजीविका मिशन प्रबंधक विनय सिंह ने बताया कि जिले की प्रदर्शनी के स्टॉल के प्रति लोगों का उत्साह अभूतपूर्व रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग यहां आकर आदिम कलाकृतियों का अवलोकन करते हैं। इस मेले में सर्वाधिक विक्रय करने वाले समूहों में प्रगति स्व-सहायता समूह भी सम्मिलित है।

इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा ने प्रगति स्व-सहायता समूह को सरस आजीविका मेले में बेहतरीन प्रदर्शन हेतु बधाई देते हुए कहा कि प्रगति स्व-सहायता समूह द्वारा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। इस समूह द्वारा बीते 10 दिनों में मेले में कुल 03 लाख 07 हजार रूपयों की कलाकृतियों का विक्रय किया गया है। इस प्रकार जिले के समस्त स्व-सहायता समूहों को आजीविका से जोड़कर नई पहचान दिलाने का प्रयास लगातार जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

# नक्सल प्रभावित थाना मर्दापाल क्षेत्र के संवेदनशील हड़ेली में चलित थाना का आयोजन



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में व अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के पर्यवेक्षण व अनु विभागीय अधिकारी पुलिस ऑप्स सतीश भार्गव के मार्गदर्शन में 24नवंबर को ग्राम हड़ेली में चलित थाना का आयोजन किया गया। जहाँ पर ग्राम हड़ेली के ग्रामीण एवं पंचायत पदाधिकारी सरंपच, पंच उपस्थित हुए। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक रमन उसेण्डी द्वारा ग्रामीणों से रूबरू होकर ग्राम में किसी भी प्रकार का अपराध घटित होने पर थाना रिपोर्ट करने, साईबर फ्रॉड जैसे एटीएम फ्रॉड, मोबाईल से ठगी से बचने एवं चिट फंड कंपनियों में पैसे निवेश करने से बचने तथा मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी देते हुये सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने लोगों को समझाईस दिया गया। चलित थाना के माध्यम से ग्राम प्रमुख सरपंच, कोटवार आदि से मिलकर गांव में घटित होने वाले छोट- बड़े अपराधों विशेषकर महिलाओं/बच्चों से संबंधित अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही युवक, युवतियों को बाहर काम के लिए पलायन करने से रोकने एवं किसी दलाल के द्वारा बाहर राज्य मजदूर ले जाने की सूचना तत्काल थाना मर्दापाल को देने समझाईस दी गई।

# सोनपुर का मिनी सिनेमा हॉल छत उड़ जाने से बंद

## देश-दुनिया से अबूझमाड़ के लोगो को रूबरू कराने के उद्देश्य से खोला था पुलिस विभाग

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




जिले के घोर नक्सल प्रभावित ग्राम सोनपुर में अबुझमाड़ के ग्रामीणों को जोड़ने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा मिनी थियेटर का निर्माण कर देश दुनिया से रूबरू कराने के साथ ही युवाओं में खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया था और मिनी थियेटर को ग्रामीण ने सोनपुर सिनेमा का नाम दिया और इसको लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है 7 लेकिन पिछली बारिश के दौरान आंधी-तूफान में सोनपुर सिनेमा की छत ही उड़ गई जिसके से उसकी सुध लेने वाला कोई नही है वही ग्रामीणों की मांग है कि इस इलाके में मनोरंजन का एक ही साधन था जो साल भर से बंद पड़ा हुआ है जिसे वापस चालू किया जाए ।वही पुलिस अतरिक्त अधीक्षक नीरज चंद्राकर ने कहा कि इसे सिनेमा कम डेपल्वमेंट सेंटर कहा जा सकता है यहाँ के लोगो को बाहर की दुनिया से अवगत करना और उन्हें अन्धकार के माहौल से बाहर निकालना के उद्देश्य से किया गया था जिसकी जल्द मरम्मत कराकर वापस ग्रामीणों के लिए चालू किया जाएगा।

ज्ञात हो कि नारायणपुर जिले का अबुझमाड़ का इलाका घने जंगलो और पहाडियों से घिरा हुआ है जहा कि वादियों में अमन और चैन हुआ करता था जिसे नक्सलियों ने अपनी नापाक मनसूबे से इस हसीन वादियों को दहशत नुमा बना दिया 7 जिसे पुन; इसके पुराने स्वरूप में लाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग लगा हुआ है जिसके लिए घोर नक्सल प्रभावित सोनपुर में मिनी थियेटर का निर्माण कराया गया है जहा पर देश दुनिया से कटे अबुझमाड़ के ग्रामीणों को देश दुनिया से रुबुरु कराने का काम इस मिनी थियेटर के माध्यम से किया जा रहा था साथ ही डेपल्वमेंट से जुडी वीडियो को दिखाकर उन्हें जागरूक भी किया जा रहा था । जो कि पिछ्ले एक साल से बारिश के दौरान तेज हवाओं में सिनेमा की छत उड़ जाने से बंद पड़ा है जिसे ग्रामीण पुनः शुरू करने की मांग कर रहे है । ग्रामीणों का कहना है कि सोनपुर सिनेमा से हमे देश-दुनिया के बारे में पता चल रहा था कि कहा क्या हो रहा है । फुटबॉल , क्रिकेट मैच , धार्मिक फ़िल्म , नए युवाओ के लिए नई नई बाते जानकारी मिलती थी । लेकिन बारिश के दौरान तेज हवाओं में छत उड़ गई जिसके बाद से बंद पड़ा है जिसे शुरू किया जाना चाहिए।

> इस मिनी थियेटर कम डेपल्वमेंट सेंटर में युवाओं के लिए अलग से खेलकूद के सभी सामग्री ि केट , बालीबाल , टेनिस , बास्केटबाल रखे गए है ताकि यहाँ के युवाओं को सभी खेल से रूबरू करा सके 7 ताकि ये युवा यहाँ से बाहर निकलकर आगे अपनी प्रतिभा साबित कर सके । वही इस मिनी थियेटर को लेकर अबुझमाड़ के ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है वही अबुझमाड़ के जनप्रतिनिधि भी इस कार्य में प्रशासन का साथ दे रहे है।
>
> **नीरज चंद्राकर, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक नारायणपुर**

**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला रायपुर**

**// दावा-आपत्ति //**




1. बच्चे का नाम :- बालिका माही (संस्था द्वारा दिया गया नाम)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 27/10/2021
3. संस्था :- विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर
4. रंग :- गोरा
5. उम्र :- 05 माह 26 दिन

उक्त बालक दिनांक 29/10/2021 को बाल कल्याण समिति, रायपुर के पत्र क्रं./1527/बा.क.स./2020-21 रायपुर दिनांक 25/10/2021 से अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी सेवाभारती मातृछाया, रायपुर रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है।

सर्व संबंधित को जो कि बालक के वैधानिक पालक / अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं, प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, द्वितीय तल, नेताजी सुभाष स्टेडियम, मोतीबाग चौक, जिला-रायपुर (छ.ग.) अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में दर्ज करा सकते हैं। उक्त समयावधि के पश्चात दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

G- 65389/2

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी**
**जिला बाल संरक्षण समिति (इकाई)**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**संपर्क नं.- 0771-4283109**

# दिशा समिति की बैठक में केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा

## बगैर नाली के नहीं होगी सीसी रोड की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




लोकसभा सांसद गुहाराम अजगले की अध्यक्षता एवं सांसद सुनील सोनी की सह अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में प्रगति की गहन समीक्षा की गई। लगभग तीन घण्टे तक चली मैराथन बैठक में समिति ने शासकीय योजनाओं के ताजा हालात की जानकारी लेकर आपसी समन्वय के साथ और तेज गति से काम करने पर बल दिया। उन्होंने कोरोना टीका की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रशासन को तेज गति से टीकाकरण के लिए कठोर उपाय सुनिश्चित करने के लिए सहमति प्रदान की। बैठक में संसदीय सचिव एवं विधायक सुशकुन्तला साहू, विधायक शिवरतन शर्मा, विधायक प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल सहित सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं समिति के सदस्य सचिव सुनीलकुमार जैन ने बैठक में केन्द्रीय योजनाओं की ताजा प्रगति से अवगत कराया। कार्यसूची के अनुरूप बैठक में चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि भविष्य में कोई भी सीसी रोड बगैर नाली के नहीं बनाया जायेगा। स्थानीय महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्री एवं महानदी वनिता की ब्राण्ड नेम से बिक्रय सामग्री की सराहना की गई। सीमेन्ट कम्पनियों द्वारा स्थानीय युवाओं को नौकरी देने में की जा रही उपेक्षा पर नाराजगी जाहिर की गई और जिला प्रशासन को इसमें हस्तक्षेप करने के लिए कहा गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में मरम्मत कार्य पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए गए। कुछ सड़कों में बीच-बीच में किसी कारणों से व्यवधान आने की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन को कार्रवाई के लिए कहा गया है। समिति ने पेंशन एवं राशन के नये आवेदनों पर समय-बद्ध कार्यक्रमों में निराकरण के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना अपूर्ण दस्तावेज वाले हितग्राहियों को कागजात पूर्ण करने के लिए एक महीने की मोहलत दी जाए अन्यथा उनके आवेदन निरस्त कर दूसरे गरीब को मौका मिलना चाहिए। जो हितग्राही पैसे लेकर मकान नहीं बनाये हैं, उनसे राशि की वसूली के निर्देश दिए गए। जलजीवन मिशन के अधिकारी ने बताया कि जिले की सभी 956 ग्रामों में घर पहुंच पेयजल की सुविधा के लिए कार्य-योजना तैयार की गई है। प्रथम चरण में 238 ग्रामों में काम चल रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसमिशन लॉस को कम करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 163 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। तीन सालों में इस पर काम कर ट्रांसमिशन लॉस को वर्तमान 29 प्रतिशत से कम कर 12-15 प्रतिशत के बीच लाया जायेगा। डिजिटल इण्डिया अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कुछ च्वाईस सेन्टरों के काम-काज में मिली शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश जिला कलेक्टर को दिये गये। बताया गया कि श्रमिकों के पंजीयन के लिए राशि वसूली की जा रही है, जबकि उन्हें निःशुल्क किया जाना है। केन्द्र सरकार उन्हें इसके बदले में पैसा देगी। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत राशि जारी करने में आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा हीला-हवाला किये जाने पर समिति ने नाराजगी जाहिर की और कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत दी गई। इसके अलावा बैठक में ग्रामीण कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक पेंशन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, सर्वशिक्षा अभियान, मध्यान्ह भोजन योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, डिजिटल इण्डिया, भू-स्वास्थ्य कार्ड एवं फूड सेक्यूरिटी योजना पर विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को और बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दिये गये। जिला पंचायत सीईओ डॉ.फरिहा आलम सिद्धिकी ने बैठक के अंत में आभार प्रकट किया।

# बार-बार कानून हाथ में लेकर गुंडागर्दी करने वाले आरोपी ओमप्रकाश गिरफ्तार, जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



पुलिस चौकी लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत सुनसुनिया निवासी आरोपी ओमप्रकाश पिता गौतरिहा कैवर्त कानून हाथ में लेकर बार बार गुंडागर्दी करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम देते आ रहा था।जिसके चलते गॉव का माहौल प्रदूषित हो रहा था।आरोपी आदतन शराब एवं गांजे का नशेड़ी है।नसे में चूर होकर किसी के साथ भी मारपीट की घटना को अंजाम देने के लिए मशहूर हो चुका है।विगत दिनों एक दूसरे गांव जाकर प्रतिष्ठित व्यक्ति के घर घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था जिस पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध हुआ है। उसके बाद भी आरोपी अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहा था और और पुनः गुंडागर्दी की घटना को अंजाम देने में उतारू हो गया था जिसके चलते आरोपी के विरुद्ध पीड़ित के शिकायत पर पुलिस चौकी लवन में गुंडागर्दी के गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए वर्तमान चौकी प्रभारी बी के सोम ने आरोपी के खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई कर गुरुवार 25 नवम्बर को एस डी एम न्यायालय बलौदाबाजार में पेश किये ,आरोपी के कृत्य को देखते हुए बलौदाबाजार एस डी एम ने उपजेल बलौदाबाजार दाखिल का निर्देश जारी किये।इस सम्पूर्ण कार्रवाई में संवेदनशील पुलिस चौकी प्रभारी लवन बी के सोम एवं संवेदनशील सहायक उपनिरीक्षक संजीव राजपूत,आरक्षक गुमान सिंह जायसवाल, अनुराग कोसरिया, रूपेश बघेल, केशव पटेल, शैलेंद्र बंजारे की उल्लेखनीय एवं सराहनीय योगदान रहा।

# बाबा साहब अंबेडकर ने भारत के संविधान बनाने में अहम भूमिका निभाई

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर के अंबेडकर चौक पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने अंबेडकर चौक पर अंबेडकर साहब के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया बाबा साहब अंबेडकर भारत के संविधान बनाने में उनका बहुत बड़ा भूमिका और अहम भूमिका है जिसे भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा प्रदेश के आवाहन पर पूरे छत्तीसगढ़ में अंबेडकर साहब को याद किया गया इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी तिलदा शहर और ग्रामीण के कार्यकर्ताओं के द्वारा भी मनाया गया संविधान दिवस वही जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने कार्य म को संबोधित करते हुए कहा कि हर भारतीय नागरिक के लिए हर साल 26 नवंबर का दिन बेहद खास होता है। दरअसल यही वह दिन है जब देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था। यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं।



हर वर्ष 26 नवंबर का दिन देश में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 26 नवंबर को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है। जिसमें मुख्य रूप से चंद्र कुमार पाटिल जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रायपुर ग्रामीण , ईश्वर यदु मंडल अध्यक्ष, भागबलि साहू मंडल अध्यक्ष ग्रामीण, सौरभ जैन शहर महामंत्री, विकास सुखवानी उपाध्यक्ष नगरपालिका तिल्दा नेवरा , मनोज निषाद शहर महामंत्री व पार्षद, रघुवर यदु कोषाध्यक्ष शहर, लुकराम बघेल पार्षद, प्रेम कोसले, अशोक बजाज, सतीश निषाद पार्षद , पोषण वर्मा, पार्षद सुखदेव वर्मा, राजू कुरैशी, शेखर यदु आदि उपस्थित रहे ।

# यातायात नियमों का पालन सभी को करना चाहिए : रजनीश श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




विधि विभाग शास. दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय रजनीश श्रीवास्तव जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कृष्ण कुमार सूर्यवंशी मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट एवं मयुरा गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा संविधान दिवस पर आव्हान किया गया कि हम सभी बहुत सारे दिवसों को मनातें है परंतु उसके उद्देश्यों और लक्ष्यों पर ध्यान नही देते। किसी भी दिवस को मनानें की सार्थकता तभी हो सकती है। जबकि हम उसके लक्ष्यों को प्राप्त करें। संविधान दिवस पर उनके द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. शशिकांत त्रिपाठी के द्वारा स्वागत अभिभाषण दिया गया। साथ ही साथ उनके द्वारा लिखित पुस्तक की प्रति मुख्य अतिथि महोदय को भेंट की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उनके द्वारा कहा गया कि हमें अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आलोक दुबे एवं नबी खान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधि विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

# बड़ी सौगात- नए कोविड हॉस्पिटल में ऑक्सीजन प्लांट का हुआ लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





कोविड की संभावित तीसरी लहर से बचाव हेतु आज जिला को एक बड़ी सौगात मिला है। जिसके तहत जिला मुख्यालय में स्थित नवीन मंडी परिसर के 500 बेड कोविड हॉस्पिटल में ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण लोकसभा सांसद गुहाराम राम अजगले एवं सुनील सोनी के द्वारा किया गया। इस दौरान बलौदाबाजार विधायक प्रमोद शर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चितावर जायसवाल, जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,कलेक्टर सुनील कुमार जैन, रूपेश सिंह ठाकुर एल्डरमैन मनोज प्रजापति सोनू वर्मा, सोनू ठाकुर, पिंटू वर्मा, समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहें। उक्त ऑक्सीजन प्लांट अजीज प्रेमजी फॉउंडेशन के द्वारा प्राप्त हुआ है। जिसकी अनुमानित लागत 1करोड़ 50 लाख रुपये है। ऑक्सीजन प्लांट के बारे में जानकारी देतें हुए जिला मुख्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया की इस प्लांट की कुल क्षमता 500 एलपीएम है। जिसके द्वारा प्रतिदिन 120 सिलेंडर की रिफिलिंग किया जा सकता है। जिससे अब हमें बाहर से ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदने की आवश्यकता नही होंगी। हम ऑक्सीजन के लिए पूरी तरीके से आत्मनिर्भर हो गये है। साथ ही उन्होंने बताया कि अभी हॉस्पिटल में 4 कोरोना के मरीज भर्ती है जिसमें से 1 ऑक्सीजन में है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन बताया कि हमारे हॉस्पिटल की सुविधा को देखकर उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट के लिए सहयोग किया। जिला प्रशासन उनके सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया। गौरतलब है रिकॉर्ड 20 दिनों में मंडी में 500 बिस्तर हॉस्पिटल का निर्माण जनप्रतिनिधियों,सीमेंट प्लांट एवं जन भागीदारी के सहयोग से बनाया गया है। जिसमें 120 ऑक्सीजन युक्त बिस्तर शामिल है। साथ ही इसको भविष्य में विस्तार एवं स्थायी करनें की योजना शामिल है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजेश अवस्थी, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी गण,मीडिया के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब, अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

- संविधान दिवस पर प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





संयुक्त जिला कार्यालय में आज संविधान दिवस मनाया गया। संविधान सभा ने आज के ही दिन 26 नवम्बर 1949 को नवनिर्मित संविधान को अंगीकार किया था। संविधान के निर्माण में भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब अम्बेडकर की सर्वोपरि भूमिका थी। कलेक्टर सुनील कुमार जैन एवं एसपी आई.के.एलिसेला ने आज सवेरे यहां जिला कार्यालय परिसर में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। उन्होंने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद जिला कार्यालय में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कलेक्टर जैन ने शासकीय सेवकों को भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप जनहित के काम करने का संकल्प दिलाया। जिले की अन्य सरकारी कार्यालयों में भी संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता सहित संयुक्त जिला कार्यालय के तमाम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# आक्सफैम इंडिया का यूसीटी मिशन संजीवनी अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



यूसीटी मिशन संजीवनी अभियान तहत आक्सफैम इंडिया के द्वारा 26 नवंबर को तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के गांवों में एनगोम देल्ही रोज मेम आक्सफैम इंडिया कोलकोता के साथ जनहित छत्तीसगढ़ विकास समिति के वालिंटियर साथी रोहित भाई पाटिल समाजिक कार्यकर्ता, फिरोज़ पोर्ते लालाराम गोंड सिमगा, गुड्डी देवी, सहित ग्राम पंचायत बिलाड़ी के संरपंच पति श्रवण यदु सहित समुदाय के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम संबंधित संवाद स्थापित किया गया। एंव क्षेत्र के 150 घुमंतु आदिवासी, दलित, महिलाओं के साथ बैठक कर यू.टि.सी. कार्यक्रम के तहत किये जाने वाले कैस ट्रांसफर प्रोग्राम को लोगों के साथ मिलकर समझ विकसित भी किया गया। साथ ही 150 घुमंतु परिवार के खाते में प्रति नामित व्यक्ति के खाते में 5000 रुपए कोविड 19 के तहत लाकडाऊन से प्रभावित परिवारों को कैश ट्रांसफर किया। घुमंतू परिवार के सदस्यों ने रोज मेम सहित आक्सफैम इंडिया के प्रति सहयोग हेतु धन्यवाद अभार व्यक्त किया।

# सिख समाज ने कंगना राणावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



फिल्म अभिनेत्री कंगना राणावत के द्वारा सिख समाज के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ भाटापारा सिख समाज ने शहर थाना में कंगना राणावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।

एक बयान में भाटापारा सिख समाज के अध्यक्ष बलवत सिंह सलूजा ने कहा कि जिन सिखों का इतिहास बलिदानों से भरा हुआ है जिनके गुरु गुरु अर्जन देव, गुरु तेग बहादुर एवं अंतिम गुरु गुरु गोविंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान हिंदू धर्म की रक्षा के लिए दिया तथा देश की आजादी की लड़ाई में सर्वाधिक फांसी के फंदे में झूलने वाले सिख ही थे उस सिख खिलाफ के खिलाफ फिल्म अभिनेत्री कंगना राणावत के द्वारा दिये गया बयान से समूचा सिख समाज मर माहित हुआ है इसीलिए वह आज संगठित होकर भाटापारा थाने में फिल्म अभिनेत्री कंगना राणावत के खिलाफ अपराधिक मुकदमा दर्ज करने के लिए आए हुए हैं एवं वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हैं कि भारत सरकार के द्वारा दिया गया पद्मश्री पुरस्कार भी उससे वापस लिया जाए। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में सिख समाज के वरिष्ठ नागरिक नरेंद्र सिंह बाली, मन महेंद्र सिंह चावला, हरभगवान सिंह, मनजीत सिंह सप्पल, मनिंदर सिंह, अमरजीत सलूजा, सुशील सेठी, गुरभेज सिंह, जसकरण सिंह राणा, विजय, आनंद, मनप्रीत राणा, हरप्रीत सिंह सलूजा, जगप्रीत सिंह सलूजा, उमंग चावला, विशु सलूजा, परमजीत छाबड़ा, शुभम सेठी, अमन छावड़ा, राहुल उबोवेजा, शुभम छाबड़ा, सरनजीत सिंह खालसा सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के नागरिक गण थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्रहियों का बहुत बुरा हाल

# जनता त्रस्त हो गई है महंगाई से : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस सचिव और जनजागरण पदयात्रा के प्रभारी सुशील शर्मा ने सिमगा ब्लॉक के ग्राम दाबाडीह और कौशलपुर में आयोजित पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होकर ग्राम का भ्रमण किया। इस अवसर पर उपस्तिथ ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि केंद्र में सत्तासीन भाजपा की सरकार ने 7 वर्षो में अपनी तानाशाही रवैया से और हिटलरशाही फरमान से देश की जनता को त्रस्त कर रखा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तुगलकी फारमन से आज माध्यम वर्गीय और गरीब परिवार परेशान है, युवाओ को रोजगार नही मिल रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्रहियों का बहुत बुरा हाल है लोग कर्जा लेकर आवास बना लिये है किंतु आज तक राशि का भुगतान नहीं हुआ है, निराशित पेंशन, विधवा पेंशन, राषटीय परिवार सहायता योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाएं बन्द है, घरेलू गैस की कीमत आसमान छू रही है, दैनिक उपभोग की वस्तुओं का दाम लगातार बढ़ता ही जा रहा है, मोदी सरकार और उसके मंत्री मस्त है देश की जनता त्राहिमाम त्राहिमाम करने को मजबूर है फिर भी केंद्र सरकार की कानो में जु तक नही रेंग रही है केंद्र सरकार कुम्भकर्णी नींद में सो रही है उसे जगाने के लिये अब जनता जनार्दन को सड़क पर आंदोलन कर बाध्य होना पड़ रहा है। सुशील शर्मा ने कहा कि कल तक मँहगाई के खिलाफ आंदोलन करने वाले भाजपा के नेता आज अपने अपने घरों में छिपकर कर बैठे हुये है, यदि जनता के हितैषी है तो अपने प्रधानमंत्री तक जनता की आवाज को पहुँचाये और सच्चे जनप्रतिनिधि होने का फर्ज निभाये। जनजागरण पदयात्रा के गांव पहुँचने पर ग्रमीणो ने फूल माला और फाटकों से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. केके नायक, जिला उपाध्यक्ष अरुण यादव, चंद्रकुमार साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि अभिनय यदु, शिवकुमार नायक, गिरधारी साहू, साधु ध्रुव, हनुमान ध्रुव, फिरता ध्रुव, जिधन ध्रुव,मन्नू मांधाता साहू, त्रिदेव साहू, संजय ध्रुव सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्तिथ थे।

# नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने सामाजिक समरसता के साथ काम रही है राज्य सरकार : आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत घटियाकला में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्यआतिथ्य मान.आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल। ग्रामवासियों,यादव समाज के भाईयो के द्वारा गढ़वा बाजा, राऊत नाचा के मनमोहक प्रस्तुति,भारी अतिसबाजी कर भव्य स्वागत किए.. सर्वप्रथम माता शीतला मंदिर पहुंच पूजा पाठ कर क्षेत्रवासियो को खुशहाली की कमाना किया, इस अवसर पर ग्रामवासीयो को संबोधित करते हुए विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज बड़ा हर्ष का विषय है ग्राम घटियाकला में भूमिपूजन का भव्य कार्यक्रम रखा गया है,साथ ही मितानिन बहनों का भी सम्मान समारोह रखा गया है, राज्य सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सामाजिक समरसता के साथ नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में काम रह रही है,हमारी सरकार बनते ही 'भूंइया के भगवान' किसानों के हित में फैसला लिया भूपेश की सरकार ने किसानों का अल्कालीन कृषि लोन माफ किया। साथ ही 2500 रूपए की समर्थन मूल्य में धान खरीदने का फैसला लिया,जब किसान ऋण मुक्त, चिन्ता मुक्त होकर समृद्ध होंगे,तब गांव और प्रदेश भी समृद्ध होगा, इसी का परिणाम है कि देश में मंदी



की स्थिति के बावजूद भी छत्तीसगढ़ में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा, हमारे किसान, व्यापारी खुशहाल है,मुख्यमंत्री निवास के आयोजित गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रदेश के यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा करते हुए कहा की आने वाले अगले वर्ष से किसानों को धान का समर्थन मूल्य 25 सौ रुपए से ब?कर 2800 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा धान का समर्थन मूल्य इससे प्रदेश में किसानो की आय बढेगी और आर्थिक रूप से सक्षम बनेगे इस योजना से प्रदेश के किसानों के विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ। जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने की जो पहल की है, उसमें 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' के नाम से एक नया अध्याय जुड़ रहा है। इस न्याय योजना के लिए पंजीयन की शुरूआत 1 सितंबर से प्रारंभ हो गया है, योजना का लाभ 10 लाख से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों को मिलेगा। प्रत्येक परिवार के लिए 6 हजार रूपए प्रतिवर्ष अनुदान राशि, सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराई जाएगी। आर्थिक संकट के दौर में, भूमिहीन मजदूर कर्ज के दुष्चक्र में न फंसे और अपनी जरूरतें पूरी कर सकें। जिस तरह से किसानों को मिली आर्थिक मदद ने बाजार को संबल दिया है, उसी तरह भूमिहीन कृषि मजदूरों को मिली आर्थिक मदद भी ग्रामीण अंचल में अर्थव्यवस्था को गति देने का माध्यम बनेगी, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विलुप्त होती जा रही प्राचीन ग्रामीण परंपराओं का पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां गोबर खरीदी जैसी अनूठी योजना चलाई जा रही है। गोधन न्याय योजना पशुपालकों के हित में लिया गया ऐसा निर्णय है जिससे उन्हें वित्तीय मदद के साथ-साथ रोजगार भी मिल रहा है एवं वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रहे है। गोधन न्याय योजना एक बहुआयामी योजना है जिससे बहुत सारे उद्देश्यों की पूर्ति हो रही है।

प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौठान बनाए जा रहे हैं। जिनसे स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है एवं गौठान रोजगार मूलक गतिविधियों का केन्द्र बन गए हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से पलायन पर भी अकुंश लगेगा गोधन न्याय योजना के तहत भुगतान के लिए एक ऐप भी बनाया गया है। जिससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। यह शासन की दूरदर्शिता का परिणाम है कि गोबर से भी अब लोगों को रोजगार मिलने लगा है एवं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है, मितानिन बहने हमारे गावो एवं कस्बों में अपनी निरंतर सेवाए दे रही है,महावपूर्ण है, कोरोना काल में इनके द्वारा किए गए सेवाएं निश्चित रूप से हम सभी के लिए अविस्मरणीय है, ग्रामवासियों की मांग अनुरूप शीतला माता मंदिर के समीप अतिरिक्त भवन निर्माण 03 लाख, प्राथमिक शाला में अतिरिक्त भवन निर्माण एवं मिनी माता जलङ्कजल योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण की घोषणा, इस अवसर पर हीरा देवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, कविता साहू अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, नेतराम निषाद, भीखम साहू चंद्रविजय धीवर, कमल साहू, नंदकुमार गोस्वामी, भारतभूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला,राजेश दुबे, सूर्य प्रकाश शर्मा, अजय ठाकुर,रामखीलावन परगनिहा सरपंच,मन्नू निषाद सरपंच, कुशाल नायक, नेहा सुराना,डिगम्बर परगनिहा सरपंच, डिंपी वर्मा सरपंच दुलारी बाई वर्मा,कार्तिक राम, सत्यभामा परगनिहाहा, धनेंद्र वर्मा सरपंच,अलख राम पाटिल सरपंच, उत्तम पाटील,देवनारायण सोनवानी सरपंच,राजू निर्मलकर विजय विश्वकर्मा,आशीष परगनिहा, तिलक देवांगन,गोलू वर्मा अशोक राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी रहे उपस्थित।

## अम्बेडकर जयंती संविधान दिवस के रूप में मनाया



**खरोरा।** भारत सरकार द्वारा डॉ. बी आर अम्बेडकर की 125वी जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित किया गया है। भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में भारत की संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता पुरषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, महेंद्र साहू, डोमार यादव,श्वेता शर्मा, रीता रानी वर्मा, संगीता नायक ,रजनी त्रिपाठी,जयन्ती साहू, चमेली खरे, अलका मिंज, निरूपा साहू, बृजेश्वरी महिलांगे, योगेंद्र त्रिपाठी सहित छात्र छात्राओं व कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।रूपेंद्र निषाद 10 वी द भूपेश पाटकर 11वी अ, जीत सक्सेना 11वी अ ने अम्बेडकर के रूप में अपनी प्रस्तुति दी।जीत सक्सेना, दीक्षा साहू,पूर्वा वर्मा,विधि वर्मा ,अनीश सेन,तारिणी सेन,दागेश्वरी वर्मा,स्नेहा मसीह, झरना साहू ने भाषण देकर अपने विचार प्रकट किया। आस्था शर्मा ने गीत,तथा हर्षा देवांगन, बरखा,ममता मानिकपुरी, टिकेश्वरी देवांगन, मुस्कान ध्रुव, खिलेश्वरी बांधे ,नेहा सेन,दीपिका देवांगन ने नाटक की प्रस्तुति दी।



**सरायपाली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी रोग जांच हेतु ट्रू नॉट मशीन का शुभारंभ विधायक किस्मत लाल नंद के द्वारा किया गया जोकि छत्तीसगढ़ में किसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहला मशीन है।

## देशभर से आए साधु संत मंत्रोच्चारण के साथ करेंगे लोहारा नाका चौक पर भूमिपूजन

**थानखमरिया।** 3 अक्टूबर को हुए भगवा ध्वज के अपमान के बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज ने कवर्धा पहुंच 4 नवम्बर को ध्वज लगाने की तारीख की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर को 108 फीट के स्तंभ पर भगवा ध्वज लगाएंगे। अब 10 दिसंबर को भगवा ध्वज लगाने की तैयारी जोरों शोरों पर है। देशभर से साधु-संत और हिंदू सनातनियों का आगमन कवर्धा में प्रारम्भ हो गया है, यहां तक साधु संत स्वयं हिंदूओं के घर जाकर उन्हें आमंत्रण दे रहे हैं।

चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया - श्री शंकराचार्य जनकल्याण न्यास समिति कवर्धा के प्रमुख ट्रस्टी चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि स्वामी जी के निर्देश पर साधु संतों का कवर्धा आगमन चालू हो गया है वहीं, साधु संतों ने जिले के हर शहर, गांव, कस्बे में निवासरत हिन्दूओं सनातनियो के घर पहुंच 10 दिसम्बर को होने वाले भगवा ध्वजारोहण, कलशयात्रा व धर्मसभा में पहुचने का आमंत्रण दिया हैं। लोहारा नाका के पास भूमि पूजन - 10 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम से पहले कल 27 नवंबर दिन शनिवार को 11⁻59 बजे से दोपहर 1⁻25 बजे तक लोहारा नाका चौक स्थित लोहारा नाका पर भूमि पूजन होगा। खास बात यह है कि देश भर से पधारे साधु संत ब्रम्हचारी सिद्धेश्वरानंद, ब्रम्हचारी हृदयानंद, ब्रम्हचारी केशवानंद, ब्रम्हचारी राजमणि व सभी ब्रम्हचारीगण द्वारा विधिवत भूमि पूजन करेंगे और मंत्रों का उच्चारण होगा। इस कार्यक्रम में सभी हिंदू - सनातनियो को पहुंचने के लिए कहा गया है। शहर के कोने-कोने से देखा जा सकेगा भगवा - विदित हो कि इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि इतनी बड़ी संख्या में भगवा ध्वजारोहण के लिए साधु संत पहुंचे हो यह एक बड़ा कार्यक्रम होने वाला है। कवर्धा शहर में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस कार्यक्रम के लिए हिंदू धर्म के लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। भगवा लगने के बाद यह शहर के कोने-कोने से देखा जा सकेगा। हिंदू धर्म के लिए यह एक गौरवपूर्ण पल होगा। इस अवसर में चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने सभी हिंदुत्व की भावना रखने वाले संगठन और हिन्दू भाइयों को भूमिपूजन के अवसर में उपस्थित रहने का निवेदन किया है भूमिपूजन के पश्चात निरंतर 108 फीट के स्तम्भ बनाने का कार्य चलता रहेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में पौराणिक आचार्य पंडित शिवविलाश शर्मा और वैदिक ब्राम्हणों के द्वारा सम्पादित कराया जाएगा।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2022 के तहत् जुड़ने वाले नए मतदाताओं के लिए लकी ड्रा जीतने का मौका

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2022 कार्यक्रम जारी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि 1 नवम्बर 2021 से शुरू विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान फॉर्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने वाले नए मतदाताओं के लिए लकी ड्रा निकाला जाएगा। लकी ड्रा नए मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन नम्बर को आधार मानकर निकाला जाएगा। लकी ड्रा राज्य स्तर पर निकाला जाएगा। प्रत्येक जिले से एक नए मतदाता का लकी ड्रा में चयन किया जाएगा तथा चयनित मतदाता को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान का हिस्सा बनिए, निकटतम मतदान केन्द्र पर या ऑनलाइन फार्म-6 भरिए, नए मतदाता बनिए। लकी ड्रा प्रतियोगिता में विजेता बनने का सम्मान प्राप्त कीजिए।

## कुपोषण दूर करने जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रो में पोषण वाटिका किया जा रहा विकसित, बदल रही तस्वीर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में पोषण अभियान के तहत जिले में कुपोषण की दर को कम करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रो में पोषण वाटिका विकसित की जा रही है। जहां बच्चों को पौष्टिक आहार, गर्म भोजन, रेडी टू ईट प्रदान किया जा रहा है। उनको ताजी और पोषण युक्त हरी सब्जियों से बना खाना मिले इस लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में फरसाबहार विकासखंड के पमशाला सेक्टर के आंगनबाड़ी केन्द्र भूहिरटोली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा पोषण वाटिका का विकास किया गया है। जहां पोषण वाटिका में तैयार हुई पोषण युक्त हरी और ताजी सब्जियां, गरम भोजन के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े बच्चों और गर्भवती महिलाओं को प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार कुपोषण मुक्त परियोजना स्तर पर सभी केन्द्रों में





पोषण वाटिका तैयार कर उसमें लगे साग-सब्जी से बच्चों को आकर्षक थाली के रूप में भोजन खिलाया जा रहा है।

## शराब दुकान के आसपास धड़ल्ले से चल रहे है चखना सेंटर

पायनियर संवाददाता खरोरा
www.dailypioneer.com

देशी एवं विदेशी शराब दुकान के आसपास धड़ल्ले से चखना सेंटर संचालित हो रही है, यही नही चखना सेंटर की आड़ मे शराब पीने- पिलाने का खेल जोरों से चल रहा है उचित कारवाही नहीं होने के कारण चखना सेंटर के संचालको का हौसला बुलंद है रोड पर चखना सेंटर का संचालन किया जा रहा है जो की काफी व्यस्त सड़क है जहा से छोटे छोटे विधार्थी साइकल मे विधालय आते जाते है नहरडीह, छडिया, पचरी से आने वाले बच्चों ने बताया उन्हे आने जाने मे काफी समस्या होती है शाम मे स्थिति और भी भयावह हो जाती है बच्चों ने बताया उन्हे डर लगता है शराबी अनियंत्रित ढंग से गाड़ियां चलाते है द्य मेन रोड मे चखना सेंटर होने के कारण शराबी वही शराब पीने बैठ जाते है जिस से दुर्घटना की प्रबल संभावना बन जाती है इसकी जानकारी आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी है पर कारवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है जिस से इनके हौसले और भी बुलंद हो रहे हैं शासन के नियमो की धज्जिया उड़ाई जा रही है उक्त दुकानों मे पानी पाउंच, डिस्पोसल नाश्ता चना मुर्रा आदि की बिक्री की जा रही और साथ ही शराब पिलाने की जगह भी दी जा रही हैं द्य यही नही आसपास के मैदानों मे भी शराबीओ का कब्जा रहता है पूरे मैदानों मे उपयोग किये हुए पानी पाउच और डिस्पोसल का फैलाव हैंद्य आबकारी विभाग के जिम्मेदार लगभग हर दिन शराब दुकान की जांच करने आते हैं फिर ये अनदेखी क्यु यह एक सवाल अपने आप मे खड़े करता हैं।

## अधिनियम के तहत कुलदीप और शेखनबी पर 1 वर्ष के लिए जिला बदर की कार्यवाही

**बालोद।** जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5, 6 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हीरू खपरी निवासी कुलदीप साहू उर्फ सोनू पिता भारत लाल (21वर्ष) तथा गुंडरदेही निवासी शेखनबी पिता शेखलतीफ (53वर्ष) को आगामी एक वर्ष के लिए जिला बालोद सीमावर्ती जिला दुर्ग, धमतरी, राजनांदगॉव, कांकेर जिलों की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) आदेश पारित किया है। आदेश का पालन नहीं करने पर उनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की जाएगी। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बालोद द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में कुलदीप साहू उर्फ सोनू के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 05 के अंतर्गत कार्यवाही कर जिला बालोद सीमावर्ती जिला दुर्ग, राजनांदगॉव, रायपुर धमतरी, कांकेर में इसके प्रवेश को प्रतिबंधित किए जाने हेतु प्रतिवेदन प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया था। इसी प्रकार शेखनबी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 05 एवं 06 के अंतर्गत कार्यवाही कर जिला बालोद तथा जिला बालोद के आसपास के जिला में इसके प्रवेश को प्रतिबंधित किए जाने हेतु प्रतिवेदन प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया था। जिला दण्डाधिकारी ने जारी आदेश में कहा है कि प्रकरण के अध्ययन एवं मनन करने के बाद यह समाधान हो गया है कि कुलदीप साहू और शेखनबी की गतिविधियॉ अन्य कानूनी प्रावधानों से नहीं सुधर रही है। ऐसी स्थिति में अनावेदक की अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पढ़ने की संभावनाएँ बनी हुई है।

## तोषगांव में बाबा भैरवनाथ मंदिर का प्रतिष्ठा

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के ग्राम पंचायत तोषगांव विख्यात स्वातंर्त्य सेनानियों के जन्मभूमि शिक्षा स्वास्थ्य खेलकूद कला संस्कृति साहित्य संगीत कृषि व्यवसायिक और शासकीय सेवाओं के विभिन्न पदों पर सेवारत होने एवं राजनैतिक क्षेत्र में तीन-तीन बार एक ही गांव से विधायक बनने जैसे अनेक प्रतिभाओं के जन्म और कर्मभूमि होने से एक विशेष गौरवशाली पहचान बनता है।

लोक मान्यताओं के अनुसार इस गांव का सौभाग्य है कि प्राचीन कालीन खाड़ा तालाब सरोवर स्थित आस्था का केन्द्र मनोकामना सिद्धि भगवान शिव मंदिर के शिवलिंग ज्योतिर्लिंगों समान ही स्वयंभू शिवलिंग प्रगट हुए हैं। जहां मंदिर के समीप ही शिव भक्त उपासकों मंदिर समिति और समस्त ग्रामवासियों के जन सहयोग से



भगवान शिव के पांचवें अवतार भगवान बाबा भैरवनाथ के नवनिर्मित मंदिर का भव्य

प्रतिष्ठा अनुष्ठान आगामी 1 दिसंबर दिन बुधवार मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वादशी तिथि को विद्वान आचार्य पंडितों यज्ञमानों और गुड़ी पुजारियों के उपस्थिति में विश्व मंगल कामना पूजन यज्ञ हवन पश्चात समस्त श्रध्दालु भक्तवृन्दों को हरिपंगत भंडारा में महाभोग प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर भक्तिमय रात्रिकाल जागरण के लिए नित्यानंद गौरमठ जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में बैठकी संकीर्तन भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें तोषगांव सहित पहुण्डी और झुनगापाली ओडिशा के नामी संकीर्तन मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालु भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य के भागी बनने की अपील किए हैं। आयोजन के तैयारी में ग्राम के युवा वर्ग एवं पंचायत पदाधिकारी युद्ध स्तर जुटे हुए हैं। उपरोक्त जानकारी राजेन्द्र सिंह सिदार शिक्षक ने दी है।

### कलेक्टर ने संबंधित शिक्षा अधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

## 143 शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान किया गया घोषित

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल द्वारा विगत दिवस जिले के 143 शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिले के समस्त विद्यालयों को तम्बाकु मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित करने हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में विभिन्न विकासखंडो के 143 शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया है। जिसके अंतर्गत विकासखंड जशपुर के 28, कुनकुरी के 48, फरसाबहार के 29, पत्थलगांव के 26 विद्यालय



शामिल है। घोषित शैक्षणिक संस्थानों के प्रांगण एवं बाउंड्री वॉल के 100 गज की दूरी तक समस्त प्रकार के तम्बाकू उत्पाद सिगरेट, बीड़ी, गुटखा पाउच, खैनी, पानमसाला, इत्यादि का उपयोग करना एवं विक्रय करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। साथ ही अवमानना करने वालों पर सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम मे विहित धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. सुथार, जिला शिक्षा अधिकारी जे.के.प्रसाद, सिविल सर्जन एवं नोडल अधिकारी डॉ.आर.एन.केरकेट्टा, डीपीएम स्मृति एक्का, साइकोलॉजिस्ट डॉ. के.ए.खान सहित सर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### युद्धस्तर पर चल रहा अभियान

ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थानों के सभी प्रवेश द्वार, सीमा सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर तम्बाकू मुक्त क्षेत्र साइनेज प्रदर्शित किया जाना, तम्बाकू मुक्त क्षेत्र के साइनेज में संस्था के नोडल का नाम, पदनाम, सपर्क नंबर का उल्लेखित होना, शिक्षण संस्थान क्षेत्र के अंदर तंबाकू उत्पाद के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंधित होना एवं उत्पादों के उपयोग से होने वाले नुकसान पर आधारित पोस्टर या अन्य जागरूकता सामग्री को प्रदर्षित करना आवश्यक है। इसी प्रकार पिछले 6 माह के दौरान कम से कम एक बार तम्बाकू नियंत्रण गतिविधि आयोजित किया जाना, तम्बाकू मानिटर्स का चयन, उनके नाम, पदनाम व संपर्क नंबर प्रदर्षित किया जाना चाहिए। शिक्षण संस्थान की आचार संहिता मे तम्बाकू निषेध के मापदंड का समावेष करना, संस्थान की सीमांकन से 100 गज के क्षेत्र का अंकन करना एवं उक्त क्षेत्र में तम्बाकू उत्पादों की विक्रय करने वाले दुकानों सहित उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध तथा अवज्ञा पर दण्ड राशि का उल्लेख करना सहित छात्र-छात्राओं में जागरूकता हेतु रैली, चित्रकला आदि कार्यक्रमों का आयोजन करना शामिल है।


## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)

// प्रथम निविदा आमंत्रण//

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगारों युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये ''ई''श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र में AE में प्रकाशित दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक-5491/NIT-16/2021-2022/व.ले.लि. दिनांक 24/11/2021

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 06/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 13/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि - 14/12/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| एनआईटी क्र. | कार्य का नाम NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | ग्राम मडलाटोला मेन रोड प्राथ. शाला, आंगनबाड़ी, सामुदायिक उप स्वास्थ्य केन्द्र खाद्दय गोदाम एवं शास. पूर्व. माध्य. शाला तक पहुंच मार्ग | 16.31<br>12235.00 |
| 2 | (1) दलदली मेन रोड से शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र से राजीव गांधी सेवा केन्द्र एवं सचिव आवास तक पहुंच मार्ग लं. 50 मीटर (2) दलदली मेन रोड से बालको सामुदायिक भवन तक पहुंच मार्ग लं. 15 मीटर (3) बम्हनतर ग्राम पंचायत दलदली मेनरोड से शासकीय आंगनबाड़ी भवन तक पहुंच मार्ग लं. 120 मीटर (4) बरघाट ग्राम पंचायत दलदली मेनरोड | 17.21<br>12910.00 |
| 3. | (1) बरपानी ग्राम पंचायत आमानार मेन रोड से आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक शाला भवन तक पहुंच मार्ग लं. 30 मीटर (2) गाड़ाघाट मेन रोड से प्राथ. शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सामुदायिक भवन तक पहुंच मार्ग लं. 50 मी. (3) बरपानी ग्राम पंचायत आमानार में फूंदी लाल गोड के घर से सांस्कृतिक मंच तक पहुंच मार्ग लं. 10 मीटर (4) झुरगीदादर ग्राम पंचायत आमानार मेन रोड से आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंच मार्ग लं. 5 मीटर | 8.95<br>6715.00 |
| 4. | जोकपानी ग्राम पंचायत लब्दा मेन रोड से अमरलाल के घर तक पहुंच मार्ग | 12.53<br>9400.00 |
| 5. | (1) बाघमाडा ग्राम पंचायत पीपरखुंटा मेन रोड से शास. प्राथ. शाला भवन तक पहुंच मार्ग लं. 30 मीटर (2) बाघमाडा ग्राम पंचायत पीपरखूंटा में मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंच मार्ग लं. 50 मीटर (3) हडही ग्राम पंचायत पीपरखूंटा में मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंच मार्ग लं 10 मी. (4) पीपरखूंटा में मेनरोड से ननकु बैगा के घर तक पहुंच मार्ग लं. 100 मी. (5) मुकाम ग्राम पंचायत चेन्द्रादादर मेन रोड से शास. प्राथ. शाला तक पहुंच | 19.13<br>14350.00 |
| 6. | कोयलारी ग्राम पंचायत चेन्द्रादार मेन रोड से शास. प्राथ. शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंच मार्ग लं. 130 मी. (2) चेन्द्रादादर मेन रोड से पंचायत भवन एवं उचित मूल्य की दुकान तक पहुंच मार्ग लं. 50 मी. (3) धनवाही शास.प्राथ. शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंच मार्ग लं 30 मी. (4) चेन्द्रादादर मेन रोड से शास. बालक आश्रम तक पहुंच मार्ग लं. 20मी. | 19.14<br>14355.00 |
| 7. | (1) बदनापानी मेनरोड से शास.प्राथ. शाला एवं आंगनबाड़ी भवन पहुंच मार्ग लं. 100 मी. (2) लरबक्की मेनरोड से सामुदायिक भवन पहुंच मार्ग लं. 15मी. (3) धुमाछापर मेनरोड से शास. प्राथ. शाला पहुंच मार्ग लं. 30 मी. (4) धुमाछापर मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंच मार्ग लं.10 मी. (5) धुमाछापर मेन रोड से सामुदायिक भवन पहुंच मार्ग लं. 50 मी. | 17.21<br>12910.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। उपरोक्त निविदा विकास खण्ड बोडला के अंतर्गत है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग
कवर्धा

G- 65368/4

## संपादकीय

# तालिबान को मान्यता महिला अधिकार जरूरी

**तालिबान** को भले ही सहायता दी जाए, पर उनको उस समय तक मान्यता नही मिलनी चाहिए जब तक वे महिला अधिकारों को स्वीकार न कर लें। तालिबान विश्व समुदाय के लिए कठिन स्थिति पैदा कर रहे हैं जिससे उनकी अफगानिस्तान में अंतरिम सरकार को मान्यता नहीं मिल रही है। महिलाओं को दिया नया आदेश इसका नवीनतम कारण है। उनका एक मंत्रालय-मूल्यों को बढ़ावा देने तथा दुर्गुण रोकने वाला मंत्रालय, अफगान महिलाओं के जीवन को नियमित व नियंत्रित करना चाहता है। मंत्रालय ने महिलाओं को टीवी नाटकों और मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग लेने से रोक दिया है। महिलायें हिजाब पहन कर खबरें पढ़ती हैं। मीडिया पर लगे नियंत्रणों की पहली किश्त में आठ निर्देश दिए गए हैं। इस्लामी कानून और 'अफगान मूल्यों' का विरोध करनी वाली फिल्मों का प्रसारण नहीं हो सकता है। 'विदेशी मूल्यों' को प्रोत्साहित करने वाली विदेशी फिल्मों पर प्रतिबंध है। कामेडी शो द्वारा किसी का अपमान नहीं किया जा सकता है। 'पैगंबर व उनके साथियों' को दिखाने वाले शो को अनुमति नहीं है। आलोचक कह सकते हैं कि लोगों पर कुछ ही नियंत्रण लगाए गए हैं क्योंकि पिछली बार तालिबानों ने सत्ता में आने पर टेलीविजन व मीडिया के अन्य रूपों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन महिलाओं के प्रति तालिबान के दृष्टिकोण पर अनिवार्य रूप से बार-बार विचार होना चाहिए। वे चाहे जितना कहें कि उन्होंने स्वयं को आधुनिक व नरम बना लिया है, पर यह बात उनके प्रमुख लोगों के लिए सही नहीं है। वे 1996-2001 की तुलना में जरा भी नहीं बदले हैं। मूल्यों व दुर्गुणों पर मंत्रालय जिस तरह महिला मुद्दों से निपटता है, उससे रास्ता बिल्कुल बंद हो जाता है। कहीं इसी कारण तो तालिबान महिला व बाल कल्याण मंत्रालय की आवश्यकता नहीं अनुभव करते हैं?

तीन महीने पहले तालिबानों ने सत्ता पर कब्जे के दो दिन बाद 17 अगस्त को टेलीवीजन होस्ट के रूप में पहली बार बहिश्ता अरगंद ने एक तालिबान नेता का साक्षात्कार लिया था। इसके बाद ऐसा कोई दूसरा अवसर नहीं आया जिससे तालिबान का नरमपंथी मुखौटा उतर गया। इसके बाद निजी व सरकारी संस्थानों में कार्यरत महिलाओं को घर जाने के लिए कह दिया गया। महिला-उन्मुख रोजगारों की भी समीक्षा हो रही है। लड़कियों से कह दिया है कि वे विश्वविद्यालयों में अलग कक्षाओं में पढ़ सकती हैं। कुछ महिलायें पिछले दो देश में मिली तुलनात्मक स्वतंत्रता की आदी हो गई थीं। उन्होंने प्रदर्शन करने के प्रयास किए, लेकिन उनको तालिबान अधिकारियों ने पीटा और उनको कोड़े लगाए। तालिबान ने आश्वासन दिया था कि महिला आधिकारों का सम्मान किया जाएगा, पर इसके उलट महिलाओं को लगातार सार्वजनिक जीवन से बाहर किया जा रहा है। दुनिया को समझना चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति और खराब है जहां तालिबान लड़ाकुओं और कबीलाई प्रमुखों का वर्चस्व है और दशकों से केवल वे ही तय करते आए हैं कि महिलाओं को कैसे जीना चाहिए। अनेक सुदूर प्रांतों में महिलाओं के लिए अलग नियम हैं जो स्थानीय तालिबान प्रमुखों की उग्रता पर निर्भर करते हैं। महिला समूह चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अफगानिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता के साथ यह शर्त जोड़े कि वहां महिलाओं की स्थिति में सुधार हो। लेकिन यह स्थिति विरोधाभासों से भरी है क्योंकि सहायता की कमी से वहां व्यापक पैमाने पर भुखमरी फैल सकती है तथा मौतें हो सकती हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने आपात सहायता के लिए 600 मिलियन डालर से अधिक धनराशि एकत्र की है। जाड़ा शुरू होने के साथ ही खाद्य पदार्थों व दवाओं की सप्लाई महत्वपूर्ण हो गई है। विडंबना है कि राहत सहायता देने वाली अधिकांश कामगार महिलाये हैं, ऐसे में देखना होगा कि तालिबान इस बारे में क्या कहते हैं।

# भारतीय मछुआरों के हितों पर खतरा

## यदि बड़े पैमाने पर मछली पकड़ने तथा घटते समुद्री संसाधनों की समस्या बनी रही तो इसका छोटे मछुआरों तथा उनकी आजीविका पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



पिछले कुछ समय से विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ में वार्ताओं का दौर जारी है जिसका लक्ष्य अवैध, अज्ञात एवं अनियंत्रित मछली पकड़ने पर सब्सिडी समाप्त करने का समझौता है। इन वार्ताओं को संरा. के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी का हिस्सा बताया जाता है जिनमें अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित मछली पकड़ने पर सब्सिडी समाप्त करने तथा विकासशील व कम विकसित देशों को विशेष दर्जा व उनके साथ विशेष व्यवहार की बात कही गई है। लेकिन यदि यह समझौता होता है तो इससे भारत तथा अन्य विकासशील व गरीब देशों में छोटे मछुआरों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

यह सच है कि दुनिया वर्तमान समय में बहुत अधिक मछली पकड़ने तथा घटते समुद्री संसाधनों का सामना कर रही है। यदि यही स्थिति बनी रही ता इसका असर छोटे मछुआरों व उनकी आजीविका पर पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्रसंघ का यह विचार पूरी तरह सही है कि बहुत अधिक मछलियां पकड़ने से टिकाऊ विकास प्रभावित होगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि समुद्र में अधिक मछलियां पकड़ने का जिम्मेदार कौन है? कम से कम भारत या अन्य विकासशील देशों के छोटे मछुआरे इसके जिम्मेदार नहीं हैं जिनकी मछली पकड़ने की क्षमता बहुत कम है और इसके लिए उनको किसी प्रकार दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। मछलियां दो प्रकार से पकड़ी जाती हैं। छोटे मछुआरे अपनी नावों से मछलियां पकड़ते हैं, जबकि बड़ी कंपनियों के ट्रालर और बड़े जहाज मछलियां पकड़ते हैं। पिछले कुछ दशकों में बड़ी कंपनियों के बड़े जहाजों व ट्रालरों द्वारा मछलियां पकड़ने के प्रमाण मिले हैं और उनकी क्षमता काफी बढ़ गई है।

भारत में छोटे मछुआरे बरसात के मौसम में समुद्रों में मछलियां नहीं पकड़ते हैं। वे जानते हैं कि यह मछलियों का प्रजनन काल होता है। लेकिन बड़े ट्रालर इस समय भी मछलिया पकड़ने में कोई संकोच नहीं करते हैं। लेकिन बड़े ट्रालरों के संगठित क्षेत्र के अंतर्गत आने के कारण छोटे मछुआरों को अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित माना जाता है। इस प्रकार उनको सरकारों से मिलने वाली सब्सिडी समाप्त हो जाएगी, जबकि ट्रालरों व बड़े जहाजों को मशीनी प्रक्रियाओं के माध्यम से समुद्र में मछलियां पकड़ने की अनुमति मिलती रहेगी और वे सरकारी सब्सिडी के भी अधिकारी होंगे। ऐसी स्थिति में भारत तथा अन्य विकासशील देशों के छोटे मछुआरों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और उनको नुकसान पहुंचा कर बड़ी कंपनियों को लाभ मिलेगा। दुर्भाग्य से डब्लूटीओ में विकसित देशों तथा बड़ी कंपनियों के दबाव में इस विषय पर समझौते को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तेज हो रही है। विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक डा. नगोजी ओकोंजो इवीला कहते हैं कि मछली पकड़ने पर सब्सिडी संबंधित वार्तायें पूरी करना डब्लूटीओ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह न केवल मछलियों, बल्कि डब्लूटीओ की व्यवस्था के लिए जरूरी है। इसे संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्यों के नाम पर किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत में 1990 के दशकारंभ में बड़े ट्रालरों को मछली पकड़ने के लाइसेंस मिलने के बाद उन्होंने बहुत अधिक मछली पकड़ी जिससे समुद्र में मछलियों की उपलब्धता में भारी कमी आई। इसके परिणामस्वरूप छोटे मछुआरों की आजीविका प्रभावित हुई। उस समय मछुआरों की समस्यायें उजागर करने के लिए तीन बड़े आंदोलन हुए जिनका नेतृत्व स्वदेशी जागरण मंच तथा फादर थामस कोचरी ने किया था। इनके कारण तत्कालीन सरकार ने बड़े ट्रालरों का लाइसेंस नवीनीकरण नहीं किया था। लेकिन कुछ समय बाद ट्रालरों को फिर अनुमति मिलने लगी। एक बार फिर पर्यावरणवादियों द्वारा ट्रालरों पर प्रतिबंध की मांग तेज हो रही है। भारत सरकार की एक समिति इन ट्रालरों पर नियंत्रण के बारे में विचार कर रही है। पर्यावरणविदों का मानना है कि इन ट्रालरों पर प्रतिबंध ही समुद्र में ज्यादा मछलियां पकड़ने की समस्या से मुक्ति दिला सकता है। हालांकि, इन ट्रालरों पर सीधे प्रतिबंध तो नहीं लगाया गया है, पर केरल व ओडिशा समेत अनेक राज्यों ने परंपरागत मछुआरों की मांग पर ट्रालरों पर प्रतिबंध लगाए हैं ताकि उनके द्वारा मछली पकड़ना प्रभावित न हो। तर्क दिया जा रहा है कि मछली पकड़ने संबंधी सब्सिडी पर समझौते से मछलियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा भावी पीढ़ियों के लिए समुद्री संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।

इस संबंध में मछली पकड़ने के लिएदी जाने वाली सब्सिडी पर केवल विश्व व्यापार संगठन ही प्रतिबंध लगा सकता है। इस संबंध में नियम बनाने की प्रक्रिया 2001 में दोहा वार्ताओं का दौर शुरू होने के साथ प्रारंभ हुई थी। लेकिन मजेदार बात है कि जहां दोहा विकास दौर के बाकी सभी प्राविधानों को विकसित देशों ने फौरन अस्वीकार कर दिया था, वहीं आश्चर्यजनक रूप से अभी मछली पकड़ने के अधिकारों पर वार्ता जारी है।

यह सच है कि वर्तमान समय में 34 प्रतिशत अधिक मछलियां पकड़ी जाती हैं, जबकि 1974 में यह मात्रा केवल 10 प्रतिशत थी। इसके कारण धीरे-धीरे मछलियों की उपलब्धता घट रही है। इससे मछली पकड़ने पर निर्भर लोगों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा तटीय क्षेत्र पर रहने वाले लोगों में गरीबी बढ़ रही है। आज दुनिया में 40 मिलियन लोग मछलियां पकड़ने पर निर्भर हैं, इसलिए उनका जीवन गहराई से समुद्री संसाधनों पर निर्भर है। हालांकि, वर्तमान वार्तायें अवैध, अज्ञात व अनियंत्रित मछली पकड़ने पर मिलने वाली सब्सिडी समाप्त करने पर केंद्रित है, पर विकासशील देश इन प्रयासों का घोर विरोध कर रहे हैं। भारत समेत विकासशील देशों का विश्वास है कि सब्सिडी समाप्त करने का छोटे मछुआरों की आजीविका व उनके अधिकारों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। हालांकि, प्रस्ताव में कहा गया है कि विकासशील व गरीब देशों के साथ अलग व विशेष व्यवहार किया जाएगा, पर ऐसा लगता है कि समझौते से विकासशील देशों के छोटे मछुआरों पर समझौते का सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। आश्चर्यजनक रूप से जब सभी चीजें ठहर गई थीं, ये वार्तायें बेलगाम जारी रहीं। आवागमन पर नियंत्रण के कारण जेनेवा में दूतावास न होने वाले छोटे देशों के विचारों को दस्तावेज में समुचित स्थान नहीं मिल सका। इस कारण भी विकासशील देशों में गुस्सा बढ़ रहा है। हाल में जब विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक भारत आए तब भारत ने सीधे कह दिया कि विभिन्न देशों द्वारा मछली पकड़ने को अनुचित सब्सिडी देने तथा विकसित देशों द्वारा बहुत अधिक मछलियां पकड़ने के कारण भारत के छोटे मछुआरों पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा है। इसलिए विकसित देशों द्वारा बड़े जहाजों को मिलने वाली सब्सिडी समाप्त करना जरूरी हो गया है। भारत ने स्पष्ट कहा है कि समझौते का प्रारूप संतुलित नहीं है। इस संदर्भ में विकासशील देशों को समझौते में मिलने वाले विशेष व्यवहार को केवल भारत के सुझावों को शामिल कर ही संतुलित किया जा सकता है।

भारत की मांग है कि विकसित देश उन मछली पकड़ने वालों को सब्सिडी देना बंद करें जो अपनी प्राकृतिक भौगोलिक सीमाओं से बाहर जाते हैं। लेकिन औद्योगिक रूप से मछली पकड़ने वाले देश इसके लिए तैयार नहीं हैं। भारत चाहता है कि गरीब व छोटे मछुआरों के हित संरक्षण हेतु सब्सिडी का प्राविधान जारी रखा जाए। भारत में कोई अवैध, अज्ञात या अनियंत्रित मछली पकड़ने वाले नहीं हैं। डब्लूटीओ की स्थापना के बाद से ही भारत का मानना है कि विकसित देशों को खास रियायतें मिलती हैं तथा उनकी कृषि सब्सिडी बेलगाम जारी हैं, जबकि विकासशील देशों के अधिकारों को सीमित किया गया है। मछली पकड़ने पर मिलने वाली सब्सिडी संबंधित इस फैसले में यह गलती दुहराई नहीं जानी चाहिए। आज समय की आवश्यकता है कि भारत तथा अन्य विकासशील देश व गरीब देश अमीर देशों के पक्षपात का मुकाबला करें। उनको मछली पकड़ने पर सब्सिडी संबंधित किसी असंतुलित व अतार्किक समझौते पर तैयार नहीं होना चाहिए ताकि छोटे और गरीब मछुआरों के हितों की रक्षा हो सके।

# शिक्षण संस्थाओं के लिए समान संहिता

> "निजी कॉलेजों में वेतन संरचना या पदोन्नति में एक समान नियम नहीं हैं। कई निजी संस्थान ऐसे लोगों की भर्ती कर रहे हैं जो योग्यता को पूरा नहीं करते हैं।"

**बीजू धर्मपालन**
(लेखक अकादमिक क्षेत्र से जुड़े हैं)





निजी स्कूलों द्वारा बनाए रखा तथाकथित गुणवत्ता केवल भौतिक बुनियादी ढांचे और अंग्रेजी संचार प्रचार में है न कि बौद्धिक स्तर पर। खुली जगह में भी अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जा सकती है। महामारी के दौरान हुई शिक्षा में डिजिटल क्रांति ने स्कूलों की भौतिक संरचना को अप्रासंगिक बना दिया है। यह शिक्षकों की इच्छाशक्ति और समर्पण है जो मायने रखता है। हालांकि, अधिकांश निजी स्कूलों में शिक्षकों को अच्छी तरह से भुगतान नहीं किया जाता है और कोविड की स्थिति ने उनके लिए हालात और खराब कर दिए हैं क्योंकि उन्हें बिना अतिरिक्त वेतन के अतिरिक्त ड्यूटी करनी पड़ती है।

देश भर में, निजी स्कूल के शिक्षक सबसे कम वेतन पाने वाले हैं। नौकरी की कोई सुरक्षा भी नहीं है क्योंकि प्रबंधन नियमों का पालन नहीं करने पर किसी भी समय प्रबंधन शिक्षकों को बर्खास्त कर सकता है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी स्थिति अलग नहीं है। महामारी के समय में, सैकड़ों शिक्षकों को निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। वैसे भी निजी कॉलेजों में वेतन संरचना या पदोन्नति में एक समान नियम नहीं हैं। कई निजी संस्थान ऐसे लोगों की भर्ती कर रहे हैं जो आवश्यक योग्यता को पूरा नहीं करते हैं। इन निजी संस्थानों को बस एक ऐसे कार्यबल की जरूरत है जो उनकी बात मान सके। निजी सहायता प्राप्त कॉलेज भी हैं जो भर्ती प्रक्रिया के लिए मोटी रकम लेते हैं। सभी निजी उच्च शिक्षा केंद्रों में कार्यरत शिक्षक संतुष्ट नहीं हैं और उनका असंतोष उनके शिक्षण के माध्यम से छात्रों को हस्तांतरित किया जाता है। हाल ही में, केरल विधानसभा ने एक ऐतिहासिक केरल स्व-वित्तपोषित कॉलेज शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी (नियुक्ति और सेवा की शर्तें) विधेयक, 2021 पारित किया, जो निजी कॉलेजों में कर्मचारियों के लिए सेवा शर्तों की गारंटी के लिए एक कानून रखता है। केरल राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा अनुशंसित कानून को एक ऐसे कानून के रूप में देखा जा रहा है जो गैर-सहायता प्राप्त क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए सेवा शर्तों को सुनिश्चित करने के लिए नियमों का मानकीकरण करेगा। भले ही यह उच्च शिक्षा के खतरों को दूर करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है, लेकिन चिंता का एक क्षेत्र अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए दिया गया विशेष विशेषाधिकार है। केरल में, अधिकांश निजी कॉलेजों का प्रबंधन अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा किया जाता है और इन केंद्रों में शिक्षकों का अत्यधिक शोषण होता है। अल्पसंख्यक संस्थानों को प्राप्त विशेषाधिकारों के अनुसार, सरकार उन्हें पूरी तरह से नियंत्रित नहीं कर सकती है। इन एजेंसियों द्वारा संचालित निजी मेडिकल और डेंटल कॉलेज शायद ही कभी छात्रों को सरकारी मानदंडों के अनुसार पूर्ण वजीफा प्रदान करते हैं। कुछ मामलों में, प्रबंधन द्वारा बैकलैश के डर से, पीजी छात्रों को उनके खाते में जमा किए गए वजीफे को वापस करना पड़ता है। प्रबंधन पक्ष के कर्मचारी सदस्य, आमतौर पर एक ही समुदाय से, अनुचित लाभ प्राप्त करते हैं और अन्य समुदायों के सदस्यों को मानसिक रूप से परेशान किया जाता है और उनकी व्यावसायिक उन्नति को कम कर दिया जाता है। शिक्षकों के बीच व्याप्त अस्वस्थ वातावरण छात्रों में स्थानांतरित हो जाता है और पूरी व्यवस्था खराब हो जाती है।

जब एक शिक्षण संस्थान का प्रबंधन अन्य समुदायों के छात्रों और शिक्षकों के शुल्क और दान द्वारा किया जाता है, तो कोई संस्थान विशेष अल्पसंख्यक दर्जे का दावा कैसे कर सकता है? अगर वे उस स्थिति का आनंद लेना चाहते हैं तो उन्हें अपने समुदाय के छात्रों को अकेले पढ़ाना चाहिए, और उसी समुदाय के शिक्षकों की भर्ती भी करनी चाहिए। यहां तक ??कि अल्पसंख्यक समुदायों (यहां तक ??कि गैर-अल्पसंख्यक भी) द्वारा संचालित निजी सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में भी लाखों रुपये चंदा लेकर शिक्षकों की भर्ती की जाती है। यह एक खुला रहस्य है और चुनावों में प्रतिक्रिया के डर से किसी भी राजनीतिक दल में इन प्रबंधनों को लेने का साहस नहीं है। ऐसे में हमें केरल सरकार द्वारा किए गए प्रयास की सराहना करनी होगी।

हालांकि, यह देखना मुश्किल होगा कि सरकार अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त संस्थानों में नए विधेयक को प्रभावी ढंग से कैसे लागू करेगी। यह उचित समय है जब हम निजी स्कूलों और कॉलेजों के कामकाज को नियंत्रित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आम कानून विकसित करें, क्योंकि शिक्षा सभी के लिए समान है, चाहे वह किसी भी वर्ग, लिंग या नस्लीय भेदभाव के लिए हो।

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के शासनकाल में, ऐसा कुछ भी नहीं बचा है जो महंगा न हो गया हो।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**सरकार** के पीछे हटने का भी समय होता है, ताकि ऑस्ट्रेलियाई जनता आगे बढ़ सके।

– **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री



**उत्तर** प्रदेश में कभी हर तीसरे या चौथे दिन दंगे होते थे, लेकिन अब राज्य की 'दंगा मुक्त' राज्य के तौर पर पहचान है।

– **योगी आदित्यनाथ**
यूपी के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## स्मार्ट पुलिसिंग

**वर्ष** 2014 से हर वर्ष पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी भाग ले रहे है। लखनऊ में आयोजित 56वे सम्मेलन में भाग लेते हुये आंतरिक सुरक्षा से लेकर पुलिस के आधुनिकीकरण पर जोर देते हुये सारे देश मे एक जैसी तकनीक के प्रयोग पर बल दिया। इसके लिये प्रधान मंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हाई पावर टेक्नोलॉजी मिशन गठन करने की घोषणा किया। सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री मोदी ने स्मार्ट पुलिसिंग की संकल्पना किया था। जिससे पुलसिंग के गिरते स्तर को उठाया जा सके। स्मार्ट पुलिसिंग में स्मार्ट के हर अक्षर का अर्थ बताते हुये मोदी ने कहा था कि एस से स्ट्रिक्ट और सेंसटिव, एम से मॉडर्न व मोबाइल, ए से एलर्ट और अकाउंटेबल, आर से रिलायबल और रेस्पॉन्सिव तथा टी फार टेक्नोसेवी और ट्रेंड है। मोदी ने कोरोना महामारी के समय पुलिस द्वारा शानदार कार्य कोरोना वारियर्स के रूप में किये जाने पर सराहना किया। राज्यों में कानून व्यवस्था और अपराध के नियंत्रण के लिये तकनीक का दायरा बढ़ना चाहिये। राज्यों की पुलिस व जांच एजेंसियों के बीच समन्वय होना चाहिये। ड्रोन तकनीक का उपयोग भी लोगों के लाभ के लिये होना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

## वर्क फ्राम होम

**कोविड-19** के बाद ज्यादातर कंपनियों एवं संस्थानों में वर्क फ्रॉम होम का पैटर्न चल रहा था। यह दोनों पक्षों के लिए सुविधाजनक भी था। घर से कार्य करने के अपने फायदे एवं नुकसान हैं। व्यक्ति अपने अनुसार अपने टाइम का मैनेजमेंट करके कार्य करता है। संस्थान तक पहुंचने का खर्च, समय एवं मानसिक त्रास से भी बचाव होता है। वर्क फ्रॉम होम की खामी यह है कि इसमें होमसिकनेस की संभावना बलवती हो जाती है। सभी के पास कार्य करने के लिए अनुकूल परिस्थितियां एवं जगह उपलब्ध होना भी एक समस्या है। घरेलू कामकाज एवं व्यवधान भी काम में खलल डालते हैं। ऑफिस वर्क की फीलिंग नहीं आने से व्यक्ति कार्य में थोड़ा सुस्त भी हो सकता है। ऑफिसों में कई लोग एक साथ कार्य करते हैं इसलिए व्यक्ति की भी कार्य करने की मेंटेलिटी अपने आप डेवलप होती है। कार्य करने का सही माहौल ऑफिस में ही मिल पाता है। ऑफिस खुलने से एवं कार्यालयों में पूरी क्षमता के साथ कार्य होने से व्यक्ति अपने पुराने रूटीन पर धीरे-धीरे लौट आएगा। कर्मचारियों में कोविड त्रासदी के कारण आया जड़ता का भाव ऑफिस वर्क से समाप्त होने में मदद मिलेगी।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

## घरेलू सहायकों की दशा

**यह** पत्र 'घरेलू सहायक' से संबंधित है। वे सदैव अपने मालिक की दया पर आश्रित रहते हैं और यह अतिशयोक्ति नहीं होगी अगर यह कहा जाए की अधिकांश घरेलू सहायकों पर किसी ना किसी रूप मे अत्याचार होता है चाहे वह आर्थिक, मानसिक या शारीरिक हो। केंद्र सरकार की सेवायोजन नीति एक अच्छा कदम है लेकिन यह बिल्कुल जनसंख्या गणना की तरह है जिसमें अथक प्रयास की ज़रूरत है। घर घर जा कर इनकी गिनती करना पड़ेगा। शहरों मे आर डब्ल्यू ए की मदद ली जा सकती है। निसंदेह सर्वेक्षण के बाद ऐसा कानून बनाना चाहिए जिसमे इनके सामाजिक संरक्षण के बारे मे ध्यान दिया जाए। मगर सबसे बड़ा पहलू है इन घरेलू सहायकों के बच्चों का भविष्य ,अधिकांश यह देखा देखा जाता है की इन सहायकों के बच्चे अपनी पढ़ाई बीच मे ही छोड़ कर कुछ छोटे छोटे कामों मे लग जाते हैं और कुछ तो अपने माता पिता के साथ इन्हीं घरों मे बाल श्रमिक के रूप मे भी काम शुरू कर देते हैं. तो सरकार ने एक छोटी परंतु अच्छी शुरुआत की है लेकिन एक लंबा सफ़र अभी बाकी है।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

# जन जागरण अभियान पद यात्रा के कार्यक्रम सभा में केंद्र सरकार के ऊपर गरजे : पीतांबर वर्मा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



देश मे बढ़ते हुए मंहगाई एवं केंद्र सरकार की नाकामियों के विरुद्ध प्रदेश भर में कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे जन-जागरण अभियान पदयात्रा के 8 दिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोड़ला के द्वारा जन-जागरण पदयात्रा गुरुवार को भालूचुवा से बिसनपुरा, मिनमिनिया मैदान, मंडलाटोला, सुकवापारा, मुड़ियापारा होते हुए बोड़ला में सभा कर पीताम्बर वर्मा ने कहा कि देश मे बढ़ते मंहगाई को लेकर मोदी सरकार के ऊपर बरसे आमसभा को संबोधित करते हुए कहा भाजपा की सरकार मंगाई को बेतहाशा बड़ा रही है इसके विरुद्ध में कांग्रेस आमजनता की लड़ाई पूरे दम-खम से लड़ रही है देश मे मंहगाई आसमान को छू रही है जिसके चलते डीजल पेट्रोल रशोई गैस एवं खाद्य सामग्री आम जनता से दूर जा रही है गरीबो के थाली से सब्जी गायब होती जा रही है भाजपा ने सात वर्ष पूर्व देश की भोले भाले अवाम से झूठ बोलकर देश मे सरकार बनाई और नरेंद मोदी प्रधानमंत्री बने देश की दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा पन्द्रह लाख रु खाता में जमा करने का वादा झूठा निकला बढ़ते मंहगाई से देश के गरीब, किसान एवं मध्यवर्गीय परिवार व कर्मचारी दिन ब दिन परेशान होते जा रहे है मोदी सरकार देश की जनता की न सोचते हुए केवल अपने उद्योग पति मित्रो के बारे में सोच रहे और उन्हीं का कर्ज माफ कर रहे है। राज्य के भूपेश सरकार की जनकल्याण करी योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री गरीब मजदूर, किसान व मध्यवर्गीय परिवार व कर्मचारी के सरकार है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सत्ता संभालते हुए सबसे पहले किसान हित को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के किसानों की कर्ज माफ की 2500 रु समर्थन मूल्य में धान खरीदी राजीव गांधी न्याय योजनांतर्गत प्रति एकड़ 9000 रु किसानों की खाता में डाला दो रु प्रति किलो गोबर खरीद कर स्वसहायता समूहों को रोजगार दिए बिजली बिल हॉफ किये छत्तीसगढ़ की जनता को बड़ी राहत देते हुए पैट्रोल में वैट पर 1त्न की कमी डीजल में वैट पर 2%की कमी कर प्रदेश की जनता को राहत देते हुए राज्य के भूपेश सरकार लगभग एक हजार करोड़ वहन करेगी गरीब मजदूर किसानों को प्रति वर्ष 6000 हजार देगी वही स्वसमूहों की कर्ज माफ कर जनकल्याणकारी कार्य कर रही है पितांबर वर्मा ने कहा कवर्धा के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर भाई जी ने कवर्धा पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण को 15 साल में भाजपा के सरकार में रहे कवर्धा के रहने वाले डॉक्टर रमन सिंह ने जो पुलिया को 15 साल में नहीं बना पाया उस पुलिया को माननीय मंत्री मोहम्मद अकबर जी द्वारा 2 साल के अंदर पूरा कर दिखाया है जो आपके सामने में दिख रहा है संबोधन के अंतिम मे ग्रामीणों से बहुत हो गई मंहगाई की मार गद्दी छोड़ो मोदी सरकार की नारे लगवाई।

जन जागरण अभियान पद यात्रा में शामिल पीताम्बर वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोड़ला, अमर सिंह वर्मा जन जागरण अभियान पद यात्रा प्रभारी बोड़ला, दुलाखन गेंडरे जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस, सावित्री रामचरण साहू अध्यक्ष नगर पंचायत बोड़ला, छबि लाल वर्मा, रामचरण साहू, छोटेलाल गेंडरे, हीरा कोसले जनपद सदस्य, काम दत्त गेंडरे, रामफल वर्मा, कुंदे लाल झारिया, मनोज वर्मा, बालक वर्मा, जाहरीराम धुर्वे, कृतिका कश्यप महिला ब्लॉक अध्यक्ष बोड़ला, शमशाद बेगम पार्षद बोड़ला, दूवसीय बाई, छवि धुर्वे, भरत गुप्ता पार्षद, विसर्जन धुर्वे, रामेश्वर यादव, उमेश चंद्रवंशी,कमल बंजारे, अर्जुन पटेल, पुरन मानिकपुरी, गंगू पटेल, दीपक मागरे, गोरे लाल चंद्रवंशी, परमेश्वर मानिकपुरी, अश्वनी वर्मा ,अमित वर्मा ,धन सिंह धुर्वे, श्याम मेश्राम, उमेश चंद्रवंशी, तीलोकी लहरें, मारिया टोला सरपंच एवं समस्त बोड़ला ब्लॉक के कांग्रेसी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे हैं।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2021 के संबंध मे जिलाधीश हुए मीडिया से रु-ब-रु

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) विलास भोसकर संदीपान ने आज शाम कलेक्टोरेट सभा कक्ष मे नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन के संबंध मे मीडिया प्रतिनिधियों से रु-ब-रु होकर निर्वाचन के संबंध मे जानकारी साझा किए। कलेक्टर ने बताया कि नगर पंचायत मारो के सभी 15 वार्डो मे आम निर्वाचन एवं नगर पालिका बेमेतरा के वार्ड क्र.05 एवं 11 मे नगर पंचायत देवकर के वार्ड क्र.07 तथा नगर पंचायत थानखम्हरिया के वार्ड क्र.11 मे उप चुनाव 20 दिसम्बर को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाईन साफ्टवेयर के माध्यम से नामांकन दाखिल करने की व्यवस्था की गई है। जिसे ओनो (ओएनएनओ) नाम दिया गया है। ऑनलाईन नामांकन भरने के बाद उसकी प्रिंट कॉपी हस्ताक्षर सहित सह दस्तावेज रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा करनी होगी। कलेक्टर ने यह भी बताया कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन सवेरे 10:30 बजे होगा। नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 03 दिसम्बर अपरान्ह 03 बजे तक, नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्कूटनी) 04 दिसम्बर सवेरे 10 बजे से, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 06 दिसम्बर अपरान्ह 03 बजे तक, चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन 06 दिसम्बर को नाम वापसी के पश्चात किया जायेगा। मतदान (यदि आवश्यक हो) 20 दिसम्बर को सवेरे 08 बजे से शाम 05 बजे तक, चुनाव परिणाम की घोषणा 23 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे से संबंधित नगरीय निकाय मुख्यालयों मे होगा। जिले मे निर्वाचन कार्य को समय सीमा मे संपादित कराने के लिए अधिकारी/कर्मचारियों के बिना अनुमति अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिले के संबंधित नगरीय निकायों मे प्रतिबंधात्मक धारा 144 लागू कर दी गई है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि संबंधित नगरीय क्षेत्रों मे सभा रैली वाहन आदि के लिए अनुमति प्रदान करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकृत किया गया है। नगर पंचायत मारो के आम निर्वाचन के लिए कुल 4416 मतदाता हैं। देवकर के उप निर्वाचन के लिए कुल मतदाता 302, थानखम्हरिया के लिए 406, बेमेतरा नगर पालिका के दो वार्ड के उप चुनाव के लिए कुल मतदाता 2552 है। निर्वाचन व्यय लेखा की जांच एवं प्राप्ति हेतु नगर पंचायत मारो मे 02, नगर पंचायत देवकर एवं थानखम्हरिया, नगर पालिका बेमेतरा मे 01-01 सहायक व्यय संपरीक्षक की नियुक्ति की गई है। जिला स्तर पर जिला कोषालय अधिकारी बेमेतरा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एएसपी पंकज पटेल, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण तिवारी एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# संविधान दिवस पर आयुक्त ने निगम मुख्यालय में अधिकारी और कर्मचारियों के साथ संविधान प्रस्तावना उद्देशिका का किया पठन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर आयुक्त हरेश मंडावी ने निगम मुख्यालय में अधिकारी और कर्मचारियों को संविधान के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली। इस दौरान आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों से संविधान के प्रति अपनी निष्ठा, दायित्व का निर्वहन करने को कहा, उन्होंने भारतीय संविधान की विशेषताओं के बारे में भी बताया। संविधान दिवस के मौके पर संविधान की प्रस्तावना के तहत देश को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के साथ ही राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्रित करने और बंधुता बढ़ाने की शपथ ली गई।इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता राजेश कुमार पांडेय, सहायक अभियंता आर.के.जैन, सहायक अभियंता जितेंद्र समैया, राजकमल बोरकर, जनसम्पर्क अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,राजस्व अधिकारी नारायण यादव, मनोहर साहू, शरद रत्नाकर, छगन लाल साहू, चंदन मन्हारे, रवि कुमार मिश्रा, शुभम गोईर, शेखर वर्मा, सत्यनारायण शर्मा, ईश्वर वर्मा, हेमलता वर्मा, वंदना श्रीवास्तव, नीलम कसार, राजेन्द्र मिश्रा, कोमल यादव, राजू चंद्राकर के अलावा समस्त निगम कर्मचारी मौजूद थे।

# स्वच्छता दीदी और सफाई मित्रों का विधायक, महापौर, आयुक्त और सभापति ने सम्मान कर बढ़ाया मनोबल

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम,विज्ञान भवन,नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव अंतर्गत केंद्रीय जांच टीम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में दुर्ग नगर निगम को 2 लाख 64 हजार 8 सौ 6 की जनसंख्या वाले शहरों में दुर्ग को पूरे देश मे 83 से 17 वां रैंक और पहली बार गार्बेज फ्री सिटी के लिए अवार्ड प्राप्त करने पर 25 नवम्बर गुरुवार को बीआईटी हॉल में स्वच्छ्ता दीदीयों और सफाई मित्रो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त हरेश मंडावी, सभापति राजेश यादव द्वारा तत्कालीन स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं वर्तमान स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दिवान के साथ-साथ स्वच्छता दीदीयों में दीपा जोशी, हेमा बंजारे किरण साहू, लक्ष्मी जांगड़े, अर्पणा मसीह, ममता तांग समेत स्वास्थ्य विभाग शेखर वर्मा, जसवीर सिंह भुवाल, सुरेश भारती, राजू सिंह एव अन्य, कर्मशाला विभाग वीरेंद्र ठाकुर, शोएब अहमद, कविता साहू, सूरज सारथी,लोक कर्म विभाग कार्यपालन अभियंता एमपी गोस्वामी, आर.के पांडेय, प्रकाशचंद थवानी, एआर राहंगडाले, आर.के. पालिया, भारती ठाकुर, आशमा डहरिया, स्वेता महलवार एवं अन्य समेत 130 का सम्मान करते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। देश में दुर्ग निगम को स्वच्छ्ता सर्वेक्षण में मिला 17 वां स्थान प्राप्त हुआ।और गार्बेज फ्री सिटी के तहत मिला 3 स्टार रेटिंग,सफाई सुरक्षा चैलेंज में मिला देश मे छठवा स्थान,सीआईआई 3 आर अवार्ड के तहत मिला दुर्ग को देश में पहला स्थान, रायपुर में आयोजित स्वच्छ्ता का हैट्रिक महोत्सव के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग को किया सम्मानित। -विधायक अरुण वोरा ने कहा मैं सभी स्वच्छ्ता मित्रो और निगम अधिकारी, कर्मचारियों का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ। पूरी दुर्ग नगर की जनता के लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि निगम के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगन एवं मेहनत को दर्शाती है और पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्यो के कारण देश और प्रदेश में दुर्ग का मान बड़ा है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि मैं शहर के नागरिको को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने गीला कचरा अलग एवं सुख कचरा अलग अलग कर निगम का सहयोग किया,दुर्ग निगम को मिला अवार्ड को मैं शहर की जनता को समर्पित करता हूँ। उन्होंने शहर की जनता से अपील कर कहा कि आने वाले स्वच्छ्ता सर्वेक्षण 2022 में निगम का सहयोग कर पूरे देश मे दुर्ग को नम्बर 1 बनाएं। -आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा स्वच्छ्ता सर्वेक्षण दु हजार बाइस (2022) अब दुर्ग ह मैदान में आइस। स्वच्छ बनाना है। आने वाले वर्षों में अच्छे से अच्छा काम कर शहर का नाम पुनः रौशन करना है। इस वर्ष नगर निगम को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। निश्चित रूप से इसका सारा श्रेय स्वच्छता दीदीयों, सफाई मित्रों, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ नगर निगम के समस्त पार्षदों एवं शहर की नागरिकों को जाता है। नागरिकों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं।

**सभापति राजेश यादव ने कहा**

निश्चित रूप से इसका सारा श्रेय शहर के नागरिको और स्वच्छता दीदीयों,सफाई मित्रों को जाता है, सफाई मित्रो का विशेष योगदान है। इस अवसर मौजूद पूर्व महापौर आरएन वर्मा,एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले ,ऋषभ जैन,दीपक साहू, भोला महोविया, जयश्री जोशी,सत्यवती वर्मा,मनदीप सिंह भाटिया, शंकर ठाकुर, पार्षद राजकुमार नारायणी,सतीश देवांगन,पार्षद विजेंद्र भारद्वाज, एल्डरमेन हरीश साहू, मनीष यादव, कार्यपालन अभियंता एमपी गोस्वामी, राजेश पांडेय, आर.के.जैन, आर.के. पालिया,प्रकाशचंद थवानी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं सहायक भवन अधिकारी गिरीश दिवान, भारती ठाकुर,स्वेता महलवार, आसमा डहरिया, वीरेंद्र ठाकुर, जनसम्पर्क अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, नारायण सिंह ठाकुर,अनिल सिंह,पीआईयू शेखर वर्मा समेत निगम अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

# ग्राम सैगोना में आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण के लिए जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**शिकायत निराकरण के साथ-साथ आमजन को सायबर ठगी, यातायात नियमो व अन्य अपराधों से बचने हेतु दिया सुझाव**

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

दुर्ग रेंज (IGP) ओ.पी.पाल (भा.पु.से.) व पुलिस अधीक्षक बेमेतरा अरविंद कुजूर एवं अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी रामकुमार बर्मन के द्वारा ग्राम सैगोना में आमजन के समस्याओं के निराकरण हेतु जनदर्शन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 24.11.2021 को डीएसपी रामकुमार बर्मन के द्वारा थाना खम्हरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैगोना में पुलिस जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें डीएसपी रामकुमार बर्मन को 02 शिकायत आवेदन प्राप्त हुआ। जिनके समस्या को स्वयं सुना एवं शिकायत का निराकरण मौके पर ही तत्काल किया गया। जनचौपाल/जनदर्शन लगाने का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जनता के द्वारा बताई जाने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण करना है। तथा महिला बाल विकास अधिकारी, सायबर सेल टीम, थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक नासिर खान एवं डीएसपी रामकुमार बर्मन ने अपने उदबोधन में ग्रामवासियों एवं छात्र/छात्राओं को महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा पाक्सो एक्ट व यौन उत्पीड़न से संबंधित जानकारी तथा सेल्फ डिफेंस, महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित अपराध एवं उनके रोकथाम तथा कानून के संबंध में किसी प्रकार के असमंजस की स्थिति में पुलिस अधिकारी से जानकारी लेने की बात कही गई। हमें सदैव जागरूक रहने और घटना घटित होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने अपील की गई। तथा साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी, एटीएम ठगी, ऑनलाईन ठगी, फेसबुक, से संबंधित अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करने, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, वाहन चालको को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने, अपने वाहन के कागजात हमेशा पूर्ण रखने, वाहन गति सीमा में ही चलाने तथा वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की आवश्यकता, साथ ही छात्र छात्राओं को यातायात के नियमो व यातायात के सांकेतिक चिन्हो सड़क दुर्घटनाओ से बचने के तरीके बताये गये। छात्र - छात्राओ को बिना लायसेंस वाहन न चलाने एवं अन्य यातायात के नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में सउनि सुरेश सिंह, आरक्षक विक्रम सिंह, नुरेश वर्मा, राजू यादव राजपूत, ग्राम सैगोना के वरिष्ट एवं सम्माननीय भरत लाल सिन्हा, देवचरण वर्मा व छात्र , छात्राएं एवं थानाखम्हरिया के अन्य पुलिस अधि./कर्म.उपस्थित रहे।

## लीनेस क्लब बेमेतरा द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए बैठक आयोजित



**बेमेतरा।** लीनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा द्वारा क्लब के आगामी सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें उनके पूर्व सदस्य दिवंगत सुनीता शर्मा को विनम्र श्रद्धांजलि प्रदान की गई तत्पश्चात दीपावली मिलन का कार्यक्रम सादगी पूर्ण आयोजित कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के संबंध में चर्चा की गई इस अवसर पर ली. क्लब अध्यक्ष विनोद राघव ,सचिव ममता ताम्रकार, ललिता साहू, संरक्षिका शारदा तिवारी, उमा तिवारी, शशि तिवारी ,निधि बनाफर ,आरती साहू ,नीलम साहू, सुषमा साहू, उर्वशी दास, नित्या साहू, रानी, मुमताज़ रवानी, नीम्मी पटेल एवं अन्य उपस्थित थे।

# कालेज में नियुक्त नोडल अधिकारी एवं कैम्पस एम्बेसडर को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के संदर्भ में महाविद्यालयों में नियुक्त नोडल अधिकारी एवं कैम्पस एम्बेसडर का बैठकसह प्रशिक्षण का आयोजन जिला गत दिवस जिला कार्यालय के दृष्टिसभाकक्ष में किया गया। जिसमें 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर संदीपान ने अपने उद्बोधन में युवा मतदाताओं को जागरूक रहने तथा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए कहा। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संविधान के संबंध में कैम्पस एम्बेसडर से सवाल जवाब करते हुए कलेक्टर ने उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को निर्वाचन में बिना किसी लोभ, प्रलोभन के मतदान करने की शपथ भी दिलायी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण तिवारी ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना तथा मतदान करना क्यों आवश्यक है यह सवाल करते हुए प्रत्येक मत को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने नोडल अधिकारियों को महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हो यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोष नामदेव ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए आयोग के गतिविधियों की जानकारी दी। स्वीप के मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार झा ने महाविद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब गठित करने एवं विभिन्न गतिविधियों तथा फार्म 6,7,8 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। आपरेटर लवकुश चन्द्राकर ने आयोग द्वारा दावा आपत्ति के लिए उपलब्ध आनलाईन सुविधा का प्रोजेक्टर में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिले के शासकीय महाविद्यालयों में नियुक्त स्वीप नोडल अधिकारी नेहिलराव निर्मल, डॉ. विनिता गौतम, मंगला बंजारा, मेघा तिवारी, शोभारानी मलाकी, गिरवर सिंह भारद्वाज, नम्रता पाण्डेय तथा जी.पी.वर्मा सहित कैम्पस एम्बेसडर उपस्थित थे।

**आखिर पांडातराई पुलिस क्यों नही कर पा रही कार्यवाही हर तरफ शराब जुआ सट्टा चरम पर**

# पांडातराई थाने क्षेत्र में खूब फल-फूल रहा अवैध जुआ सट्टा शराब का कारोबार

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

थाना पांडातराई क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाके में जिसमे 59 गांव आते है साथ साथ पांडातराई नगर पंचायत भी है इन इलाकों में पांडातराई पुलिस नाकाम साबित हो रही है कार्यवाही का अभाव ही कहे की दिनों दिन अवैध शराब, जुआ सट्टा का कारोबार फलता फूलता हुआ इलाके में नजर आ रहा है लेकिन शायद पुलिस प्रशासन सब कुछ जानते हुए अनजान बनते नजर आ रहे है आखिर क्यों पुलिस सही मायने में मुस्तैदी से अपनी कार्य नही कर रही है ये एक गंभीर और बड़ा सवाल है।

**महिलाएं और बच्चे भी जूए सट्टे में लगा रहे दांव**

गरीब तबके के लोग भी अपनी गाढ़ी कमाई एक रुपए से अस्सी रुपए बनाने के चक्कर में गवां रहे है अब छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं तक इसमें लिप्त नजर आ रही है लेकिन पुलिस के कार्यवाही का अभाव के कारण इन सटोरियों के हौसले बुलंद है कभी कभार खानापूर्ति के लिए पुलिस द्वारा छोटी मोटी कार्यवाही कर दी जाती है लेकिन जो बड़े पैमाने में सटोरिए अवैध रूप से लगातार सट्टा का कारोबार कर रहे है या क्रिकेट मैच के जरिए या ताश पत्ती जुआ संचालित कर रहे है उन्हे नजर अंदाज किया जाता है आखिर क्यों पांडातराई पुलिस जुआ सट्टा ताश क्रिकेट मैच के जरिए अवैध कारोबार पर लगाम नही पा रही है ये अपने आप में एक गंभीर सवाल खड़ा कर रही है कही न कही संदेह को जन्म दे रही है अब देखना ये है की आखिर कब इस अवैध जुआ सट्टा के कारोबार को पांडातराई पुलिस काबू में करती है या फिर इसी तरह सब चलता ही रहेगा।



**आखिर कब रुकेगा अवैध जुआ सट्टा का कारोबार**

क्षेत्र की जनता के मन में ये सवाल है की आखिर कब रुकेगा ये अवैध जुआ सट्टा का कारोबार उनके मन में ये हमेशा डर बना रहता है की कही हमारे भी बच्चे या बड़े इसका शिकार न हो जाए जिससे उनके भविष्य की चिंता होती रहती है आमजनों का कहना है की अगर सही तरीके से पांडातराई पुलिस अपना कार्य करेगी तो निश्चित ही इस पर काबू पाया जा सकता है सभी क्षेत्र वासियों ने अपील किया है की इस अवैध जुआ सट्टा पर खासतौर से कार्यवाही कर पूरी तरह से इस पर लगाम लगाने की बेहद ही जरूरत है जिससे हमारे समाज में शांति हो और कोई बुराई उत्पन्न न हो।

**कबीरधाम में बढ़ रहा अपराध का ग्राफ पुलिस अधीक्षक की कोशिश को प्रभारी कर रहे नाकाम**

पुलिस अधीक्षक महोदय तो लगातार प्रयास कर रहे लगातार बैठक भी कर रहे है दिशा निर्देश भी दे रहे है जिससे अपराधों को रोका जा सके लेकिन फिर भी अपराधों में कमी के बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिससे की एक बड़ा सवाल खड़ा होता है की आखिर क्यों पुलिस नाकाम साबित हो रही है जिले में कोई भी कभी भी चाकू मारने से लेकर बड़े से बड़ा अपराध हो रहा है जिसे गंभीरता पूर्वक लेने की जरूरत है ठोस कार्यवाही की जरूरत है अवैध जुआ सट्टा ,शराब को रोकने की जरूरत है जिससे कुछ हद तक अपराधों में कमी आ सकती है।

**पांडातराई थाने क्षेत्र में बढ़ता हुआ अपराध चिंता का विषय**

एक तरफ जहां जिले के कप्तान पुलिस अधीक्षक महोदय लगातार बैठक कर अपराध को रोकने पहल कर रहे है अनेक उपाय करने के भी संदेश दे रहे है लेकिन शायद पांडातराई पुलिस क्यूं इन अपराधो को रोकने में सक्षम नजर नही आ रही है लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है गुड़ फैक्ट्रियों में चोरी,अवैध कबाड़ी के धंधे, अवैध शराब का कारोबार इन दिनों पांडातराई में चरम पर है पुलिस सिर्फ और सिर्फ तमाशबीन नजर आ रही है कबीरधाम जिले के कप्तान लगातार आदेश दे रहे है लेकिन शायद पांडातराई के प्रभारी गंभीरता से नहीं ले रहे है जिसका नतीजा अपराध बढ़ता ही जा रहा है अब देखना ये है की आखिर अपराधों पे किस तरह काबू पाया जाता है।

**अवैध कबाड़खाना का भी हो रहा कारोबार**

इस इलाके में अवैध कबाड़ खाना भी चल रहा जिसमे अधिकांश चोरी का माला खपाया जाता है चोरी की वारदातें भी बढ़ चुकी है गुड़ फैक्ट्री की सामान भी काफी मात्र में चोरी हो रही है जिसे रोकने में पुलिस नाकाम है।

**अवैध शराब बिक्री को भी रोकने में नाकाम**

क्षेत्र में जमकर अवैध शराब बिक रहा है आसानी से होटलों पान की दुकानों में बैठाकर शराब परोसी जा रही है लेकिन थाना प्रभारी को यह सब नजर न आना समझ सकते है की मामला क्या है जगह जगह पांडातराई का इलाका मयखाना बना हुआ है इससे अपराध बढ़ता ही जा रहा है छोटे छोटे बच्चे भी आसानी से इसके गिरफ्त में आकर नशे का आदि बन रहे है इसलिए नाबालिक वर्ग अपराध की ओर अग्रसर है कुल मिलाकर हर मोर्चे पे पांडातराई पुलिस नाकाम साबित हो रही है अगर सही मायनों में पुलिस सक्रिय रहती तो कई अपराधों को रोका जा सकता है लेकिन पुलिस फिसड्डी साबित हो रही है अब किस पर उम्मीद करे कार्यवाही की अब तो उम्मीद बेमानी सी लग रही है।

**क्विक न्यूज**

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 30 अप्रैल को

**मुंगेली।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने आज यहां बताया कि जिले के ग्राम चातरखार स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में वर्ष 2022-23 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 30 अप्रैल 2022 को प्रातः 11.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु ऑन लाईन माध्यम से परीक्षा फार्म भरने हेतु मुख्यालय नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा प्रशासनिक कारणों से बदलाव किया गया है, जिन अभ्यर्थियों द्वारा कक्षा छठवी में प्रवेश हेतु पूर्व में ऑन लाईन आवेदन पत्र भरा जा चुका है उन पालक, आवेदक को संशोधित प्रमाण-पत्र में अपनी-अपनी प्रविष्ट कर अपने संबंधित प्रधान पाठक से हस्ताक्षर करवाकर जवाहर नवोदय विद्यालय चातरखार जिला मुंगेली में जमा करना आवश्यक है। विस्तृत विवरण नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। साथ ही जो भी नए आवेदक कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन-पत्र जमा करते है।

# केन्द्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर हो रही विफल : पात्रे

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




प्रदेष सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को जनज न तक पहुचाने इन दिनों प्रदेष अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देष पर जन जागरूकता पद यात्रा का आयोजन 14 नवंबर से 29 नवंबर तक किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में मुंगेली जिला प्रभारी एवम प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा ,जन जागरूकता प्रभारी एवम प्रदेश उपाध्यक्ष वाणी राव , जन जागरूकता मुंगेली प्रभारी अंबालिका साहू राकेश पात्रे छाया विधायक एवं शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा के नेतृत्व में गोल बाजार चौक से शंकर वार्ड, गर्ल्स स्कूल रोड़ होते हुए बड़ा बाजार से पुल पारा पहुँचेगी जहां शहर कांग्रेस कार्यालय में रैली का समापन किया गया,, इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष वाणी राव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखा जहां धान के समर्थन मूल्य बढ़ने से किसान खुशहाल हुए हैं वही कोदो कुटकी, तेंदू पत्ता, सहित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी सरकार ने पहल की है आज छत्तीसगढ़ के व्यंजनों की पहचान दिलाई है, विपक्ष में बैठी भाजपा के पास आज सरकार को घेरने का कोई मुद्दा नही बचा है वही छाया विधायक राकेश पात्रे ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है जिसका हालिया उदाहरण किसान विरोधी बिल की वापसी के रूप में सब के सामने आया है,, वही शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याण कारी कार्यो को लोगो तक पहुचाना इस रैली का मुख्य उद्देश्य है ताकि आने वाले समय मे लोग केंद्र की गलत नीतियों को समझे,, वही कोरोना से जंग के लिये प्रशासन द्वारा 27 नवम्बर को चलाये जाने वाले महाअभियान में सहयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर राकेष पात्रे छाया विधायक सहित पूव कांग्रेस विधायक चुरावन मंगेष्कर, आत्मा सिंह क्षत्रिय,दिलीप बंजारा,सोम वर्मा,रोहित शुक्ला,रूपलाल कोशले ,अभिलाष सिंह रत्नावली कौशल मंजू शर्मा,अरविंद वैष्णव,संजय जायसवाल,एजाज खोखर,ललिता सोनी,नूरजहां, निधी सिह,संजय सिह ठाकुर,सूरज यादव, कलीम तवर,राजेश छेदइयां, अजय साहू, डा. जी पी पहारे, सीमा माथुर आषाराम कुर्रे, ब्रजेष सिह, मनोज सोनकार, याकुब अली,नौशाद खान,लक्ष्मी केषरवानी परवेज अख्तर,रिंकू खान,जग्गू ठाकुर, टीपू खान अष्वनी राय,आरीफ खोखर,,नवनीत शुक्ला, राजेश सोनी, जय सोनी वैभव ताम्रकार,सतीश तम्बोली,मंजीत रात्रे,अजय यादव,नीरज यादव, सुनील जोशी सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई से कोचियों में हड़कम्प

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में इन दिनों अवैध शराब के कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है जिसके चलते अवैध कारोबारियों के हौसले पस्त नजर आ रहे है। इसी तारतम्य में बीते कल आबकारी वृत्त लोरमी द्वारा अलग अलग जगहों पर छापेमारी की गई,, जिसमे आरोपी द्वारिका जायसवाल पिता मंगलू जायसवाल उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम बोडतरा थाना लोरमी जिला मुंगेली के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुवा शराब और 60 किलो ग्राम शराब बनाने योग्य महुआ लहान पास जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(1)( क)(च)34(2),59(क) के तहत अपराध दर्ज कर रिमांड पर जेल दाखलि किया गया एवं अन्य कार्यवाहियों में ग्राम भारतपुर थाना लोरमी निवासी आरोपिया जगबाई राजपूत पति चैतराम राजपूत के कब्जे से शराब बनाने योग्य 60 किलो ग्राम महुआ लहान पास,आरोपिया मंजू राजपूत पति सीता राम राजपूत के कब्जे से 30 किलो ग्राम महुआ लहान एवम् रामनिवास राजपूत पिता रामप्रसाद राजपूत के कब्जे से 20 किलो ग्राम शराब बनाने योग्य महुआ लहान और शराब बनाने का उपकरण झांझी झोकनी जप्त उक्त आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(च) के तहत अपराध दर्ज कर किया गया है, उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त लोरमी प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज , आबकारी आरक्षक वीरभद्र जायसवाल, आबकारी आरक्षक जयेन्द नन्दागौरी नगर सैनिक शम्भु बर्मन, गजानन्द चंद्राकर महिला नगर सैनिक बिन्दीया राजपूत का उक्त कार्यवाही में विशेष योगदान रहा।

## वैक्सीन की पूरी खुराक लेना आवश्यक

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने कहा कि कोविड-19 एक संक्रामक बीमारी है। यह बीमारी समुचित रूप से टला नहीं है। इसकी रोकथाम एवं बचाव हेतु टीकाकरण आवश्यक है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा कल 27 नवम्बर को एक दिवसीय टीकाकरण महा अभियान चलाया जाएगा। उन्होने इस अभियान में शामिल होकर 18 वर्ष व 18 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों से टीका लगवाने की अपील की है। उन्होने अपने अपील में कहा है कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम में वैक्सीन अत्याधिक असर कारक है। यह साबित हो चुका है। लेकिन कुछ लोगों के मन में आज भी भ्रांतिया है। जो पूरी तरह गलत है। उन्होने कहा है कि कोरोना को पूरी तरह से मात देने के लिए वैक्सीन की पूरी खुराक लेना आवश्यक है। उन्होने कहा है कि जो व्यक्ति अब तक कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया है। ऐसे व्यक्ति टीकाकरण महा अभियान में शामिल होकर कोरोना मुक्त सशक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा है कि ऐसे व्यक्ति जो कोरोना का प्रथम डोज का टीका लगवा चुके है और उनके टीकाकरण की अवधि पूर्ण हो गई है। ऐसे व्यक्तियों से बिना डरे इस महा अभियान का हिस्सा बनने और आगे बढ़कर कोरोना का दूसरा डोज का टीका लगवाने की अपील की है।

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए जागरूक किया गया

**मुंगेली।** सखी वन स्टॉप सेन्टर महिला एंव बाल विकास विभाग के द्वारा आज महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतराष्ट्रीय दिवस का आयेजन किया गया। जिसमें न्यायाधीश श्रुति दुबे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मंयक सोनी और गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य व्ही एन वैष्णव तथा प्रतिभागी के तौर पर स्कूल के बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर महिला जागरूकता हेतु बालिकाओ को जागरूक करने के लिए विधिक जागरूता हेतु ऐसीड अटैक, धरेलू हिंसा से महिलाओ का संरक्षण अधिनियम 2005 व महिलाओ के अधिकार के संबंध मे जानकारी दी गई।

## हाई मास्ट लाइट स्थापना में विलम्ब होने पर ठेकेदार को नोटिस

■ **हाई मास्ट लाइट की रोशनी के लिए तरस रहे हैं नगरवासी**

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत जैजैपुर में हाई मास्ट लाइट स्थापना किया जाना है। जिसमें नगर पंचायत जैजैपुर आदेश क्रमांक 1103 दिनांक 28 /08 /2021 जारी किया गया था जिसमें 2 माह के अंदर कार्य पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने आदेशित किया गया था, किंतु निर्धारित समयावधि पूर्ण होने के उपरांत ठेकेदार के द्वारा अभी तक हाई मास्ट लाइट स्थापना कार्य पूर्ण नहीं किया गया है । जिसके कारण नगर पंचायत जैजैपुर विकास कार्य की प्रगति में अनावश्यक रूप से विलम्ब होने के कारण मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत जैजैपुर के द्वारा ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसमें कि उन्होंने 5 दिवस का समय ठेकेदार को दिया है, लेकिन अभी तक नगर पंचायत जैजैपुर में पांच स्थानों पर लाखों रुपए का 5 हाई मास्ट लाइट स्थापना किया जाना था। लेकिन गणेश पूजा, दशहरा पर्व दिवाली पर्व गुजर जाने के बाद भी अभी तक ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरतने पर यह द्वितीय नोटिस जारी किया गया है ।अब देखना यह है कि ठेकेदार के द्वारा कब तक नगर पंचायत जैजैपुर में हाई मास्ट लाइट चालू किया जा सकता है। यदि ठेकेदार के द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में एक पक्षीय कार्य करते ठेकेदार का निविदा निरस्त किया जावेगा उक्त बातें मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत जैजैपुर व्यक्त किया। नगर पंचायत जैजैपुर के लोग लाखों रुपए की लागत से लगने वाले लाइट का इंतजार कर रहे हैं ताकि जनता को मालूम हो सके जो कि 5 लाइट का दाम 31लाख रूपये से अधिक का है। हाई मास्ट लाइट की रोशनी की इंतजार में हैं नगरवासी।

## स्वच्छता में नपं जैजैपुर को मिला प्रथम स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



आज पूरे देश में स्वच्छता अभियान चल रही है जहां पर हमारे प्रदेश की राजधानी रायपुर छत्तीसगढ़ में भी यह अभियान के तहत नगर पंचायत जैजेपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में प्रथम स्थान स्वच्छता हैट्रिक महोत्सव मनाया गया द्य इस अवसर पर नगर पंचायत के स्वच्छता अभियान के जी एफ सी में सिंगल स्टार मिलने पर नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया ने नगर पंचायत जैजेपुर को पुरस्कृत किया इस अवसर पर नगर पंचायत जैजेपुर के अध्यक्ष माननीय सोनसाय देवांगन, श्री विष्णु प्रसाद गहरवार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद नरेंद्र प्रजापति, जम्मू लाल केवट ,पीआईयू शशांक सिंह व छत्तीसगढ़ के सभी निकाय के जनप्रतिनिधि व अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में उपस्थित रहे। जहां पर स्वच्छता सम्मान से नगर पंचायत जैजेपुर को हैट्रिक महोत्सव में प्रथम स्थान मिला जो जो कि नगर वासियों के लिए गर्व की बात है जो कि हमेशा नगर पंचायत जैजेपुर हर क्षेत्र में सुर्खियों में रहता है यहां पर छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में प्रथम स्थान आने पर नगर वासियों एवं पार्षदगणों एवं सफाई कर्मचारियों में खुशी का माहौल दिखाई दिया। नगर पंचायत जैजैपुर हर क्षेत्र में अपना इतिहास लिखता है।

## पीसीसी अध्यक्ष का पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले में हुआ भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के जांजगीर-चांपा जिला प्रवास पर कांग्रेस कमेटी के पूर्व जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर चोलेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया, इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष अपने तीन दिवसीय प्रवास पर जन जागरण पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होने हेतु 24 नवंबर को जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहुंचे, जहां ग्राम सिलाडीह, देवरानी,बिर्रा,घिवरा,माल्दा,कैथा, हसौद में प्रदेश अध्यक्ष डॉ चोलेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने ढोल, बाजे गाजे एवं फुल माला के साथ पीसीसी अध्यक्ष का स्वागत किया, तथा इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को बखान करते हुए कहा कि आज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने एक एक व्यक्ति के लिए काम किया है, तो वहीं केंद्र की सरकार पूरे देश में महंगाई को बढ़ा रही है, उल्लेखित हो कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 14 नवंबर से 29 नवंबर तक जन जागरण पदयात्रा का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में हो रहा है, जिसमें काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं, वही पीसीसी अध्यक्ष के आगमन के दौरान पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ चोलेश्वर चंद्राकर, विजय चंद्रा, अनिल रत्नू राम चंद्रा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने दिया उपभोक्ताओं के पक्ष में फैसला

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर ने 2 मामलों में सुनवाई करते हुए भारतीय स्टेट बैंक शाखा एसबीआई लाइफ इन्सुरेंस को ग्राहकों को सेवा प्रदान करने का फैसला सुनाया है। मिली जानकारी के अनुसार पहला मामला अकलतरा का है जहां रामेश्वरी यदु पति धर्मेंद्र यदु के मामले में सुनवाई करते हुए आयोग ने आवेदक के पति द्वारा कराए गए बीमा की संपूर्ण राशि 500000 लाख मानसिक क्षतिपूर्ति बताओ 5000 तथा 2000 वाद व्यय स्वरूप भुगतान करने का फैसला सुनाया है। आवेदक रामेश्वरी यदु के पति ने 9 अगस्त 2018 को 500000 का लोन भारतीय स्टेट बैंक की अकलतरा शाखा से लिया था वक्त लोन खाते में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस द्वारा किया गया था जिसके एवज में खाताधारक 11186 रुपए प्रीमियम भुगतान करता था। 20 सितंबर 2018 को बीमाधारक की मृत्यु अल्सर से हो गई। रामेश्वरी के बीमा राशि भुगतान दावा को एसबीआई द्वारा अल्सर को उनके गंभीर बीमारियों की सूची में शामिल नहीं होने के कारण खारिज कर दिया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तजेश्वरी देवी देवांगन सदस्य मनरमण सिंह तथा मंजू लता राठौर बीमा दावा खारिज करने को सेवा में कवि मानते हुए 45 दिनों के भीतर बीमा की रकम ?500000 मानसिक क्षतिपूर्ति व वाद व्यय की राशि भुगतान करने का फैसला सुनाया। इसी तरह दूसरे मामले में केरा रोड जांजगीर निवासी मनोरमा पाटेकर पिता जगदीश पाटेकर के पास अननोन नंबर से कॉल आया था जिसमें पेटीएम के माध्यम से 5000 केश बेक की बात कही गई थी संबंधित मैसेज को छूने पर ग्राहक के खाते से पांच ?5000 करके ?45000 कट गए थे।

## रबी फसलों के लिए ऋणी और अऋणी कृषकगण 15 दिसम्बर तक करा सकते है बीमा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुंगेली जिले के लिए रबी 2021-22 हेतु गेहूँ सिंचित, गेहूँ असिंचित और चना को फसल बीमा के लिए अधिसूचित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमा इकाई ग्राम को मना गया है। इस संबंध में ऋणी एवं अऋणी कृषकगण 15 दिसम्बर तक बीमा करा सकते है। इसी तारतम्य में कृषि विभाग के उपसंचालक श्री डी.के.ब्यौहार ने आज यहां बताया कि रबी वर्ष 2021 में गेहूँ सिंचित के लिए 19800, गेहूँ असिंचित 15000 और चना के लिए 19800 बीमित राशि अधिसूचित की गई है। कृषकों द्वारा बीमा राशि का 2 प्रतिशत देय होगा। अर्थात् गेहूँ सिंचित के लिए 297, गेहूँ असिंचित के लिए 225 एवं चना के लिए 297 रूपये प्रति हेक्टेयर कृषकों द्वारा देय होगा। अऋणी कृषक क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित फसल बुआई की पुष्टि के साथ वाणिज्यिक बैकों अथवा लोक सेवा केन्द के माध्यम से करा सकते है। जिसके लिए कृषकों को अपने कृषक भूमि का बी.1, पी2, आधार कार्ड की कापी, बैक पासबुक, एवं बोआई प्रमाण पत्र आवेदन के साथ जमा करना होगा। उन्होने कृषकगणों से आधार बीमा की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2021 के पूर्व अपडेट कराने का अनुरोध किया है। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नही होगा। ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षारित घोषणा पत्र रबी के लिए 08 दिसम्बर तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा स्वीकृत नवीनीकृत की गई कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। कृषि विभाग के उपसंचालक ब्यौहार ने अधिसूचित फसल लगाने वाले अधिक से अधिक अऋणी कृषकों को बीमा योजना में शामिल होने की अपील की है। फसल बीमा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते है। उन्होने कहा है कि कृषकगण फसल बीमा की अंतिम तिथि के पूर्व निकटतम बैंक शाखा, ग्रामीण बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केन्द्र अथवा भारत सरकार की बीमा पोर्टल के माध्यम से बीमा करा सकते है।

## कलेक्टर के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का किया सामूहिक पठन



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

संविधान दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे जिला कलेक्टोरेट परिसर के प्रांगण में कलेक्टर अजीत वसंत के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया गया। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी शासकीय सेवको को संविधान की मूल भावना के अनुरूप जनहित में काम करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अपर संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर आर के. तम्बोली, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नवीन भगत, डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला समन्वयक वाचस्पति सिंह सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि आज के ही दिन 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था।

## राज्य सरकार की विफलताओं को आम जनता तक बताने का कार्य बूथ स्तर तक करना होगा भाजपा कार्यकर्ताओं को : डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




आने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक की लड़ाई लड़नी होगी, एवं प्रत्येक कार्यकर्ता अपना पूरा ध्यान बूथ एवं शक्ति केंद्र में ही केंद्रित करें, तभी हम अपने बूथों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे एवं प्रदेश में सरकार बनाएंगे, उक्तआशय की बातें 25 नवंबर को छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने शक्ति विकासखंड के रैनखोल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही,डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारियों से वन टू वन डाटा एंट्री कार्य एवं बूथ समितियों के पुनर्गठन संबंधी अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की, साथ ही श्री बांधी ने कहा कि हम सभी अभी से बूथों पर मजबूती के साथ अपनी टीम बनाएं, बैठक को छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री नारायण चंदेल, जिले के प्रभारी एवं बेलतरा विधायक रजनीश सिंह एवं जिले के सह प्रभारी इंदरजीत सिंह गोल्डी ने भी संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार हर मोर्चे पर विफल है,तथा सरकार ने आने वाले दिनों में 1 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली धान खरीदी को लेकर बारदानों की समुचित व्यवस्था नहीं की है,तथा इसका आरोप राज्य की सरकार केंद्र पर थोप रही है, जो कि राज्य सरकार की गलतियों का ही यह परिणाम है, तथा कांग्रेस की सरकार ने अपने वायदों के अनुरूप प्रदेश में विगत 3 वर्षों में कुछ भी कार्य नहीं किया है, एवं हम सभी को मिलकर राज्य सरकार की इन विफलताओं को आम जनता तक बताना होगा,जिला सह प्रभारी इंद्रजीत सिंह गोल्डी ने भी प्रत्येक मंडलों से संगठनात्मक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की वहीं प्रदेश महामंत्री नारायण चंदेल ने कहा कि 6 दिसंबर को कवर्धा कांड को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम कवर्धा में रखा गया है, जिसमें प्रत्येक बूथों से 20-20 की संख्या में कार्यकर्ता अपने स्वयं के साधनों से कवर्धा पहुंचे, बैठक को अकलतरा विधायक सौरभ सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा ने भी संबोधित करते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यो की जानकारी दी।

## कलेक्टर और एसपी ने नवगठित सक्ती जिला के लिए मुख्यालय के लिए किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला और एसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने प्रस्तावित सक्ती जिला के कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय भवन आदि के अस्थायी व्यवस्था के लिए ग्राम जेठा के शासकीय महाविद्यालय भवन और हाई स्कूल भवन का संयुक्त निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सक्ती की एसडीएम सुश्री रैना जमील को इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य वैकल्पिक भवनों का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित थे,उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 15 अगस्त 2021 को आम जनता के लिए प्रशासनिक कार्यो की सुविधा के मद्देनजर सक्ती को अलग जिला बनाने की घोषणा की है। जिसका प्रकाशन राजपत्र में हो चुका है। नवगठित सक्ती जिले में पांच तहसील, दो अनुभाग और चार विकासखंड को शामिल किया जा रहा है। नवगठित जिले को अस्तित्व में लाने के लिए आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

# कलेक्टर और एसपी के निर्देश का दिखा असर, दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस ने की चालानी कार्यवाही

**शराब पीकर वाहन चलाने पर ट्रक जब्त किए**

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसपी सदानन्द कुमार के निर्देश पर वाहनों की जांच कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। जिसके तारतम्य में डौंडी थाना के मथई चौक पर नगर पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की की उपस्थिति में निरीक्षक अनिल ठाकुर के द्वारा किछोटे बड़े वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे एवं खतरनाक ढंग से वाहन चला रहे वाहन चालकों पर कुल 8 चालानी कार्यवाही की गई। जिसमे कुल 3 हजार रुपये समन्स शुल्क की वसूली की गई। इसके अलावा एक ट्रक चालक द्वारा शराब पीकर वाहन चलाया जा रहा था, जिस पर चालक का डॉक्टरी मुलायजा कराकर ट्रक जप्त किया गया। जिसके उपरांत माननीय न्यायालय पेश किया गया। उल्लेखनीय हो कि कुछ दिनों पूर्व कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली गई थी। जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था तथा नगर पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की के द्वारा ट्रांसपोर्ट यूनियंस के पदाधिकारियों की मीटिंग लेकर वाहन चालकों पर नियंत्रण रखने की समझाइस दी गई थी। इस संबंध में दल्लीराजहरा नगर पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की के द्वारा बताया गया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## बालोद जिले के 24 हजार 763 लोगों ने लगवाया टीका, वैक्सीनेटेड जिले की ओर अग्रसर बालोद

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु कल कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान चलाया गया।



जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एसके सोनी ने बताया कि कल कोविड-19 महाअभियान के दौरान जिले के 18 वर्ष से अधिक उम्र के 24 हजार 763 लोगों ने टीका लगवाया। जिसमें 7 हजार 763 लोगों का प्रथम डोज और 17 हजार लोगों का द्वितीय डोज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान में बालोद विकासखण्ड के 3 हजार 114 लोगों ने टीका लगवाया, डौण्डी विकासखण्ड के 4 हजार 717, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 6 हजार 469, गुण्डरदेही विकासखण्ड के 4 हजार 982 और गुरूर विकासखण्ड के 5 हजार 481 लोगों ने टीका लगवाया।

## संविधान दिवस पर जिंप सीईओ डॉ. रेणुका ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई लोकतंत्र की रक्षा की शपथ



**बालोद।** संविधान दिवस पर जिला पंचायत के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने तमाम अधिकारी व कर्मचारियों को लोकतंत्र की रक्षा की शपथ दिलाई। डॉ. रेणुका ने अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति , विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता व अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हों। वही जिले के सभी जनपद बालोद, डौंडी, गुंडरदेही, गुरुर एवं डौंडीलोहारा में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर सम्बंधित सीईओ ने सभी अधिकारी व कर्मचारी को शपथ दिलाई। जिला पंचायत के सभागार में इस मौके पर अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ हेमंत ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंगदान के लिए जागरूकता बढ़ाने की जरूरत : डॉ. चौधरी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर कई शानदार झीलों, प्राचीन मंदिरों, इस्पात संयंत्रों, कोयला, एल्युमीनियम और टेराकोटा उद्योगों का गढ़ है। लेकिन राज्य प्रत्यारोपण के लिए अंगों की भीषण कमी से जूझ रहा है। कई लोग ऑर्गन फेल्योर के आखिरी स्टेज से जूझ रहे हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में अब तक एक भी शरीर दान नहीं हुआ है। रायपुर के किडनी रोग विशेषज्ञ और 100 से ज्यादा किडनी प्रत्यारोपण का अनुभव रखने वाले डॉ. प्रवाश चौधरी कहते हैं, 'ब्रेन डेथ के बाद अंगदान के फैसले के बारे में बहुत से परिवार अनिश्चितता का शिकार रहते हैं और उनकी चिंता के कारण अलग-अलग होते हैं। इस बात की तत्काल जरूरत है कि राज्य में अंगदान को लेकर जागरूकता लाई जाए। राज्य में प्रत्यारोपण के लिए अंगों की उपलब्धता नहीं है क्योंकि बहुत कम लोग ही अंगदान करना चाहते हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न एनजीओ द्वारा जागरूकता के लिए उठाए जा रहे कदमों को छत्तीसगढ़ की जनता को गंभीरता से लेने की जरूरत है।' नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (एनओटीटीओ) की आधिकारिक वेबसाइट पर मौजूद बार चार्ट में अंगदान को लेकर छत्तीसगढ़ की स्थिति से राज्य की दयनीय हालत स्पष्ट रूप से दिखती है। डॉ. चौधरी के मुताबिक, बहुत थोड़े मृत लोगों के अंग ही किसी अन्य को प्रत्यारोपित किए जा सकते हैं। अंगदान के लिए रजिस्टर कराने वाले 1,000 में से मात्र 3 लोगों के ही अंग उनकी मृत्यु के बाद किसी अन्य को प्रत्यारोपित किए जा पाते हैं, क्योंकि बहुत कम ऐसी स्थितियां होती हैं, जिनमें व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके अंग सुरक्षित रह जाते हैं। इसलिए अंगदान को लेकर जागरूकता जरूरी है, क्योंकि मौजूदा परिस्थिति को बदलने के लिए यही एकमात्र रास्ता है। डॉ. चौधरी ने आगे कहा, 'एक शरीर दान से कम से कम 8 लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि किडनी और लिवर तो जीवित व्यक्ति दान कर सकता है, लेकिन फेफड़े और हृदय का प्रत्यारोपण किसी मृत व्यक्ति के शरीर से ही होता है। चिकित्सा क्षेत्र में ऐसे व्यक्ति को मृत माना जाता है, जिसका दिमाग काम करना बंद कर चुका हो और उसे ठीक करना संभव न हो। इसलिए यदि आप अपनी मृत्यु के बाद भी कुछ लोगों को जीवन देना चाहते हैं, तो सही प्रक्रिया का पालन करें और अपने परिवार को अपनी इच्छा से अवगत कराएं।' इसके अलावा, कई परिवार अभी भी अपने प्रियजनों के अंग दान करने के बजाय अंतिम संस्कार या दफ्न किए जाने को अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। अधिकांश लोग यह नहीं स्वीकार कर पाते हैं कि उनके प्रियजनों के शरीर से अंग निकाले जाएं।

अंगदान के खिलाफ धार्मिक रूप से भी कुछ आपत्तियां मन में होती हैं। ये मुश्किलें अंगदान की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता की कमी के कारण आती हैं। डॉ. चौधरी ने कहा, 'अंगदान के बारे में जागरूकता की कमी राज्य में प्रमुख चुनौतियों में से एक है। हालांकि छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में अंगदान के बारे में जागरूकता के लिए कई कदम उठाए हैं।

## राज्य स्तरीय भारोत्तोलन स्पर्धा में दल्ली कॉलेज के छात्राओं ने बाजी मारी

**दल्लीराजहरा।** शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्ली राजहरा के तीन खिलाड़ी छात्राओं ने 19वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भारोत्तोलन स्पर्धा जो कि धमतरी में आयोजित थी, उसमें भाग लिया। महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष एवं ीड़ा प्रभारी डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 19 जिलों से 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्ली राजहरा के खिलाड़ियों का जबरदस्त प्रदर्शन रहा। महाविद्यालय की स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा कु. वीणा ने 45 किलोग्राम सीनियर बालिका वर्ग में सर्वाधिक 149 किलोग्राम भारोत्तोलन कर प्रथम स्थान हासिल किया। 55 किलोग्राम बालिका वर्ग में सर्वाधिक 140 किलोग्राम भारोत्तोलन कर स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा किरण पोटाई प्रथम स्थान पर रही एवं इसी वर्ग में स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने 110 किलोग्राम भारोत्तोलन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## विकास खण्ड स्तरीय नि: शुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



वार्ड क्रमांक 5 प्रभात चौक स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के सौजन्य से विकासखंड स्तरीय निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर के आयोजन का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने गायत्री माता की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया इस अवसर पर नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष के रवि कुमार पार्षद ओम नारायण वर्मा महेश सोनकर गायत्री मंदिर परिसर अध्यक्ष बीके यदु आरएन राम ने भी माल्यार्पण तथा पूजन किया द्य आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी में पदस्थ चिकित्सक रवि सिदार ने संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि धमधा विकासखंड में सर्वप्रथम कुम्हारी में शिविर आयोजित की गई है इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक अमित द्विवेदी जिला आयुर्वेद चिकित्सालय दुर्ग में उपस्थित होकर मरीजों की बीमारियों से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु सलाह परामर्श एवं आयुर्वेदिक औषधि भी प्रदान किया उनके साथ चिकित्सक सुकांत भूनिया ने भी सक्रियता से मरीजों का उपचार किया तथा दवाएं वितरित किया इस शिविर में अधिकांशत वात रोग, साइटिका, त्वचा रोग, मौसमी रोग, रक्तचाप, मधुमेह से पीड़ित रोगियों ने अपना उपचार कराया साथ ही कुम्हारी आयुर्वेद चिकित्सालय में उपलब्ध दवाइयों से प्रतिदिन रोगियों का उपचार किया जा रहा है ऐसी जानकारी दी आज इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में कुल 323 मरीजों ने उपचार करा कर दवाई आदि प्राप्त किया तथा संबंधित रोगों से बचने के लिए दिशानिर्देश एवं परामर्श प्राप्त किया इस शिविर में रूबी वासनिक शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय अधिकारी धमधा, डॉक्टर सुकांत भूनिया मर्रा, डॉक्टर सोनिया हिशिकर चीचा, डॉक्टर अनुपमा नायक गोढ़ी, फार्मासिस्ट सौरभ पांडे चीचा, तिलक बंछोर धमधा, देव कुमार देवांगन गोढ़ी, अखिलेश देशमुख हिर्री ने अपनी सेवाएं प्रदान कर शिविर के आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## सैयद बंदे अली शाह का सालाना उर्स 28 से



**रायपुर।** हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैयद बंदे अली शाह रहमतुल्लाह अलैह (डी.के.अस्पताल) के 5-दिवसीय उर्स पाक (28 नवम्बर से 2 दिसम्बर 2021 तक) बड़े ही शानो शौकत से मनाया जायेगा. इस उर्स पाक का आरंभ 28 नवम्बर, रविवार को परचम कुशाई (बाद नमाज मगरीब, शाम 7 बजे) के साथ किया जायेगा एवं उसी रात्रि 9 बजे नातिया प्रोग्राम पेश किया जायेगा. 29 नवम्बर, बरोज सोमवार, रात 9 बजे सुफियाना कलाम पेश किया जायेगा. 30 नवम्बर, मंगलवार को रात्रि 9 बजे धर्मगुरु मोहम्मद सैयद अहमद रब्बानी साहब तकरीर करेंगें. 1 दिसम्बर, बुधवार को शाम 7 बजे शाही संदल व चादरपोशी का प्रोग्राम है, जो आस्ताने आलिया से निकलकर शहर का गस्त करता हुआ वापस आस्ताने आलिया पहुंचेगा. उसी रात 10 बजे राजू मुरली (लखनऊ) के द्वारा महफिले समा का अहतराम होगा. 2 दिसम्बर, बरोज गुरुवार को सुबह 9 बजे कुल की फातेहा होगी, रंग की महफिल होगी. ज्ञात हो कि उर्स के दौरान, पांचो दिन, बाद दोपहर व शाम आम लंगर (भंडारा) का इंतजाम किया गया है। उपरोक्त जानकारी अस्पताल वाले बाबा के खादिम-ए-आस्ताना सैयद जाफर अली ने दी. उन्होने संदल व चादर शरीफको बड़े अदब-ओ-एहतराम से लाने की अपील की है और तमाम जायरिनों व सखी दाता के चाहने वालों से खास इल्तेजा की है कि शासन द्वारा जारी कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुये प्रोग्रामों में तशरीफलाकर बाबा के फैज व दुआओं से मालामाल हो।

## सोहा अली खान ने बताया, उन्हें है विक्स वेपोरब पर भरोसा

**रायपुर।** नवंबर में आसमान हमेशा खूबसूरत होता है; तरह-तरह के रंग आसपास के माहौल को इतना खूबसूरत बना देते हैं कि हमारी नजरें उससे बंधी रह जाती हैं। सब कुछ प्यारा होने के बावजूद इसी महीने में मौसम बदलने के कारण खांसी और जुकाम होना आम बात है। मॉनसून बीत चुका है और सर्दी शुरू हो गई है और इसका मतलब है कि हमारे शरीर को अतिरिक्त देखभाल की जरूरत है। यह भी जरूरी है कि हम अपनी सांस और फेफड़ों की सेहत एकदम दुरुस्त रखें। सेहत के लिए अपनी कायदे और तरीके साझा करते हुए सोहा अली खान कहती हैं, ÷नवंबर बड़ा पेचीदा महीना होता है, जब कोई बता ही नहीं सकता कि मौसम किस तरह बदलेगा। मैं डूबते सूरज की खूबसूरती का लुत्फ उठाती हूं मगर मैं अपने परिवार की सेहत के लिए लगातार फिक्रमंद भी रहती हूं। लेकिन एक चीज है, जो मेरी सारी फिक्र खत्म कर देती है और वह है मेरे परिवार का चहेता विक्स वेपोरब। विक्स पीढ़ियों से हमारे परिवार का अहम हिस्सा रहा है और मौसम में अचानक बदलावों के बीच होने वाले सर्दी के सामान्य लक्षणों से हमें निजात दिलाता रहा है। इस मौसम में हम ज्यादा सतर्क रहते हैं और बार-बार विक्स वेपोरब की भाप लेते हैं। इसकी मदद से हमने बरसात जाने और सर्दी आने के मौसम का ज्यादा आनंद लिया है। सोहा अली खान कहती हैं, साल के इस समय में मुझे जुकाम बहुत जल्दी हो जाता है क्योंकि मेरे शरीर को मौसम में अचानक बदलाव के मुताबिक ढलने में वक्त लगता है। मगर इन्हीं दिनों मेरे घर में कई खास दिन होते हैं और मैं अपने तथा अपने परिवार के साथ बेहतरीन वक्त भी गुजारना चाहती हूं। बीमार पड़ने से बचने के लिए मैंने अपनी मां का नुस्खा सीखा है। मैं कुछ पुराने नुस्खों का इस्तेमाल करती हूं, जिनमें विक्स वेपोरब की भाप लेना भी शामिल है। इसमें यूकेलिप्टस, कपूर और मेंथॉल जैसी प्राकृतिक सामग्री पड़ी है और खांसी तथा जुकाम के लक्षणों से तुरंत निजात मिल देती है।

## एक्सट्रामार्क्स-द लर्निंग ऐप के साथ इंटिग्रेटेड डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी मौजूदगी को मजबूत बनाया

भारत के सबसे भरोसेमंद एडुटेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी, एक्सट्रामार्क्स ने अपना नया लोगो, विजुअल पहचान और कैटेगरी में अपनी पोजीशन के लॉन्च की आज घोषणा की। कंपनी की ब्राडिंग के मूल तत्व नए विजुअल एसेट्स बन गए हैं। इसमें एक तरोताजगी से भरपूर कंपनी का लोगो और वन-स्टॉप लर्निंग ऐप सोल्यूशन शामिल है। इसमें एक्सट्रामार्क्स के सिद्धांतों और मूल्यों जैसे मनोरंजन, दिलचस्पी, एकीकृत और समावेशी शिक्षा की झलक मिलती है। यह नई ब्रांडिंग पहले ही आंतरिक और बाहरी कम्युनिकेशन चैनल पर लाइव हो चुकी है। द लर्निंग ऐप का लेटेस्ट वर्जन आईओएस और एंड्रॉयड डिवाइस के यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इस लॉन्च के तहत, कंपनी ने फ्लैगशिप प्रॉडक्ट एक्सट्रामार्क्स- द लर्निंग ऐप में प्रयोगात्मक रूप से पूरी तरह बदलाव किया है। एक्सट्रामार्क्स में 12वीं कक्षा तक के लर्नर्स, जेईई, नीट सेग्मेंट्स को ऐप में एकीकृत किया गया है। इसके अलावा एक्सट्रामार्क्स-द लर्निंग ऐप में स्कूल बेस्ड सोल्यूशंस जैसे असेसमेंट सेंटर और लाइव क्लास प्लेटफॉर्म को शामिल किया गया है। इससे यह ऐप सभी श्रेणियों के लर्नर्स के लिए वन स्टॉप लर्निंग डेस्टिनेशन बन गई है। यह ऐप लर्न-प्रैक्टिस-टेस्ट की कसौटी पर परखी जा चुकी हुई शिक्षा प्रणाली का लाभ उठाती है, जो लर्नर्स को संपूर्ण रूप से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसमें लर्नर्स को शिक्षा प्रदान करने के लिए मीडिया-रिच मॉड्यूल, लाइव क्लासेज, रेकार्डेड लेक्चर का प्रबंध है। साथ ही यूजर्स को इसमें अपने प्राइवेट स्कोर को बढ़ाने की क्षमता भी निखरती है।

## पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए श्री सीमेंट को मिले तीन पुरस्कार



**रायपुर।** श्री सीमेंट ने एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण उत्कृष्टता के क्षेत्र में तीन अलग-अलग पुरस्कार प्राप्त किये हैं। उत्कृष्ट पर्यावरण प्रबंधन के लिए रास प्लांट को प्लेटिनम श्रेणी में 1 ग्रीन लीफ पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ब्यावर प्लांट को गोल्ड कैटेगरी में 1 ग्रीन लीफ पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ है एवं रायपुर (छ.ग.) संयंत्र को स्वर्ण श्रेणी में 1 ग्रीन लीफ पर्यावरण उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ। शील्ड और प्रमाण-पत्र माननीय संसद सदस्य श्री मनोज तिवारी, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त)-भारतीय सेना, श्री पी के सहगल और महानिदेशक, डीजी-फसली, श्री एम आर राजपूत द्वारा दिए गए। श्री सीमेंट लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक (पर्यावरण) डॉ. अनिल कुमार त्रिवेदी, रघुवंश कुमार, गिरधारी लाल यादव और अविनाश दास ने शील्ड और प्रमाण पत्र प्राप्त किया। पुरस्कार समारोह 25 नवंबर 2021 को गोवा के नोवाटेल रिजॉर्ट में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक श्री पी. एन. छंगाणी ने श्री परिवार को बधाई देते हुए श्री सीमेंट के सभी इकाईयों द्वारा प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण हेतु किये जा रहे विश्व स्तरीय प्रयासों को सराहा एवं निरंतर रूप से भविष्य में भी करते रहने की कटिबद्धता हेतु प्रोत्साहित किया। इस उपलब्धि पर अध्यक्ष (वाणिज्यिक) संजय मेहता एवं संयुक्त अध्यक्ष (वाणिज्यिक) अरविंद खीचा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी पर्यावरण सरक्षण व प्रभावशाली पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती आयी है एवं भविष्य में भी इस दिशा में योगदान करती रहेगी।

## केन्द्र सरकार की नाकामियों और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान




**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार केबिनेट मंत्री अनिला भेंडिया के मार्गदर्शन पर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर व नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा 25 नवम्बर को वार्ड नं 14,वार्ड नं 15,वार्ड नं 16 व वार्ड न 17 में देश में ब?ती मंहगाई एवं केंद्र सरकार की नाकामियों और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जन जागरण अभियान पदयात्रा निकाला गया। नगरवासियों को केंद्र सरकार की जनविरोधी नीति वाले तीन काले कानून वाला कृषि बिल को किसानों व कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों के भारी विरोध के बाद वापस लेने की जानकारी दी गई और ब?ती महंगाई, भ्रष्टाचार के बारे में बताया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस के भूपेश सरकार के 3 साल की उपलब्धियों को पाम्पलेट पुस्तक व पर्चा के माध्यम से बताया गया, जनजागरण अभियान पदयात्रा कार्यक्रम को राजहरा नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ,ब्लॉक अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर ,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संगीता नायर, मंत्री मीडिया प्रभारी विवेक मसीह, प्रदेश सेवादल कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडे, प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव रुखसाना बेगम, जिला महामंत्री रतिराम कोसमा, जिला सचिव द्वय रवि जायसवाल व युवराज साहू, युवा कांग्रेस जिला महामंत्री परितोष हंसपाल, एल्डरमैन जगदीश श्रीवास, जिला सचिव अल्पसंख्यक विभाग विलसन मैथ्यू, महामंत्री राधे मण्डावी ने सभा को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रभारी महामंत्री विवेक मसीह व आभार प्रदर्शन एन एस यू आई विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन ने किया।


**State Council of Educational Research & Training Chhattisgarh, Raipur**
**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़, रायपुर**

Telephone - 0771-2443596, 2443496 Webiste: www.scert.cg.gov.in Email : scert@gmail.com

**//निविदा विज्ञापन//**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, छ.ग., शंकरनगर रायपुर (छ.ग.) को 40 नग 12 वोल्ट/65 ए एच के ऑन लाइन यूपीएस हेतु बैटरी की आवश्यकता है। वर्तमान में परिषद में उपयोग हुआ 40 नग पुराने बैटरी को भी फर्म द्वारा लिया जाना होगा। इच्छुक निर्माता कम्पनी द्वारा अधिकृत सप्लायर परिषद का वेब साइट http://scert.cg.gov.in पर निविदा विवरण प्राप्त कर सकते हैं। निविदा जमा करने का अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2021 को शाम 3.00 बजे तक परिषद में उपस्थित होकर निविदा जमा कर सकते हैं। पूर्व निर्धारित तिथि में जमा किये गये निविदा मान्य होगा। निविदा खोलने की तिथि 15 दिसम्बर 2021 को शाम 4.00 बजे।

(राजेश सिंह राणा आई ए एस)
संचालक
एस सी ई आर टी
शंकरनगर, रायपुर

संवाद - 30601/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
ई मेल पता :- ee-res.Dantewada@nic.in

**// सूचना क्रमांक-1//**

क्रमांक/1584/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2021 दन्तेवाड़ा, दिनांक-24/11/2021

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत स्वीकृत, मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण की जारी, निविदा सूचना क्रमांक-1559/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2021, को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

G- 65365/5



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/1426/रीडर-1/2021 जशपुर, दिनांक -23/11/2021

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं.-07** तहसील, जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदक गिरीश कुमार यादव पिता रामेश्वर राम यादव,** जाति माहकुल, निवासी ग्राम कुनकुरी, तहसील-कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-जशपुर, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न.1064/19, रकबा 0.016 हे., वर्ग.मी. 160 वर्ग मीटर, प्रयाजनार्थ आवासीय।**

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांक:- 09/12/2021 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक:- 23/11/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/1425/रीडर-1/2021 जशपुर, दिनांक -23/11/2021

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं.-07** तहसील, जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदक भानू प्रताप यादव पिता रामेश्वर राम यादव,** जाति माहकुल, निवासी ग्राम कुनकुरी, तहसील-कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** के लिए व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-जशपुर, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न.1064/18, रकबा 0.020 हे., वर्ग.मी. 200 वर्ग मीटर, प्रयाजनार्थ आवासीय।**

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांक:- 09/12/2021 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक:- 23/11/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)



**कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन -4) रायपुर छ.ग.**
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 331, 2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 45

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **स्वामी विवेकानंद सदर बाजार 45** वार्ड स्थित भवन / भूमि **45/180 सत्तीबाजार** जो कि निगम अभिलेख में **श्री मनोहर राव पिता वामन राव पिंगले** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती सुहासिनी पिंगले पति स्व. मनोहर पिंगले** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/दान पत्र/ हिब्बानामा/रजिस्ट्री/ के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा / पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 27 बीकेसी, सी-27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा(ई), मुंबई-400051 (एमएच.)
कार्पोरेट कार्यालय : कोटक इन्फिनिटि, जोन-।I, चतुर्थ तल, बिल्डिंग नंबर 21, इन्फिनिटि पार्क, ऑफ डब्ल्यू.ई. हाइवे, गोरेगांव मुंबई-400051 (एमएच.)
शाखा/आंचलिक कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक, तृतीय तल, कोटक महिन्द्रा बैंक ब्लॉक बी, पुजारी चैम्बर, पंचखेड़ी नाका, रायपुर, सी. जी. 492001

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**
**(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट 4 के अनुसार)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, बैंकिंग रेगुलेशन ऐक्ट, 1949 के अभिप्राय के भीतर एक बैंकिंग कम्पनी, जिसका पंजीकृत कार्यालय : 27 बीकेसी, सी-27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051, शाखा और आंचलिक कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक, तृतीय तल, कोटक महिन्द्रा बैंक ब्लॉक बी, पुजारी चैम्बर, पंचखेड़ी नाका, रायपुर, सी. जी. 492001 में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना जारी की थी, जिसमें सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। पार्टियों और बैंक द्वारा कब्जा में ली गई बंधक सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है :-

| ग्राहक कर्जदार(रों)/सह- कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) का नाम ऋण खाता संख्या के साथ | सांकेतिक/भौतिक कब्जा<br>सरफासी ऐक्ट के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि और राशि रू. में | कब्जे में ली गई अचल सम्पत्ति का वर्णन (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट 4 के अनुसार) |
|---|---|---|
| (ऋण खाता सं. HF37416295 तथा सीआरएन सं. 194223706 ) 1) श्री सत्यप्रकाश गंगवानी एवं 2) श्रीमती रचना गंगवानी , जिनका पता है : फ्लैट नंबर 623, गोल्डन पार्क विधानसभा रोड, वीआईपी एस्टेट, खामरडीह, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ | 22-11-2021 (सांकेतिक कब्जा)<br>मांग सूचना दिनांकित : 30-07-2021 रू. 26,88,769.16 (रू. छब्बीस लाख अठासी हजार सात सौ उनहत्तर तथा पैसे सोलह मात्र) दिनांक 28-07-2021 तक | बंधक निम्नलिखित सम्पत्तियों पर :- सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : अचल सम्पत्ति प्लॉट नंबर 02, खसरा नंबर 31/5, 32/7, पीएच नंबर 108/38, रमन मंदिर वार्ड नंबर 21, ग्राम फाफाडीह, रायपुर (सी.जी.) 492 001 |

उक्त कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा ऊपर "कब्जा की तिथि" कालम में वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

एतद्द्वारा, विशेष रूप से यहां ऊपर वर्णित कर्जदारों तथा सामान्य रूप से जनसाधारण को सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड की सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि, ऊपर विवरण में उसकी स्थिति की ठीक अगली तिथि से पूर्ण भुगतान तथा/अथवा वसूली तक, उस पर संविदात्मक दर पर भावी ब्याज, ऐवजी ब्याज, अनुषंगी व्यय, लागतों एवं प्रभारों के प्रभाराधीन होगा। इसके अतिरिक्त, कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**कृपया नोट करें सम्पत्तियों का विवरण ऊपर वर्णित अनुसार है**

तिथि : 27-11-2021
स्थान : रायपुर, छत्तीसगढ़

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड



**Piramal Capital & Housing Finance**

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई - 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400 602

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) ख्यूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात, का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002821) शाहिद खान (कर्जदार) साजिदा खान (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 20,07,655/- (रूपए बीस लाख सात हजार छह सौ पचपन मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर जी-52, खसरा नंबर 80/9 से 80/21 पार्ट, ऋषभ कालोनाइजर प्रा. लि., ग्राम पोटियाकला, ऋषभ साउथ सिटी, दुर्ग सरगुजा, छत्तीसगढ़-497001 |
| (रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00003215) हरबंस सिंह (कर्जदार) हरनेक सिंह (सह-कर्जदार 1) रंजीत कौर (सह-कर्जदार 2) | 21-10-2021/रू. 10,56,799/- (रूपए दस लाख छप्पन हजार सात सौ निन्यानवे मात्र) एनपीए (09-09-2021) | लोटस सिटी एक्सटेंशन फेज-3, प्लॉट नंबर 41, खसरा नंबर 30/1 पार्ट, तहसील पाटन, जिला दुर्ग पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490042 |
| (रायपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002778) प्रेम सिंह दाहल्ले (कर्जदार) जसमीत कौर (सह-कर्जदार 1) मंजीत कौर दाहल्ले (सह-कर्जदार 2) | 21-10-2021/रू. 7,00,966/- (रूपए सात लाख नौ सौ छियासठ मात्र) एनपीए (09-08-2021) | खसरा नंबर 506 पार्ट, मौजा पंडरी, पीएच नंबर 10, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492004 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 27-11-2021
स्थान : छत्तीसगढ़

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# आरक्षक की बेदम पिटाई, गंभीर चोटे आईं, इधर पुलिस प्रशासन ने चुप्पी साधी, थाना प्रभारी पर लग रहे आरोप




पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दफ्तर से महज कुछ सौ मीटर दूर लालबाग थाने में थाना प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा एक आरक्षक की पिटाई का मामला सामने आया है। खबर है कि किसी विषय पर हुए विवाद के बाद थाना प्रभारी और अन्य कुछ पुलिस कर्मियों ने आरक्षक की बेदम पिटाई की है। उसे देर रात अस्पताल ले जाए जाने की भी जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि आरक्षक को काफी गंभीर चोटें आई हैं। घटना बीते गुरुवार रात 8-9 बजे दरम्यानी की बताई जा रही है। इस पूरे मामले में पुलिस प्रशासन मौन है। इस पूरे घटनाक्रम के पीछे किसी तरह के लेन-देन का मामला बताया जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले भी थाना प्रभारी पर कई तरह के आरोप लगते रहे हैं। उनके खिलाफ पहले भी कई तरह की शिकायतों की जानकारी है। इधर, पुलिस अधीक्षक डी श्रवण ने बताया कि जिस आरक्षक की पिटाई की बात कही जा रही है वह पहले डॉयल 112 में अटैच किया गया था। लेकिन उसके खिलाफ मिल रही लगातार शिकायतों के बाद पिछले 2 से वह पुलिस लाईन में अटैच है। बेकाबू पुलिसिया रौब अब अपने ही महकमे के लिए मुसीबत बनता जा रहा है।बीते कुछ दिनों से पुलिस प्रताड़ना की खबरें सुर्खियों में है। वनांचलमें रिश्वत और मारपीट के मामलों से घिरी पुलिस के मामलों के बाद अबजिला मुख्यालय में अधिकारियों द्वारा आरक्षक की पिटाई सीधे तौर पर महकमे के अधिकारियों की दादागिरी जाहिर करता है। यहां महकमे के जवान ही अपने अधिकारियों से प्रताड़ना झेल रहे हैं।

### तैश में आकर पीटा और पिटवाया

सूत्र बताते हैं कि आरक्षक की थाने के भीतर ही बेदम पिटाई की गई है। बताया जाता है कि किसी मामले को लेकर पहले थाना प्रभारी और आरक्षक के बीच वाद-विवाद हुआ जिसके बाद तैश में आकर थाना प्रभारी ने आरक्षक की पिटाई शुरु कर दी। इसी दौरान उन्होंने मौजूद स्टॉफ के कुछ अन्य जवानों को भी आरक्षक को पिटने कहा। सूत्र बताते हैं कि इस पिटाई में आरक्षक को कई गंभीर चोटे आई हैं। जब उसने एसपी से इस संबंध में शिकायत की बात कही तो उसे धमकाए जाने की भी खबर है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम की पुलिस प्रशासन द्वारा पुष्टि नहीं की गई है।

### थाना प्रभारियों के खिलाफ एक के बाद एक आरोप

जिले में एक के बाद एक थाना प्रभारियों पर दादागिरी और रिश्वत खेरी सहित कई अन्य आरोप लग रहे हैं। कई मामलों में पीड़ितों ने प्रमाण भी दिए हैं। हालही में खड़गांव व मदनवाड़ा थाना प्रभारियों द्वारा दो ग्रामीणों की बेदम पिटाई और रातभर उन्हें थाने में खड़ा करने का मामला सामने आया था। दोनों ही के खिलाफ कार्रवाई भी हुई। यह मामला ठंडा पड़ा भी नहीं था कि औंधी थाना प्रभारी तारण दास डहरिया पर सर्पदंश से मृत युवक के भाई से रिश्वत लेने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत सामने आई। इस शिकायत पर भी डहरिया को निलंबित किया जा चुका है। जिले भर में ऐसी कई शिकायतें हैं। निलंबन की इन कार्रवाई से संतुष्ट होने से ज्यादा जरुरी है कि पुलिस प्रशासन को अनुशासन में लाया जाए।

### एसपी का महकमे पर काबू नहीं

पुलिस अमले के अधिकारियों की कार्यशैली और उनकी दादागिरी को लेकर लगातार लग रहे आरोप चिंता का विषय है। सवाल है कि क्या महकमा पुलिस अधीक्षक के नियंत्रण से बाहर है। बीते महिने भर के भीतर ही ऐसे कई मौके आएं हैं जब पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। इसके बावजूद अब तक अमले में किसी तरह का सुधार नहीं दिख रहा है। बताया यह भी जाता है कि लालबाग थाना में यह इस तरह की पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई दफा यहां पदस्थ जवानों के साथ ऐसा हो चुका है। यह भी बताया जा रहा है कि थाने में पदस्थ कई जवान हमेशा नशे में रहते हैं।

## केंद्र से बारदाना नही मिला तो आंदोलन : जिलाध्यक्ष

**डोंगरगांव नगर।** जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को धानखरीदी के लिए पर्याप्त बारदाना उपलब्ध नही कराने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



उल्लेखनीय है कि वर्तमान खरीफ सीजन के धानखरीदी के लिए मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र को पत्र लिखने के बाद भी केंद्र से पर्याप्त बारदाना नही मिलने से छग में किसानों को 75 फीसदी बारदाना स्वयं वहन करने की बात कही जा रही है। इस आशय को लेकर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू ने विज्ञप्ति में बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ को पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराने की माँग की है। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि धानखरीदी में समय रहते मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को बारदाना उपलब्ध नहीं कराया तो छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राम विलास साहू के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सभी भाजपा विधायक एवं सांसद के घर के सामने किसान कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। साहू के मुताबिक मोदी सरकार समय पर बारदाना उपलब्ध नहीं कराते है तो किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामबिलास साहू के नेतृत्व में दिल्ली कूच कर प्रधानमंत्री आवास का घेराव कर अनिश्चित काल के लिए धरना दिया जाएगा।

## घुमका अस्पताल में लापरवाही के चलते 'महतारी' की मौत




■ दो महिला चिकित्सकों की पदस्थापना केवल कागजी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/घुमका
www.dailypioneer.com

घुमका के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टरों की लापरवाही से प्रसव पीड़ा से कराह रही एक 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घुका निवासी गरीब परिवार की महिला निकिता साहू को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव के लिए भर्ती किया गया था। तीन दिनों तक बगैर किसी विशेष उपचार के घुमका अस्पताल में उक्त महिला को रखा गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए मंगलवार को रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में पहुंचने के बाद बाद महिला की मौत हो गई। रोते बिलखते परिजन बड़ी मुश्किल से मृतका का शव लेकर गांव पहुंचे। बुधवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

परिजनों के अनुसार मृतका की यह प्रथम डिलीवरी बताई जा रही है।परिजनों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों ने इलाज के मामले में जमकर लापरवाही बरती है। यहां तक कि महिला को प्रसव कक्ष में डॉक्टर झांकने तक नहीं पहुंचे। इससे भी गम्भीर लापरवाही एक निजी नर्सिंग कालेज की प्रशिक्षु छात्राओं के जिम्मे गम्भीर महिला को छोड़े जाने का आरोप लगाया जा रहा है। परिजनों के आरोपों के मुताबिक महिला को तीन दिनों तक घुमका में रोके रखा गया और महिला की बिगड़ती हालत को देखते हुए परिजनों की मिन्नतों के बाद भी अस्पताल दाखिले के दिन ही रेफर नहीं किया गया। मंगलवार को दोपहर महिला की स्थिति बिगड़ने के बाद भी परिजनों की नहीं सुनी गई। शाम होते स्थिति बिगड़ने पर तुरंत राजनांदगांव ले जाने कहा गया। इस मामले को लेकर शिकायत की खबर है। जानकारी के अनुसार घुमका में दो महिला चिकित्सक की तैनाती के बावजूद संस्थागत प्रसव में लापरवाही के चलते महिला की मौत के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

# कोचियों के साथ बालाघाट के शराब लायसेंसी को सह आरोपी बनाया गया

■ पहली बार किसी अन्य जिले को बनाया गया आरोपी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

फरवरी माह में एक कार्रवाई के दौरान 40 कार्टून में बरामद की गई मध्यप्रदेश की विदेशी मदिरा के मामले में आरोपियों के बयान के आधार पर अब मध्यप्रदेश के बालाघाट के शराब लाईसेंसी को सह आरोपी बनाया गया है। जिले में आबकारी प्रकरणों में यह पहला मामला है जब किसी अन्य प्रदेश के शराब लाईसेंसी को सह आरोपी बनाया गया है।

बीते 27फरवरी की रात्रि में आबकारी चेक पोस्ट पाटेकोहरा के पास तस्करों के वाहन (सीजी08के820) को रोकने की कोशिश की गयी थी। उक्त वाहन नहीं रूकने पर उसका पीछा किया गया। ग्राम लालूटोला चौक के पास उक्त वाहन को रोकने का प्रयास में महिन्द्रा बोलेरो (सी.जी. 08 एपी 9604) ठोकर मारी गयी। महिन्द्रा बोलेरो क्रमांक सी.जी. 08 एपी 9604 में सवार आबकारी उपनिरीक्षक जितेन्द्र उईके, आबकारी आरक्षक राकेश दुबे को गंभीर चोंट आयी थी।

आबकारी उपनिरीक्ष जितेन्द्र उईके द्वारा उक्त वाहन से भाग रहे वाहन चालक प्रवीण देशमुख को पकड़ागया व अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया। उक्त वाहन मारूति सुजूकी स्वीफ्ट डिजायर की तलाशी लेने पर 40 कार्टून में कुल 2 हजार नग, मात्रा 360.00 बल्क लीटर गोवा स्प्रिट ऑफ स्मूथनेस व्हीस्की (मध्यप्रदेश राज्य में विक्रय हेतु) बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी प्रवीण देशमुख के विरूद्ध आबकारी वृत्त राजनांदगांव ÷ब÷ में अपराध कमांक 54/2020 धारा 34(1)क, 34(2) 36, 59क आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना पर प्रवीण देशमुख एवं फरार आरोपी अरविन्द साहू को गिरफ्तार कर उनके कथन लिये गये। उनके द्वारा उपरोक्त 40 पेटी शराब को मध्यप्रदेश के जिला बालाघाट के विदेशी मदिरा दुकान रजेगांव से खरीदकर लाना बताया गया। आरोपी अरविन्द साहू ने उपरोक्त शराब को विदेशी मदिरा दुकान रजेगांव (लायसेंसी रमेश दुबे) के स्वीकृत अभिकर्ता सोनू दुबे पिता रामकुमार दुबे से खरीदने की जानकारी दी गयी। विवेचना के दौरान विदेशी मदिरा दुकान रजेगांव के अनुज्ञप्तिधारी रमेश प्रसाद दुबे से पत्र व्यवहार किये जाने पर कोई जानकारी नहीं दी गयी। अतः लायसेंसी के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गयी। मध्यप्रदेश राज्य से शराब तस्करों द्वारा शराब छत्तीसगढ़ लाने से छत्तीसगढ़ शासन की राजस्व प्रभावित होता है। विवेचना पर जप्त मदिरा के स्त्रोत की पतासाजी कर लायसेंसी जिला बालाघाट के विदेशी मदिरा दुकान रजेगांव के लायसेंसी रमेश दुबे एवं स्वीकृत अभिकर्ता सोनू दुबे के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 व 59 के तहत कार्यवाही की जाकर इनके विरूद्ध अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी जिला राजनांदगांव में पूरक चालान विवेचक श्रीमती निरूपमा लोन्हारे, सहायक जिला आबकारी अधिकारी के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# ख़बर से तिलमिलाए रेत माफिया ने पत्रकार को दी उठा देने की धमकी

■ गंडई प्रेस क्लब के पत्रकारों ने थाने में की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

खनिज के अवैध परिवहन की खबरों का प्रकाशन के बाद माफिया तिलमिला उठे हैं और इस तिलमिलाहट में वे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को खुली धमकी देने का दुस्साहस कर रहे हैं। बीते बुधवार को अवैध खनिज परिवहन पर हुई कार्रवाई के बाद प्रकाशित खबर को लेकर किसी अशोक बाफना के संबंधी ने एक स्थानीय संवाददाता व प्रेस क्लब के सदस्य को उठा लेने की धमकी देते हुए फोन पर ही बदसलूकी की। उक्त व्यक्ति ने संवाददाता को गालियां देते हुए देख लेने की धमकी दी है।इस पूरे मामले को लेकर प्रेस क्लब ने संवाददाता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

शुक्रवार को मोबाईल नंबर 7770900992 से आए कॉल पर संवाददाता से न सिर्फ बदतमिजी की गई बल्कि उसे उठवा लेने और देख लेने की धमकी भी दी गई। यह नंबर किसी श्रेयांश बाफना का बताया जा रहा है। गौरतलब है कि पूर्व संसदीय सचिव व अहिवारा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना के भाई अशोक बाफना द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध रेत परिवहन के मामलों की शिकायतें सामने आ रही थी। इस बीच खनिज विभाग ने खानापूर्ति की कार्रवाई करते हुए दो हाईवा में रेत और गिट्टी के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई ने इस पूरे खेल को उजागर कर दिया। शुक्रवार को इस संबंध में जब खबरें छपीं तो अवैध रेत परिवहन माफिया तिलमिला उठे। ग़ौरतलब हो कि गंडई नगर में आये दिन बिना किसी नियम कायदे व बगैर रॉयल्टी पर्ची के दूसरे जिले से रेत का परिवहन विगत कई दिनों से जारी है। अवैध रेत परिवहन की खबरें जिले सहित स्थानीय अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित भी होते आ रहे हैं। विगत दिवस खनिज विभाग ने अशोक बाफना और जेमुय पाटिल की हाईवा वाहन को जप्त कर गंडई थाना को सुपुर्द किया गया था। जिसकी ख़बर स्थानीय संवादाता ने प्रकाशित किया था। ख़बर से तिलमिलाये एबीएम कंट्रक्शन की ओर से स्थानीय संवाद दाता को फोन के माध्यम से बीते शुक्रवार को अश्लील गाली गलौच करते हुए उठा लेने की धमकी दी जा रही है।एक पत्रकार को फोन से धमकी देना यही साबित करता है कि एबीएम कंट्रक्शन कितना सही हैं और उनके द्वारा किया जा रहा रेत परिवहन कितना वैध है।

### अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका

लम्बे समय से नगर सहित जिले भर में अवैध खनन और परिवहन का होना कहीं न कहीं सम्बंधित विभागों की मिलीभगत को इंगित करता है। इसका सीधा उदाहरण एक-दो वाहनो पर कार्यवाई कर खानापूर्ति का करना है। अगर विभाग कड़ाई से जांच करती है तो और भी कई सफे दपोश माफ़िया बेनकाब हो सकती है साथ ही कई मामले सामने आ सकते हैं। अब देखना यह है कि अवैध परिवहन पर विभाग कब तक कार्यवाई करती है या पहले की तरह ही मनमानी करने के लिए खुला छोड़ देगी।

## ट्रेन में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश



**राजनांदगांव।** बीते गुरुवार की रात मुंबई से चलकर हावड़ा को जाने वाली गीतांजलि एक्सप्रेस में अज्ञात अधेड़ की लाश मिली है। मामले की सूचना मिलते ही राजनांदगांव स्टेशन में शव को उतारा गया। जानकारी के अनुसार ट्रेन में उस वक्त हड़कंप मच गया जब लोगों ने एक शख्स को संदिग्ध हालत में देखा। वहीं जांच में पता चला कि उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को बरामद किया। जीआरपी के जवानों ने शव को राजनांदगांव स्टेशन में उतारा। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। रेलवे पुलिस केस दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। शव की अभी पहचान नहीं हो पाई हैं।

# भाजपा से पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष शिव वर्मा निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

चुनावी सरगर्मियों के बीच भाजपा के जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष शिव वर्मा की प्राथमिक सदस्यता निलंबित कर दिए जाने की खबरें सामने आ रहीं हैं। सोशल मीडिया में चल रही खबरों की मानें तो अनुशानहीनता के आरोप में जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने प्रदेश संगठन की सहमति से यह कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि यह आदेश गुरुवार की रात ही जारी किया जा चुका है। हालांकि अब तक संगठन की ओर से किसी ने इसकी पुष्टि नहीं की है लेकिन किसी ने इन खबर को नकारा भी नहीं है।



नगर पालिक निगम राजनांदगांव के वरिष्ठ पार्षद व भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता शिव वर्मा के खिलाफ यह कार्रवाई अचानक सामने आई है। बताया जाता है कि संगठन उनकी कई गतिविधियों को लेकर नाराज़ था। उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त बताया गया है। बड़ी बात यह कि स्वयं मधुसूदन यादव की ओर से वर्मा के निलंबन की जानकारी एक वाट्सएप्प ग्रुप में पोस्ट की गई है।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से वर्मा की गतिविधियां पार्टी के अनुशासन के प्रतिकूल रही। वे संगठन और वरिष्ठों को दरकिनार कर अपनी चलाते रहे। डोंगरगढ़ सहित कई अन्य क्षेत्र में वे पार्टी की आड़ में कार्यक्रम करते रहे जबकि इसकी सूचना किसी अन्य पदाधिकारी को नहीं दी गई। बताया यह भी जाता है कि निगम में भी कई पार्षद उनकी कार्यशैली को लेकर शिकायतें दर्ज करा चुके हैं।

वहीं इस पूरे मामले में भाजपाई चुप्प हैं। जिला अध्यक्ष द्वारा प्रसारित संदेश को आदेश तो माना जा रहा है लेकिन भाजपा पदाधिकारी भी इस निर्णय की पुष्टि नहीं कर रहे हैं और न ही वे इस विषय में कुछ कह रहे हैं। इस घटनाक्रम के बाद भाजपा के अंदरुनी हल्के में हड़कंप मचा हुआ है।

# गरीबों का घर बनाने का हक छीन रही है राज्य सरकार : जिपं अध्यक्ष गीता साहू

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा की एक तरफ केंद्र सरकार गरीब तबके के लोगों के रहने के लिए मकान का आवंटन उपलब्ध करा रही है लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार गरीबों का हक छीनने का कार्य कर रही है। केंद्र से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2021-22 के लिए राज्य को आवंटित 7 लाख 81 हजार 999 का लक्ष्य तत्काल प्रभाव से वापस लेने का



आदेश जारी कर दिया हैक्योंकि राज्य सरकार अपने हिस्से की राशि नहीं दे पाई है। यह घोर लापरवाही है। भूपेश सरकार को गरीबों की जरा भी चिंता नहीं है। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने आगे कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्य के गरीबों के उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं। उनके द्वारा लोक लुभावने वादे किए जाते हैं लेकिन उसे पूरा करने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। ग्रामीण से लेकर वनांचल क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण करें तो लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी ओर केंद्र की सरकार नरेंद्र मोदी गांव गरीब व किसानों का ख्याल रखते हुए अनेक योजनाएं लागू कर इसका लाभ दिलाने का प्रयास लोगों को कर रही हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में केंद्र की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रदेश सरकार विफल रही है।

### धान खरीदी प्रारंभ किए जाने की मांग को अनसुना किए जाने पर आक्रोश जताया

# चक्काजाम की तैयारी, किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



क्षेत्र के ग्राम कुहीकला, घोटिया, टेकेहर्रा, टिपानगढ़, छुरियाडोंगरी, केशोटोला, कुहीखुर्द के ग्रामीणों ने ग्राम कुहीकला में धान खरीदी प्रारंभ किए जाने की मांग को अनसुना किए जाने को लेकर आक्रोश जताया है। उन्होंने यहां उपार्जन केंद्र शुरु न किए जाने के विरोध में चिचोला हाईवे में चक्काजाम करने की ठान ली है। ग्रामीणों ने बताया कि कई ग्रामों के किसानों को जयसिंग टोला स्थित उपार्जन केंद्र तक का सफर करने में कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता था अब इसे कुहीटोलाम में शामिल किया गया है।

ग्राम वासियों को प्रशासन की ओर से कहा गया था कि धान खरीदी केंद्र के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। ग्राम वासियों ने जगह उपलब्ध कराई जिसका निरीक्षण सहकारी समिति के अधिकारियों द्वारा किया गया तथा नए तरीके से केंद्र खोलने का आश्वासन दिया गया। प्रशासन की ओर से अभी नया सत्र में धान खरीदी की जा सूची जारी की गई है उसमें ग्राम कुहीकला को झाड़ीखैरी के साथ जोड़कर सूची जारी की गई है। जिससे ग्राम में धान खरीदी का काम खटाई में पड़ गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने विधायक से भी गुहार लगाई। विधायक द्वारा टंकण त्रुटि होने और उसे सुधार करने की बात कही गई किंतु उक्त आदेश में किसी प्रकार का कोई संशोधन नहीं होने से उपरोक्त वर्णित सभी ग्राम के किसान आंदोलन करने का सामूहिक निर्णय ले चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुहीकला में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किया जाए या फिर ग्राम कुहीकला के नाम से संचालित जयसिंगटोला केंद्र को ग्राम कुहीकला में स्थानांतरित किया जाए। किसानों ने कहा कि 29 नवंबर को सुबह 10:00 बजे चिचोला से छुरिया मोड़ नेशनल हाईवे पर आवागमन अवरुद्ध कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करेंगे। ग्रामीणों ने प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, थाना प्रभारी गैंदा टोला, छुरिया और चिचोला पुलिस चौकी के एसडीएम डोंगरगांव में ज्ञापन सौंपा है।

# संबलपुर आयुर्वेद शिविर में 210 मरीजों का परीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



आयुर्वेद ग्राम संबलपुर में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। ब्लॉक छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत संबलपुर के शासकीय आयुर्वेद औषधालय परिसर में 26 नवंबर शुक्रवार को आयोजित शिविर में 210 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद औषधि प्रदान किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु आयुष काढ़ा का वितरण भी किया गया। सचिव कार्यकारी समिति, राज्य आयुष सोसायटी एवं संचालक, आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ के निर्देशन एवं ज़िला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगाँव के मार्गदर्शन में आयोजित एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर के शुभारंभ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि युवा सरपंच रूपेश साहू ने शिरकत की। सरपंच श्रीसाहू द्वारा भगवान धन्वन्तरि एवं आयुर्वेद के प्रणेता महर्षि चरक की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। उक्त शिविर में हेमन दास साहू समाजसेवी, पंचगण हनमान सिंह ठाकुर, गोपी राम चुनेंद्र व हेमराम चुनेंद्र, चमरा राम ठाकुर पूर्व जपंसदस्य एवं शिविर प्रभारी डॉ नरोत्तम नेताम भी सम्मिलित हुए। शिविर में डॉ नरोत्तम नेताम (एम डी आयुर्वेद), डॉ अन्नपूर्णा मिश्रा एवं फ़ार्मसिस्ट धिराजी सिन्हा, नरेश साहू, गौतम कुमार घरड़े, दीपक कोर्राम, हँसु राम भुआर्य सहित अन्य ने अपनी सेवाऐं प्रदान की।

# पेसा व वन अधिकार कानून आदिवासियों के हित में ऐतिहासिक : अलंग

## प्रभावी क्रियान्वयन से पारंपरिक अधिकार को मान्यता मिलेगी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने कहा कि पंचायत राज और ग्राम विकास के आधार पर एफआरए और पेसा दोनों ही कानून ग्राम सभा को केंद्रीय भूमिका में लाती है और सामुदायिक संसाधनों पर आदिवासियों के पारंपरिक अधिकार को मान्यता देती है। पेसा कानून जनजातीय जीवन के इतिहास में नए युग की शुरुआत का प्रतीक है और समानता लाने का एक प्रमुख साधन है। पेसा और वन अधिकार एक्ट आदिवासियों के हित में बनाये गये ऐतिहासिक कानून हैं। इनके प्रभावी क्रियान्वयन से आदिवासियों के पारंपरिक अधिकार को मान्यता मिलेगी।

हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा आदिवासी शोध और प्रशिक्षण संस्थान तथा ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान के सहयोग से संविधान दिवस के परिप्रेक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ अलंग ने उक्त विचार रखे। यह संगोष्ठी वर्चुअल मोड में 26 एवं 27 नवंबर को आयोजित की गई है। संगोष्ठी के प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में 'भारत में आदिवासियों के अधिकार, संसाधन और आजीविका, पेसा व वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन विषय पर' संगोष्ठी रखी गई। डॉ. अलंग ने कहा कि पंचायती राज संस्था प्राचीन काल से हमारे ग्रामीण, सामाजिक ढांचे का मुख्य स्तंभ रही है। इसे संविधान की धारा 40 में नीति निर्देशक प्रावधानों के रूप में जगह



दी गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत (अनुसूचित क्षेत्र में विस्तार) अधिनियम 1996 अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम समुदायों के लिए स्वशासन के कार्यान्वयन के लिए ऐतिहासिक कानून है। पेसा इन क्षेत्रों में परिवर्तन लाने का महत्वपूर्ण प्रतिमान है। पेसा नियमों का प्रारूप छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक विचार विमर्श के लिए जारी किया गया है।

उन्होंने छत्तीसगढ़ पंचायत प्रावधान (अनुसूचित का विस्तार) नियम 2021 (मसौदा नियम) पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पेसा एक्ट के तहत प्रारूप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में पेसा के तहत सक्षम नियम अभी भी लागू नहीं हैं।

पेसा को लागू करने के लिये राज्य व पंचायत के स्तर पर कानूनों में संशोधन करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्राम सभा और ग्राम पंचायत के दायित्व और शक्तियों के बारे में स्पष्टता होनी चाहिये। साथ ही, लघु जल निकायों, लघु वनोपज आदि की व्याख्या के संबंध में कठिनाइयों को दूर किया जाना होगा। पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्ववयन के लिए संबंधित प्रावधानों के बीच सामंजस्य पर गौर करना होगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ के संदर्भ में जनजातियों की आजीविका के लिये बनाई गई नीतियों और योजनाओं पर प्रकाश डाला। लघु वनोपज, न्यूनतम समर्थन मूल्य, वन धन केन्द्र, छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड, मिलेट मिशन, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, चिराग परियोजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की योजना से आदिवासियों के हो रहे आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन का उल्लेख किया। इस सत्र की संगोष्ठी में भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के पूर्व विशेष सचिव डॉ. बाला प्रसाद, मानव विकास संस्थान नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. वर्जीनियस खाखा, पारिस्थितिकी में अनुसंधान के विशेषज्ञ अशोक ट्रस्ट बेंगलूरु के डॉ. शरद लेले तथा सुप्रीम कोर्ट की सीनियर एडवोकेट सुश्री शोमोना खन्ना ने भी अपने विचार रखे।

## समाचार अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विविध कार्यक्रम 3 को

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन समाज कल्याण विभाग बिलासपुर द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किया जाएगा। जिसके लिए जिला पुनर्वास केंद्र के सभाकक्ष में विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय दिव्यांगजन के संस्थाओं के प्रमुख एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 3 दिसम्बर को श्रीराम मंदिर तिलक नगर बिलासपु में जिला स्तरीय दिव्यांगजन दिवस का कार्यक्रम एवं दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही विकासखण्ड कोटा में 6 दिसम्बर, तखतपुर में 8 दिसम्बर, बिल्हा में 9 दिसम्बर तथा जनपद पंचायत मस्तूरी में 10 दिसम्बर को अन्तर्राष्टीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों की जागरूकता रैली के साथ लगभग 50 लाख का सहायक उपकरण एवं दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजनांतर्गत पूर्व से चयनित हितग्राहियों को शासन के योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा। 3 दिसम्बर अन्तर्राष्टीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगों के अनुरूप विभिन्न खेलकूदों को आयोजन 2 दिसम्बर को शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय, बिलासपुर नेत्रहिन कन्या विद्यालय बिलासपुर तथा जस्टिस तन्खा मेमोरियल बिलासपुर अलग अलग दिव्यांगता के अनुसार खेलकूद का आयोजन कर चयनित प्रतिभागियों को 3 दिसम्बर 2021 को श्रीराम मंदिर तिलक नगर बिलासपुर में पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में जिला पुनर्वास केन्द्र बिलासपुर, ब्रेल प्रेस बिलासपुर, शा. दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय बिलासपुर, आश्रयदत्त कर्मशाला बिलासपुर, जस्टिस तन्खा मेमोरियल, आनंद निकेतन, श्री स्पेशल केयर, डेफ एसोसिएशन, घारौंदा, जनपद पंचायत कोटा, तखतपुर, मस्तूरी, बिल्हा के अधिकारी एवं प्रतिनिधि के रूप में प्रमुख रूप से श्रीमती बविता कमलेश, सरस्वती रामेश्री, सत्यभामा अवस्थी, कविता पुजारा, ज्योति तिवारी, जी.आर.चंद्रा, विजय केसकर, संजय खुराना, एल.डी.भांगे, राजेन्द्र अवस्थी, जनपद पंचायत से संजय यादव, दिलीप उपाध्याय, प्रकाश एक्का, तेजपाल सिंह, जिला पुनर्वास केन्द्र से श्रीमती पुष्पा साहू, सी.एक्का, रेखा तिवारी, गायत्री शुक्ला आदि विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लाइव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संविधान दिवस की प्रस्तावना को पढ़ा



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था जिसे 26 जनवरी, 1950 में लागू किया गया और वर्तमान इसी संविधान की बदौलत आज भारत पूरे विश्व में सबसे बडे लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है। इसी कड़ी में राष्ट्रपति नाथ कोविंद, द्वारा पूरे राष्ट्र में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया । इस प्रकार भारतीय रेलवे के अंतर्गत सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधकों सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लाइव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'संविधान दिवस' की प्रस्तावना को पढ़ा। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में महाप्रबंधक, आलोक कुमार, विजय प्रताप सिंह, अपर महाप्रबंधक एवं सभी विभागाध्यक्ष सहित समस्त विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल में मंडल रेल प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारी सहित सभी कर्मचारियो द्वारा ऑन लाइन माध्यम से राष्ट्रपति के साथ प्रस्तावना का पाठ किया गया।

## कलेक्टोरेट में किया गया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन



**बिलासपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय में अतिरिक्त कलेक्टर जयश्री जैन के नेतृत्व में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया गया। जयश्री जैन ने सभी शासकीय सेवकों को संविधान के मूल भावना के अनुरूप जनहित में काम करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर कलेक्टोरेट के सभी अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुएं। उल्लेखनीय है कि आज के ही दिन 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था।

## भाजपा अजा मोर्चा ने डॉ. अंबेडकर को किया याद

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला प्रभारी किशोर राय उपस्थित रहे ।उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर के संविधान लिखने के बारे में बताया कि कितनी तकलीफ और कठिनाई के बाद उन्होंने 2 साल 11 महीने और 18 दिन में यह संविधान का मसौदा तैयार किया।

डाअंबेडकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता उन्हों ने कहा था कि राजनीति में राजनीतिक समानता तो हमें प्राप्त हो गई है । लेकिन सामाजिक और आर्थिक समानता और प्राप्त करना बाकी है। इस अवसर पर अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या ने कहा कि जब से केंद्र





में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है तब से डा अंबेडकर के संविधान को सम्मान मिला है ।सविधान दिवस मनाने का जो परंपरा चली है 2015 के बाद शुरू हुई है और बाबा साहब अंबेडकर को जो वास्तव में उनको सम्मान मिलना था वह कहीं अब जाकर पूरा होते दिख रहा है । अंबेडकर जी की पंच तीर्थ स्थल बनाने का काम अगर किसी ने किया है तो वह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है ।इसके लिए अनुसूचित जाति मोर्चा उनको धन्यवाद देता है ।

आज हम जिन परिस्थिति में है उसके बावजूद भी हम परिस्थितियों का रोना रोते हैं कि हमारे पास ऐसी परिस्थिति नहीं थी कि हम पढ़ नहीं पाए लेकिन याद करना चाहिए कि किस तरह अनेकों कठिनाईयों से लड़कर बाबा साहब ने सफलता प्राप्त की होगी हमें उनसे प्रेरणा मिलती है । हमे उनसे हमेशा सीख मिलती रहती है ।इस अवसर पर महामंत्री नरेंद्र कोसले प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा विकास सिहोते मीडिया प्रभारी लकी बंजारे एवं श्रवण कुमार राजेंद्र सतनामी ईश्वर सूर्यवंशीअनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## धान बेचने किसानों के समक्ष एक बार फिर बारदाने का संकट

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए बारदाने की समस्या को लेकर पुनः एक बार किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी में किसानों को समस्याओं से दो चार होना पड़ेगा क्योंकि सभी समितियों में जो दिशानिर्देश जारी किये गए है उन निर्देशों के अनुसार धान खरीदी के पहले दिन से ही 25 से 30 प्रतिशत बारदाने किसानों से ही लेने की बात कही गई है। इन दिशानिर्देशों के पश्चात् व्यापारियों के चेहरे खिल गए है और किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींच गई है क्योंकि जैसे ही यह बात सामने आई की बारदाने की समस्या है रातों रात बारदाने की कीमतें आसमान पर पहुंच गई जो बारदाना 15 से 20 में मिलना चाहिए वह अब 35 का हो गया है जिसका पूरा भार किसानों पर ही आयेगा। किसानों का कहना है की हमें प्रति क्विंटल 100 का अतिरिक्त खर्च बारदानों पर करना होगा। धान का समर्थन मूल्य 1940 मिलना है वह अब बारदाने के खर्च के पश्चात् 1840 ही मिलेगा क्योंकि 100 का खर्च बारदाने का बढ़ गया है। 100 के खर्च को इस प्रकार से समझा जा सकता है जैसे एक बारदाना 35 का तो एक क्विंटल धान के लिए तीन बारदाने की आवश्यकता होगी और तीन बारदाने का खर्च लगभग 100 आयेगा। इसका भार तो किसानों के उपर ही आयेगा। किसानों का धान किसानों की सुविधा को देखते हुए प्लास्टिक की बोरियों में भी लेना चाहिए क्योंकि किसानों के पास प्लास्टिक बोरियां खाद उसमें आने के कारण उपलब्ध रहती है। प्रदेश के किसानों से चर्चा के पश्चात् किसानों का कहना की यदि बाहर से बारदाने किसानों को मिल सकते है तो सरकार क्यों व्यवस्था नहीं कर पा रही है। किसानों ने अपनी बात में यह भी कहा की सरकार ने पिछले वर्ष बारदाने का पैसा देने की बात की थी उसका भुगतान सरकार ने आज तक नहीं किया है। किसानों का कहना है अब हमें धान खरीदी को लेकर सरकार पर भरोसा नहीं रह गया है जिस प्रकार साफ्टवेयर की गड़बड़ी बताकर हजारों किसानों का रकबा काटा गया वो किसानों के साथ धोखा ही है। इसके साथ ही एक नई समस्या किसानों के साथ आ रही है जिन किसानों की एक से अधिक ग्रामों में खेती है उन किसानों का एक से अधिक ग्रामों का पंजीयन एक ही समिति में कर दिया गया है। ऐसे में उस किसान को एक गांव से उसके दूसरे गांव की समिति में परिवहन करना होगा जिसमें वह अनावश्यक परेशान होगा और उसका खर्च भी बढ़ेगा। बिलासपुर जिले में इस वर्ष लगभग 1लाख 10 हजार पंजीकृत कृषक है ,जिसमें 1लाख 25 हजार 172 हैक्टेयर में धान बेचा जाना है जिसके लिए 1 करोड़ 25 लाख बारदाने की आवश्यकता पड़ने वाली है सूत्रों से जानकारी के मुताबिक बिलासपुर जिले में 70 लाख बारदाने की व्यवस्था प्रशासन ने की है अभी भी 55 लाख बारदाने की व्यवस्था को लेकर संसय की स्थिति बनी हुई है । भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे ने मांग की है की सरकार किसानों को बारदाने एवं रकबे को लेकर होने वाली समस्या का तत्काल समाधान निकाले एवं पिछले वर्ष के बारदानों का भुगतान तत्काल किसानों को करें अन्यथा भारतीय किसान संघ पूरे प्रदेश में सरकार के विरोध में आंदोलन करेगा।

## बारदाना उपलब्ध कराने में लापरवाही, चार उचित मूल्य दुकान तत्काल प्रभाव से निलंबित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु बारदाना व्यवस्था बनाये रखने हेतु उचित मूल्य दुकानों को माह अप्रैल 2021 से खाद्यान्न वितरण पश्चात् पीडीएस के जूट बारदानों को सुरक्षित रूप से रखने और प्रशासन को उपलब्ध कराने तथा अतिरिक्त अन्य कार्यो हेतु विक्रय नहीं करने के लिए समस्त उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को सख्त निर्देश दिये गये है। इसके बावजूद भी लोरमी अनुविभाग के जय मॉ दुर्गा महिला स्व सहायता समूह मसना, लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह रबेली, सतनाम महिला स्व सहायता समूह नवागांव दयाली एवं ग्राम पंचायत घठेली द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान के संचालकों द्वारा माह नवम्बर 2021 की स्थिति में प्राप्ति योग्य बारदाना उपलब्ध नहीं कराया गया। इसे घोर लापरवाही और उदासीनता की श्रेणी में मानते हुए लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा उक्त उचित मूल्य दुकानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों को शत्-प्रतिशत बारदाना जमा करने हेतु कड़ाई के साथ निर्देशित किया गया है। बारदाना जमा नहीं करने पर भविष्य में इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रखने की बात कहीं गई है।

### धान के अवैध परिवहन की सतत् जांच एवं निगरानी हेतु उड़न दस्ता दल गठित

कलेक्टर अजीत वसंत ने खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को ध्यान रखते हुए धान के अवैध परिवहन की सतत् जॉच एवं निगरानी के लिए अनुविभागवार उड़न दस्ता दल का गठन किया है। इनमें मुंगेली अनुविभाग के लिए तहसीलदार मुंगेली मायानंद चंद्रा, नायब तहसीलदार उमाकांत जायसवाल, खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार पाण्डेय एवं सहकारिता निरीक्षक कैलाश कश्यप शामिल है। लोरमी अनुविभाग के लिए तहसीलदार लोरमी लीलाधर ध्रुव, नायब तहसीलदार राहुल कौशिक, सहायक खाद्य अधिकारी देवेन्द्र बग्गा एवं मंडी सचिव धरम ध्रुव शामिल है।

## अचानकमार में बाघ के शावक का शव मिला

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिज़र्व में बाघ के शावक का शव मिला है। खबरें हैं कि शव दो दिनों तक पड़ा रहा और वन अमले की तंद्रा आज टूटी। इस मसले को लेकर लगातार वन अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन मोबाईल काल कोई अटेन्ड नहीं किया।

वन विभाग का यही रवैया रहता है। इसका ताजा उदाहरण पिछले सफ्ताह जिला पंचायत के सामान्य सभा मे डीएफ़ओ द्वारा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी देने की बात जिला पंचायत सददस्यो से कहा गया।सदस्यों द्वारा बवाल करने पर अंततः डीएफ़ओ ने माफी मांगकर मामला रफ दफा किया था। सूत्रों के अनुसार शावक अथवा बाघ का शव टिंगीपुर गाँव के पास मिला है।

वाइल्ड लाइफ़को लेकर सक्रिय जानकार यह बताते हैं कि इस इलाक़े में पहले भी घटनाएँ हुई हैं। बाघ अथवा उसके शावक की मौत कैसे हुई और वन अमले को वहाँ पहुँचने में क्या वाक़ई दो दिन लग गए यह प्रश्न फ़िलहाल अनुत्तरित हैं।

### पशुपालकों ने 1 लाख 48 हजार 390 क्विंटल गोबर का किया विक्रय, 2 करोड़ 94 लाख 14 हजार रूपए से अधिक का भुगतान

## राज्य में गोधन न्याय योजना का मॉडल बन रहा है बिलासपुर जिला

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

गोधन न्याय योजना का बिलासपुर जिले में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट क्रियान्वयन सफलता पूर्वक किया जा रहा है। वर्तमान में बिलासपुर जिला गोधन न्याय योजना के मॉडल के रूप में राज्य स्तर पर स्थापित हो रहा है। जिले के 257 सक्रिय गोठानो में 7536 पशुपालको द्वारा 1 लाख 48 हजार 390 क्विंटल गोबर गोठानो में विक्रय किया गया जिससे अब तक गोबर विक्रेता पशुपालको को 2 करोड़ 94 लाख 14 हजार रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। गोधन न्याय योजना बिलासपुर जिले में 20 जुलाई 2020 से संचालित है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो के पशुपालको, चरवाहो एवं ग्रामीण स्तर के साधारण गरीब पशुपालक परिवारो को गोबर विक्रय से अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है जिससे पशुपालक अपनी दैनिक जरूरतो को पूरा कर रहे है। विकासखण्ड बिल्हा के गोठान ग्राम सेलर के पशुपालक श्री लोकेश कुमार ने गोबर विक्रय कर अपने लिए दुपहियॉ वाहन खरीदा।

वर्मी खाद विक्रय कर महिलाओं ने अर्जित किया 67 लाख 42 हजार का लाभांश, जैविक खेती से किसानों को प्रति हेक्टेयर हो रही है 5 हजार रू. तक की बचत वर्तमान में जिले के 257 सक्रिय गोठानो में खाद निर्माण



कार्य एवं अन्य गतिविधियों में 257 स्व सहायता समूह जुटे हुए है। समूहों द्वारा 19 हजार 861 क्विं. वर्मी खाद एवं 15 हजार 885 क्विं सुपर कम्पोस्ट खाद निर्माण कर कुल 2 करोड़ 54 लाख 40 हजार रूपए मूल्य के 17 हजार 501 क्विं वर्मी खाद एवं 13 हजार 323 क्वि. सुपर कम्पोस्ट खाद का विक्रय किया जा चुका है। जिससे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओ ने लाभांश राशि के रूप में 67 लाख 42 हजार रू. अर्जित किया। योजना से ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार सृजन को बढावा मिल रहा है। विकासखण्ड कोटा के गोठान ग्राम शिवतराई में महामाया स्व सहायता समूह ने 1204.43 क्विं वर्मी खाद का निर्माण एवं विक्रय कर 3 लाख 94 हजार रूपए लाभांश राशि के रूप में अर्जित किया साथ ही केंचुआ पालन एवं विक्रय से 5 लाख रू., सब्जी उत्पादन से 50 हजार रू. एवं मशरूम उत्पादन से 20 हजार रू तथा मुर्गी पालन, बटेर पालन, बकरी पालन से लगभग 1 लाख 50 हजार रू. का अतिरिक्त आय प्राप्त किया है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती साफिन बाई ने बताया कि गोधन न्याय योजना से खाद निर्माण एवं विक्रय के माध्यम से जो आमदनी प्राप्त हुई, उससे अपनी रोजमर्रा की आवश्यकताओ की पूर्ति के साथ-साथ अपनी पुत्री के विवाह में खर्च किया। विकासखण्ड मस्तूरी के गोठान ग्राम जुहली के जय बुढादेव स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वर्मी खाद उत्पादन एवं विक्रय से 1 लाख 25 हजार रू. एवं केचुआ पालन एवं विक्रय से 2 लाख रू. की अतिरिक्त आमदनी प्राप्त की गई। वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन एवं खेतों में उपयोग से जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हुई है। समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन से खेती के लागत मे कमी आयी है जिससे लघु-सीमांत एवं दीर्घ कृषकों को प्रति हेक्टेयर 3 हजार रू. से 5000 तक की बचत हो रही है।

## बरगढ़ में हो रहा महा गौरा गौरी एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति महोत्सव का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

खरसिया विकासखंड के बाबा भोलेनाथ की नगरी बरगढ़ में महा गौरा गौरी एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, इस अवसर पर यहां आयोजन समिति द्वारा प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है, तो वहीं इस अवसर पर बरगढ़ के बाबा भोलेनाथ के मंदिर परिसर में भी दूरदराज से लोग पहुंच रहे हैं, एवं इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा भव्य रुप से मेले का भी आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न मनोरंजन के साधन, मौत का कुँवा, झूले- खेल तमाशे, मीना बाजार एवं विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी हुई हैं, तथा इस मेले में जहां हजारों की संख्या में लोग मनोरंजन हेतु पहुंच रहे हैं, तो वही नए



राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे मुख्य मार्ग पर यह मेला आयोजित किया गया है, एवं बरगढ़ में या पहला अवसर है कि महाशिवरात्रि पर्व को छोड़कर ऐसे भव्य मेले एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया तथा देर रात्रि तक यह मेला चल रहा है एवं मेले में लोग सपरिवार शामिल होकर इसका आनंद उठा रहे हैं, वहीं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी आयोजन समिति द्वारा विभिन्न समितियों को प्रतिस्पर्धा के रूप में भी प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार हेतु एक बड़ी प्रोत्साहन राशि भी रखी गई है।

# महंगाई' लोगों के जीवन के लिए अभिशाप बन गई : मोहन मरकाम

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री, कपड़ा, दवाई, स्टेशनी सहित सभी आवश्यक वस्तुओं के दामों में कांग्रेस सरकार के समय की कीमत से दोगुनी वृद्धि को मोदी निर्मित महंगाई करार देते हुये कहा कि मोदी और महंगाई' लोगों के जीवन के लिए अभिशाप बन गया है। महंगाई और कीमतों में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि ने देश में हर व्यक्ति की कमाई को निगल कर हर परिवार की आय और बजट को बिगाड़ दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनित महंगाई और मूल्य वृद्धि के कारण असहनीय पीड़ा और वेदना से देशवासी पीड़ित है, लाचार है, मजबूर है। घर परिवार का बजट मोदी निर्मित महंगाई ने तहस नहस कर दिया। न्यूनतम पोषण भी लोगों की पहुंच से बाहर हो गया है। प्रतिदिन रसोई में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री एवं उपयोग की अन्य वस्तुएं खरीदना भी मुश्किल हो गया है। मोदी सरकार ने देश के नागरिकों की अभूतपूर्व पीड़ा और वेदना के प्रति अपनी आंखें मूंद ली हैं। मोदी सरकार द्वारा लोगों को कोई भी राहत दिए जाने की बजाय भाजपा पोषित चुनिंदा मीडिया के एक वर्ग की मदद लेकर जनता के इन महत्वपूर्ण मुद्दों से धार्मिक, विभाजनकारी बहस एवं बयानों द्वारा लगातार भटकाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भारत की जनता को सबसे अधिक प्रभावित करने वाली वास्तविक समस्या इस समय पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की महंगी कीमतें हैं, जिसकी वजह से सभी खाद्य पदार्थ एवं उपभोग की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। हर परिवार खाने के तेल, दालों और खाद्य पदार्थों की असहनीय महंगाई के प्रभावित है। शायद यह इतिहास में पहली दफा है कि टमाटर की कीमतें पेट्रोल और डीजल की कीमतों को भी मात दे रही हैं। निर्माण सामग्री, जैसे सीमेंट, लोहा, और स्टील के दामों में लगभग 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो गई है। सब कुछ धीरे-धीरे आम लोगों की पहुंच से बाहर होता चला जा रहा है। मोदी सरकार या तो लोगों के कष्ट व पीड़ा से अनभिज्ञ बनी हुई है या उनका परिहास बनाती है।

## प्रधानमंत्री आवास का एलाटमेंट रद्द करना मोदी सरकार का छत्तीसगढ़ विरोधी चरित्र : सुशील शुक्ला



प्रधानमंत्री आवास योजना घर का एलॉटमेंट निरस्त करने पर कांग्रेस ने मोदी भाजपा की सरकार की गरीब जन विरोधी निति करार दिया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार में केंद्रीय योजनाएं सफेद हाथी की तरह है। केंद्र ढेर सारी योजनाएं तो बनाती है लेकिन उस योजना को धरातल पर सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राज्य सरकारों से फंड मांगा जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना जो पहले इंदिरा आवास योजना थी जिस पर केंद्र सरकार राज्यो को 78 प्रतिशत की राशि देती थी उस योजना का नाम बदला गया साथ ही केंद्र सरकार योजना की राशि आबंटन में भी कटौती कर दी। उस योजना में मोदी की सरकार मात्र 60 प्रतिशत राशि खर्च कर रही है और आवंटन के बावजूद योजना के केंद्रीय अंश को देने में आनाकानी लेटलतीफी कर रही है अनेक नियम कायदे जोड़कर योजना को मूर्त रूप देने में बाधा उत्पन्न कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नई शर्तें जोड़ा गया है प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके मूल स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने का शर्त रखी गई है। कांग्रेस शासनकाल में गरीबों को भूमिहीनों को वन में रहने वालों को पटटा मिला था। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभ लेने के लिए अपने मूल स्थान को परिवर्तित करना पड़ेगा यह सरते मोदी भाजपा की सरकार ने लगाई है और एक प्रकार से पट्टा धारियों को पट्टा अघोषित रूप से निरस्त करने का यह योजना है। मोदी भाजपा की सरकार गरीबों के लिए योजना तो बनाती हैं लेकिन उसका उद्देश्य अप्रत्यक्ष रूप से चंद्र पूजी पतियों को फायदा पहुंचाना ही होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हित रहे यदि वन पट्टा धारी हैं तो इन्हें इस योजना का लाभ लेने के लिए अपना स्थान परिवर्तन करना पड़ेगा। भाजपा के नेता प्रधानमंत्री आवास योजना के निरस्त करने पर जो हो हल्ला कर रहे हैं। उसका सीधा कारण मोदी सरकार के गरीब विरोधी नीतियों पर पर्दा करना है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ सीएम ने की अपमानजनक टिप्पणी, आजजा अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत हो एफआईआर दर्ज

**पूरे प्रदेश में एफआईआर दर्ज कराने अजजा मोर्चा पहुंचा विशेष थाना**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के खिलाफ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई टिप्पणी और बयान को आदिवासी विरोधी और अपमानजनक बताते हुए पूरे प्रदेश के सभी जिलों में विशेष आजाक थानों में एफ्आईआर कराने हेतु आवेदन दिया गया। भाजपा अजजा मोर्चा द्वारा भूपेश बघेल के खिलाफ एक्ट्रोसिटी के तहत एफ्आईआर दर्ज करने के आवेदन के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यह जानते हुए भी कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जनजाति समाज के हैं, फिर भी उनको सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के उद्देश्य जो टिप्पणी की है उससे आदिवासी समाज अपने आप को अपमानित महसूस कर रहा है। अजा और अजजा अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(x) के अनुसार जो कोई, अनुसूचित जाति और जनजाति का सदस्य नहीं है। 'जनता को दृष्टिगोचर किसी स्थान में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य का अपमान करने के आशय से उसको अपमानित या अभित्रस्त करेगा' के अनुसार मुख्यमंत्री की स्तरहीन टिप्पणी एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है। प्रमुख रूप से रायपुर में अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम और अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, सरगुजा में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा और मोर्चा महामंत्री सत्यनारायण सिंह, बस्तर में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप और पूर्व विधायक बैदूराम नेताम एवम् डॉ सुभाऊ कश्यप, कांकेर में पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम और सुमित्रा मारकोले, दंतेवाड़ा में चैतराम अट्टमी और मोर्चा महामंत्री नंदलाल मुड़ामी, रायगढ़ में पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया सहित मोर्चा के सभी प्रमुख कार्यकर्ता अपने अपने जिलों में एफ्आईआर दर्ज कराने विशेष आजाक थाना पहुंचे।

## मिशन 2023 को लेकर बीजेपी की जिलास्तरीय बैठक आयोजित, केंद्र की योजनाओं के बल पर करेंगे प्रचार

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शुक्रवार को प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जिला जशपुर द्वारा जिला संगठन के प्रभारी गुरूपाल सिंह भल्ला के नेतृत्व में एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रोहित साय की अध्यक्षता में एवं रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय, बिलासपुर संभाग के संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय की उपस्थिति में जिला कार्यसमिति की बैठक कुनकुरी मंगल भवन में आयोजित की गई। सर्वप्रथम जिला भाजपाध्यक्ष रोहित साय ने बैठक को संबोधित करते हुए जिले में हुए संगठनात्मक कार्यो को विस्तार से बताया, उसके बाद जिला संगठन प्रभारी गुरूपाल भल्ला ने सभी मण्डल अध्यक्षों व मोर्चा के जिलाध्यक्षो से संगठनात्मक जानकारी लेते हुए कार्यसमिति गठन के बारे में पूछा और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही संगठन के कार्यो को मण्डल, बूथों व शक्तिकेन्द्रों तक ले जाने एवं कार्यसमिति में तय एजेंडे के आधार पर मण्डल व बूथ स्तर तक कार्यो को आगे बढ़ाने को कहा। साथ ही सरल पोर्टल के कार्य को भी जल्द ही पूरा करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद जिले के सह संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा।

**प्रदेश में अराजकता- रायः** बैठक को पूर्व खादी बोर्ड अध्यक्ष व बिलासपुर संभाग संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने संबोधित करते हुए कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य 2023 में पुनः भाजपा की सरकार बनाना है। प्रदेश में अराजकता की स्थिति है। हर तरह के माफिया का प्रदेश में राज है। कांग्रेस के शासन में ड्रग्स माफिया, जमीन माफिया, जंगल माफिया, सब तरह के माफिया पैदा हो गए हैं। कांग्रेस के नेताओं का एक ही सूत्र है किसी भी तरह से पैसा कमाना है। प्रदेश की जनता दुखी है, परेशान है। हम सभी को 15 साल के विकास कार्य व प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जाना है। केंद्र की भाजपा सरकार ने हर घर जल पहुँचाने के लिए, जल जीवन मिशन की शुरुवात की है। जिसका उद्देश्य 2022 तक हर परिवार को शुद्ध पानी पहुँचाना है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने प्रदेश के 11 लाख परिवारों को आवास देने के लिए अपने हिस्से की 60 प्रतिशत राशि तो दे दी परंतु राज्य की भुपेश सरकार ने अपना 40 प्रतिशत नही दे रही है।

**2 साल करें कड़ी मेहनत-सांसदः** बैठक को सांसद गोमती साय ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पास चुनाव की तैयारी के लिए 2 साल का समय बचा है, हमें प्रत्येक मण्डल के बूथ, शक्ति केन्द्र समिति को स य करना है। राज्य सरकार अपनी चुनावी वादों को निभाने में विफल हो चुकी है। धान का कटोरा कहे जाने वाले राज्य में किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। आगे सांसद साय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जब विपक्ष में थी तब कांग्रेसी नेता धान खरीदी 01 नवम्बर से शुरू कराने के बहाने हंगामा करते थे।

## एसपी की सख्त हिदायत, स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने के कार्य में लगे वाहन को पूरी तरह रखें फिट

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के दिशा निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय के मार्गदर्शन पर यातायात प्रभारी सूबेदार सौरभ चंद्राकर के नेतृत्व में शुक्रवा को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में एक दिवसीय स्कूली बच्चों की सुरक्षा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जे. के. प्रसाद के द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए उपस्थित सभी स्कूलों के प्राचार्य को बोर्ड परीक्षा से संबंधित, अपने स्कूलों में बच्चों को परिवहन करने वाली स्कूली बसें एवं अन्य वाहन जिसमें बच्चे को परिवहन करते हैं बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए विस्तारपूर्वक समझाईश दिया गया। यातायात प्रभारी सूबेदार सौरभ चंद्राकर के द्वारा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिले के सभी स्कूलों में संचालित स्कूली बसें एवं अन्य वाहन से स्कूली बच्चों को परिवहन करते हैं उन वाहनों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाईश दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों को पालन कराने सभी स्कूल बसें एवं अन्य वाहनों में जो खामियां है उसे पूर्ति करें और स्कूली बच्चों की सुरक्षा के संबंध में स्कूल बसों में सुरक्षा जाली, सीसीटीवी कैमरा, फास्टएड बॉक्स रखना एवं बसों के पीछे छोटा दरवाजा होना चाहिए। स्कूल गेट के पास स्टॉपर पर के माध्यम से जिक जैक लगाकर वाहनों की गति को धीमा करें एवं स्कूल के सीनियर बच्चों को ट्रैफिक वॉलिंटियर बनाकर गेट के पास स्कूल खुलने एवं बंद होने पर ट्राफिक व्यवस्था करने ,गेट के सामने सीसीटीवी कैमरा लगवाने, कैंपस में शिकायत पीटी रखने, स्कूलों में प्राथमिक उपचार सामग्री रखने, एवं आंतरिक शिकायत समिति गठन करने , एवं स्कूली बसों की चालक, परिचालक का वेरिफिकेशन कराना एवं उनका नाम पता मोबाइल नंबर इत्यादि रखने, आंतरिक शिकायत समिति का गठन करने ,18 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को वाहन चलाने न देने नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन को चलाते स्कूल आते देखने पर उनके पालकों को बुलवाकर समझाईश देवें और माह मैं कम से कम एक बार अभिभावकों का मीटिंग रखकर समझाईश देवें और किसी प्रकार की छेड़छाड़ होने पर रक्षा टीम पुलिस को सूचित करें इस संबंध में सभी स्कूल से आए प्राचार्य को विस्तार पूर्वक समझाईश दिया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, यातायात प्रभारी सूबेदार सौरभ चंद्राकार, फरसाबहार एसडीओ, जिला परिवहन अधिकारी जिला जसपुर एवं जिलों के 20 स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी-सीपत में बालिका सशक्तिकरण वॉलीबॉल प्रतियोगिता में फहराया परचम



**बिलासपुर।** एनटीपीसी-सीपत द्वारा मई 2019 और दिसंबर 2019 में आसपास के लक्षित गांवों के शासकीय प्राथमिक शाला के कक्षा 5वीं में पढ़ने वाली बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु चार सप्ताह के आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में उन्हें बुनियादी संचार कौशल, स्वच्छता और पोषण, संगीत, नृत्य, थिएटर, योग और खेल इत्यादि की जानकारी दिया गया था। उक्त कार्यशाला में प्रदर्शन के आधार पर अनुशंसित 9 बच्चों का प्रवेश एनटीपीसी सीपत टाउनशिप स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल के कक्षा 6वीं में कराया गया है। उनके शैक्षणिक खर्चों का वहन भी एनटीपीसी सीपत द्वारा किया जा रहा है। विद्यालय में उन्हें पाठ्येतर गतिविधियों के अलावा खेलों में भी भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। कुछ दिनों पहले जयरामनगर में ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें इन बच्चों ने न केवल भाग लिया अपितु कई टीमों को हराते हुये फ़ाइनल में भी विजयी हुये। बालिकाओं की इस उपलब्धि के लिए घनश्याम प्रजापति, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सीपत एवं विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

## विधायक गुलाब कमरो ने विधानसभा क्षेत्र को दी 1.19 करोड़ के विकास कार्यो की सौगात

पायनियर संवाददाता ◀ कोरिया
www.dailypioneer.com




सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्रधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक गुलाब कमरो ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र को बहुप्रतीक्षित विकास कार्यो की सौगात एक बार फिर से दिया है, उल्लेखनीय है की विधायक गुलाब कमरो ने सोनहत विकासखण्ड अंतर्गत 5 करोड़ 40 लाख के कार्यो का भूमिपूजन दो दिवस पूर्व ही किया था , इस सबन्ध में मिली जानकारी अनुसार सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक गुलाब कमरो के प्रस्ताव पर क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित में ध्यान रख विकास कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद से प्रावधानित राशि मे से 1 करोड़ 19 लाख की राशि पुनराबंटन की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमे ग्राम पंचायत डोढ़की-डोढ़की से झिरियाटोला में पुलिया निर्माण-2 लाख डोढ़की से बोदरीटोला में पुलिया निर्माण-2 लाख ग्राम पंचायत मुसरा-फूटाडाँड जुनहापारा सीसी सड़क निर्माण-5 लाख, ग्राम पंचायत बेनीपुरा-बेनीपुरा के केरहीनाला में पुलिया निर्माण-6 लाख ,ग्राम पंचायत चरखर-घोड़धरा से घसियापारा पहुँच मार्ग में पुलिया निर्माण- 5 लाख, ग्राम पंचायत माड़ीसरई -निर्मला घाट निर्माण-5 लाख , -ग्राम पंचायत कोईलरा-पोड़ी मुख्य सड़क से बस्ती की ओर सीसी सड़क निर्माण-5 लाख,ग्राम पंचायत मेण्ड्रा-मेण्ड्रा से परिहत मार्ग में घाट कटिंग-5 लाख,ग्राम पंचायत पिपरिया-हरिजनपारा(बरपारा) सीसी सड़क निर्माण-5 लाख,नगर पंचायत खोंगापानी-वार्ड नं 7 शेड निर्माण छठ घाट-5 लाख,ग्राम पंचायत कछार-ग्राम अंगवाही में शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार,ग्राम पंचायत-कोईलरा-ग्राम पोड़ी में शेड निर्माण-1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत लोहारी-नवापारा में सीसी सड़क निर्माण-5 लाख,ग्राम पंचायत भरतपुर-हरिजनपारा में सीसी सड़क निर्माण-5 लाख,ग्राम पंचायत चिडौला-सीसी सड़क निर्माण-5 लाख, ग्राम पंचायत कर्री-पंचायत भवन के पास सीसी सड़क निर्माण-5 लाख,ग्राम पंचायत हर्रा-बीरनारायण घर से आंगनबाड़ी केंद्र तक सीसी सड़क निर्माण-5 लाख,ग्राम पंचायत लाई-ग्राम अमृतधारा में रामेश्वर के घर की ओर नाली निर्माण-10 लाख,ग्राम पंचायत चरखर-जुनहापारा बेलगांव पहुँच मार्ग के पुलिया निर्माण-5 लाख ,ग्राम पंचायत बेला-हरिजनपारा में सीसी रोड निर्माण-5 लाख,ग्राम पंचायत कुवारपुर-ग्राम ककलेड़ी में पुलिया निर्माण-5 लाख,22-नगर पंचायत नई लेदरी-समुदायिक भवन निर्माण (पनिका समाज)-5 लाख,ग्राम पंचायत तंजरा-पुलिया निर्माण-5 लाख,ग्राम पंचायत शेरी-बरनाला में पुलिया निर्माण कार्य-10 लाख के विकास कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई है।

## राजभवन में संविधान की प्रस्तावना का किया गया वाचन



**रायपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर राजभवन में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, विधि अधिकारी आर.के. अग्रवाल, उप सचिव दीपक अग्रवाल, नियंत्रक हरवंश मिरी, डॉ. रूपल पुरोहित, डॉ. सुनीति मंगरूलकर, डॉ. शिशिर साहू, राज्यपाल के निज सचिव जितेन्द्र कुमार सोलंकी सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस प्रस्तावना में कहा गया है कि 'हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा इसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर 26 नवंबर 1949 को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।'




## एक ही परिवार के दो नौनिहाल बच्चे वाहन की चपेट में आए, मौत

**भाटापारा।** ग्राम सिंगापुर से 5 किलोमीटर दूर ग्राम लमती मे दिल दहला देने वाली दुर्घटना हुई जहां शुक्रवार दोपहर 1 बजे आँगनबाड़ी से होकर निकल रहे, एक ही परिवार के दो नौनिहाल मासूम बच्चे पिकअप गाड़ी के चपेट मे आ गये घटना इतनी दर्दनाक थी कि गाड़ी के सामने व पीछे के दोनो चक्के उनके शरीर पर चढ़ गए जिसके कारण दोनो मासूम बच्चे की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम भूमि निषाद पिता सोनू निषाद उम्र 6 साल व दूसरा मृतक का नाम कैलाश निषाद पिता सोनसाय उम्र 4 साल का बताया जा गया है। घटना के कुछ देर बाद पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर लिया है व गाड़ी का मलिक भी उसी परिवार का बताया जा रहा है। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है उक्त घटना के बाद गाँव मे तनाव का माहौल बना हुआ है।

## बिजली करंट से मृत गौवंश के पालको को मिला 2 लाख 70 हजार का मुआवजा, विधायक रामपुकार ने दिया चेक

पायनियर संवाददाता ◀ पत्थलगांव
www.dailypioneer.com



बीते महीने बिजली करंट लगने से 9 नग गौवंशो की मौत होने पर पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह ने पीड़ित पालकों के बीच चेक के माध्यम से 2 लाख 70 हजार रुपए का वितरण किया गया। विदित हो कि 21 मार्च को तरेकेला पंचायत के बघियालोंगरी मोहल्ले में शाम को गौ वंश चरकर घर लौट रहे थे तभी सड़क किनारे टूटकर गिरे करंट प्रवहुत तार की चपेट में आकर 9 नग दुधारू गौवंश की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मौके पर पीड़ित पालक तरेकेला पंचायत बघियालोंगरी निवासी राजेश पैंकरा,तोस साय पैंकरा, पुरुषोत्तम साय, प्रवित कुमार,सुकमती पैंकरा, देवसिंग ,सुभल साय, सुलेषा पैंकरा को 30 से 35 हजार रुपये प्रत्येक को कुल मिलाकर 2 लाख 70 हजार रुपए आठो हितग्राहियों को मुआवजा चेक राशि का वितरण किया गया ,इस मौके पर विधायक रामपुकार सिंह ने कहा कि बिजली करंट से गौवंशो की मौत अत्यंत दुखदायक है। कुछ राशि देकर इनकी दुखों को बांटा नहीं जा सकता, लेकिन इस राशि से परिवार को भरण पोषण में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि मवेशी के मौत पर 30 हजार एवं दुधारू गाय की मौत पर लगभग 33 हजार रुपए का मुआवजा देने का प्रावधान है उस दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता केके साव ने बताया कि मृत गौवंश के पालको के बीच मुआवजा की राशि चेक के माध्यम से दिया गया है। जिसमें तरेकेला पंचायत के आठ पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि वितरण किया गया। इस मौके ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरगोविंद अग्रवाल, बिजली विभाग के कार्यपालन यंत्री केके साव, राकेश कुजूर, ठेकेदार धनन्जय तिवारी, डुडुग जोर सरपंच शिवकुमार, बूढ़ा डाँड़ सरपंच मरियानुस समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403